संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, सोमवार 20 अप्रैल 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 20 अंकः 110 पृष्ठः 12

RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com

राष्ट्रीय संस्करण

दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group




हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी रविवार को करनाल में श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में आयोजित विशेष धर्म सभा में पहुंचे।

## मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की तैयारी में विपक्षः दोबारा नोटिस देंगे, मार्च में एक बार खारिज हो चुका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए विपक्ष एक बार फिर कोशिश में जुटा है। सूत्रों के अनुसार, कई विपक्षी दलों के नेता आपस में बातचीत कर रहे हैं। करीब पांच सीनियर लीडर एक नए नोटिस का मसौदा तैयार करने पर काम कर रहे हैं, ताकि हटाने की कार्यवाही शुरू की जा सके।

इससे पहले मार्च में विपक्ष ने ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए संसद में नोटिस दिया था। हालांकि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और राज्यसभा सभापति सीपी राधाकृष्णन ने इन नोटिसों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लगाए गए आरोप उन्हें हटाने के लिए आवश्यक उच्च संवैधानिक मानदंडों को पूरा नहीं करते।

**विपक्ष ने 200 हस्ताक्षर हासिल करने का लक्ष्य रखा**

नए नोटिस में विपक्ष कम से कम 200 सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है। इसकी बड़ी वजह हाल ही में लोकसभा में गिरा महिला आरक्षण संशोधन बिल है। लोकसभा में शुक्रवार को संविधान में 131वां संशोधन बिल वोटिंग के बाद गिर गया।



बिल के खिलाफ 230 सांसदों ने वोट डाला था।

**नियम के अनुसार 100 सांसदों के दस्तखत जरूरी**

लोकसभा में उएउ को हटाने के प्रस्ताव के लिए कम से कम 100 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं। राज्यसभा में इसके लिए कम से कम 50 सांसदों के हस्ताक्षर जरूरी होते हैं।

**विपक्ष एकजुट**

**नए नोटिस में विपक्ष कम से कम 200 सांसदों का समर्थन जुटाने की कोशिश कर रहा है**

**कानून के अनुसार प्रस्ताव मंजूर होने पर ही जांच समिति**

मुख्य चुनाव आयुक्त को उसी तरीके से हटाया जा सकता है जैसे सुप्रीम कोर्ट के जज को हटाया जाता है। अन्य चुनाव आयुक्तों को हटाने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश जरूरी होती है।

जजेज (इन्क्वायरी) एक्ट 1968 के अनुसार, अगर दोनों सदनों में एक ही दिन नोटिस दिया जाता है, तो जांच समिति तभी बनेगी जब दोनों सदनों में प्रस्ताव स्वीकार कर लिया जाएगा। इसके बाद लोकसभा स्पीकर और राज्यसभा चेयरमैन मिलकर एक संयुक्त जांच समिति बनाएंगे।

# टीएमसी ने लोगों को लूटने में पीएचडी कर ली हैः पीएम मोदी

टीएमसी के शासनकाल में युवा भर्ती, शिक्षकों की नियुक्ति और मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। साथ ही चक्रवातों से प्रभावित लोगों के लिए आवंटित राहत निधि का भी दुरुपयोग किया गया: मोदी

**चुनाव प्रचार**

**बंगाल का चुनाव भाजपा के लोग नहीं,, कार्यकर्ता नहीं... ये चुनाव तो बंगाल की मेरी जनता लड़ रही है: मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**मेदिनीपुरः** पीएम मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर में विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि टीएमसी के शासनकाल में युवा भर्ती, शिक्षकों की नियुक्ति और मध्याह्न भोजन कार्यक्रम में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ है। साथ ही चक्रवातों से प्रभावित लोगों के लिए आवंटित राहत निधि का भी दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने लोगों को लूटने में पीएचडी कर ली है। उन्होंने कहा कि इस बार मैं देख रहा हूं कि बंगाल का चुनाव भाजपा के लोग नहीं, भाजपा के उम्मीदवार और कार्यकर्ता नहीं... ये चुनाव तो बंगाल की मेरी जनता लड़ रही है, बंगाल के मेरे भाई-बहन चुनाव लड़ रहे हैं, बंगाल के नौजवान चुनाव लड़ रहे हैं, बंगाल के किसान और मजदूर चुनाव लड़ रहे हैं। मैं बंगाल में जहां भी जा रहा हूं-यही भाव देख रहा हूं, इसलिए आज टीएमसी के गुंडे डर से कांप रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर कोई कह रहा है कि इस बार हर अत्याचार का हिसाब होगा। इस बार पश्चिम बंगाल में सिर्फ एक ही स्वर सुनाई दे रहा है, गली-गली में सिर्फ एक ही नारा है, घर घर में एक ही संकल्प है- पलटानो दरकार, चाई भाजपा सरकार। उन्होंने कहा कि मैं आपको भरोसा दिलाने आया हूं कि भाजपा सरकार सबका साथ-सबका विकास करेगी, लेकिन अत्याचारियों और लुटेरों का पूरा हिसाब करेगी। चुन-चुन कर हिसाब लिया जाएगा। आप यहां भाजपा का सीएम बनाइए, फिर पीएम और सीएम मिलकर हर किसान के खाते में किसान सम्मान निधि के 9 हजार रुपए सीधे जमा किए जाएंगे। साथ ही बंगाल की मंडियों से टीएमसी के दलालों को भी भगाया जाएगा, ताकि किसानों को उपज के उचित दाम मिल सकें। ये मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन वाली सरकार नीली क्रांति का विस्तार करेगी। भाजपा सरकार बंगाल को मछली उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाएगी। पिछले दशक में भाजपा शासित राज्यों में मछली उत्पादन में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। बिहार में मछली उत्पादन दोगुना हो गया है, और ओडिशा में 150 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। हालांकि, बंगाल में पिछले दशक में मछली उत्पादन में अपेक्षित वृद्धि नहीं हुई है। इसका कारण टीएमसी की खराब नीतियां हैं।

पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी सिर्फ और सिर्फ अपने वोट बैंक की सगी है, घुसपैठियों की सगी है। बाकी इनको किसी से कोई लेना-देना नहीं है। बीते 2-3 दिनों में देश की संसद में टीएमसी का महिला विरोधी चेहरा भी साफ साफ नजर आया है। देश की बहन और बेटियों को संसद और विधानसभाओं में 33 प्रतिशत आरक्षण देने पर चर्चा हुई, लेकिन टीएमसी ने इस कानून को पारित नहीं होने दिया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में टीएमसी का महिला-विरोधी रुख खुलकर सामने आया है।



### टीएमसी ने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन नहीं कियाः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए संसद में चर्चा हुई। हालांकि, टीएमसी ने महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन नहीं किया। टीएमसी का मानना है कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं राज्य विधानसभा में उनसे सवाल करेंगी। महिला विधायकों की संख्या जितनी अधिक होगी, टीएमसी द्वारा महिलाओं के खिलाफ की गई हिंसा के कृत्यों के उजागर होने की संभावना उतनी ही अधिक होगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी बहनों-बेटियों के आरक्षण को रोक रही है, जबकि संसद में कानून बना है, लेकिन वह अपने वोट बैंक को धर्म के आधार पर आरक्षण देने लगी है। ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुस्लिम समाज को आरक्षण देने में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हालिया राष्ट्र संबोधन को लेकर राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है।

### ईरान का रुख साफ, अमेरिका उसके बंदरगाहों से हटे तभी खुलेगा होर्मुज

**तेहरान।** होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर गहराया संकट निकट भविष्य में हल होता नहीं दिख रहा। दुनिया ईरान और अमेरिका से जल्द ही इस मसले को सुलझाने की अपील करते-करते हार चुकी है। दूसरे दौर की बातचीत के करीब आए दोनों देशों के बीच अविश्वास और मतभेदों का दायरा और बढ़ गया है।

ईरान ने काफी हद तक अपना रुख स्पष्ट कर दिया है। ईरान ने बिना लाग लपेट के कहा कि वह होर्मुज जलडमरूमध्य को तभी खोलेगा, जब अमेरिका की सेना उसके बंदरगाहों की घेराबंदी खत्म कर लौट जाएगी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी रैलियों के दौरान पश्चिम बंगाल के झाड़ग्राम में झालमुड़ी की एक स्थानीय दुकान पर रुकते हैं और स्थानीय दुकान से झालमुड़ी खरीद का लोगों संग खाते हैं।

कहा- एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए; इन सड़कों पर भारी वाहन पार्किंग न हो

## सुप्रीम कोर्ट ने पूरे देश में रोडसेफ्टी निर्देश जारी किए

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए पूरे देश में कई गाइडलाइंस जारी की हैं। इन निर्देशों एक्सप्रेसवे जैसी सड़कों पर भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक भी शामिल है। कोर्ट ने कहा कि प्रशासनिक सुस्ती या इंफ्रास्ट्रक्चर की कमियों के कारण एक्सप्रेसवे खतरे का गलियारा नहीं बनने चाहिए।

जस्टिस जेके माहेश्वरी और जस्टिस एएस चांदुरकर की बेंच ने सड़क और परिवहन मंत्रालय, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण और राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के निर्देश दिए।

बेंच ने बताया कि नेशनल हाईवे भारत की कुल सड़क लंबाई का सिर्फ 2% हैं, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली कुल मौतों में इनका हिस्सा लगभग 30% है। ये निर्देश 13 अप्रैल को सामने आए। जहां कोर्ट 2 और 3 नवंबर 2025 को राजस्थान के फलोदी, तेलंगाना के रंगारेड्डी में लगातार हुई सड़क दुर्घटनाओं में 34 लोगों की मौत के बाद दर्ज केस पर सुनवाई कर रहा था। इन दुर्घटनाओं का कारण सिस्टम की लापरवाही और बुनियादी ढांचे का फेल्योर था, जिसके कारण ये मौतें हुईं।



**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पॉइंट्स में**

कोई भी भारी या कमर्शियल गाड़ी किसी भी नेशनल हाईवे के कैरिजवे या पक्के शोल्डर पर पार्क नहीं होगी, रुकेगी नहीं, सिवाय किसी तय जगह, ले-बाय, या सड़क किनारे की सुविधा वाली जगह के। निर्देश को लागू करने का काम एडवांस्ड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम के जरिए किया जाएगा। इसमें राज्य पुलिस को रियल-टाइम अलर्ट भेजना, टाइमस्टैम्प वाले फोटो सबूत और इंटीग्रेटेड ई-चालान बनाना शामिल है। राज्य पुलिस और राज्य परिवहन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को इन निर्देशों का पालन करना होगा।

### पहलगाम हमले की बरसी से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ी

**पहलगामः** पहलगाम आतंकी हमले की पहली बरसी से पहले कश्मीर भर के टूरिस्ट स्पॉट्स पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है। सभी सुरक्षा एजेंसियों को निर्देश दिया गया है कि वे पहलगाम हमले की बरसी पर टूरिस्ट स्पॉट्स के आस-पास, किसी भी संभावित आतंकी हमले को लेकर सतर्क रहें। पहलगाम आने वाले टूरिस्टों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। हर सर्विस प्रोवाइडर की जांच-पड़ताल की गई है। उन्हें रजिस्टर्ड किया है। उन्हें यूनीक दफकोड दिया गया है। इसमें व्यक्ति की निजी जानकारी और दूसरी डिटेल्स हैं। दरअसल, पिछले साल 22 अप्रैल को लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों ने पहलगाम की बायसरन वैली में 26 लोगों को गोली मारकर हत्या कर दी थी।

## महिला आरक्षण को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर उठाए सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** महिला आरक्षण पर 131 वां संविधान संशोधन विधेयक लोकसभा में गिरने के बाद सियासत तेज हो गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शनिवार शाम विपक्षी दलों पर लगाए गए आरोपों के बाद कांग्रेस ने पलटवार किया है। कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में सरकार से सवाल पूछे। उन्होंने कहा कि यदि सरकार महिला आरक्षण के पक्ष में है, तो 543 लोकसभा सीटों में एक-तिहाई यानी 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित क्यों नहीं की जा रही। उन्होंने कहा कि पूरा विपक्ष लगातार सरकार से मांग कर रहा है कि वह सदन में विधेयक लाकर महिला आरक्षण को प्रभावी बनाए और इसमें किसी प्रकार की शर्तें न रखे। विपक्ष इस मुद्दे पर सरकार का पूरा समर्थन करने को तैयार है।

## भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौते पर आज से होगी वार्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण पर तीन दिन की वार्ता के लिए भारत के लगभग एक दर्जन अधिकारी 20 अप्रैल को वाशिंगटन पहुंचेंगे। दोनों पक्ष उस समझौते पर फिर से विचार कर सकते हैं, जिसका मसौदा 7 फरवरी को जारी किया गया था। सूत्रों ने बताया कि यह बैठक 20-22 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी में होगी। भारत के मुख्य वातार्कार और वाणिज्य विभाग में अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन इस टीम का नेतृत्व कर रहे हैं। साथ ही सीमा शुल्क और विदेश मंत्रालय के अधिकारी भी भारतीय दल का हिस्सा होंगे। इसके अलावा अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि (यूएसटीआर) की जांच पर विचार-विमर्श हो सकता है। भारत ने व्यापार कानून की धारा 301 के तहत इन जांच में लगाए गए आरोपों को कड़ाई से खारिज करके जांच को खत्म करने का अनुरोध किया है। अमेरिका पुराने शुल्क ढांचे के अनुसार भारत पर शुल्क 50 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी करने पर सहमत हुआ था। उसने रूसी तेल खरीदने के लिए भारतीय वस्तुओं पर लगाए 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क को हटा दिया था।



**द्विपक्षीय व्यापार**

**रूसी तेल खरीदने के लिए भारतीय वस्तुओं पर लगाए 25 फीसदी अतिरिक्त शुल्क को हटा दिया था**

## विपक्ष ने महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में रोड़े अटकाने का काम कियाः सैनी



**टीम एक्शन इंडिया**

**रोहतकः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में संसद में विपक्ष ने "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" बिल को पास नहीं होने दिया और ऐसा करके सभी विपक्षी पार्टियों ने महिलाओं के अधिकारों के रास्ते में रोड़े अटकाने का काम किया है। अभी तक कांग्रेस ने महिलाओं को आरक्षण दिलाने के नाम पर केवल दिखावा किया है। मुख्यमंत्री रविवार को रोहतक में प्रेस कॉन्फ्रेंस को सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर पश्चिम दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल कौशिक समेत अन्य गणमान्य नेता उपस्थित थे। नायब सिंह सैनी ने कहा कि गत 16 व 17 अप्रैल को देश की सर्वोच्च पंचायत में विपक्ष ने "नारी शक्ति वंदन अधिनियम" बिल का विरोध करके हमारी बहन-बेटियों के हक पर डाका डाला है। लोकतंत्र के मंदिर, संसद में जो कुछ भी हुआ, वह न केवल अलोकतांत्रिक था, बल्कि हमारे देश की आधी आबादी के भविष्य पर एक बड़ा प्रहार था। इस प्रकरण ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टी.एम. सी. और डी.एम.के. जैसे विपक्षी दलों का असली चेहरा देश के सामने उजागर कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों ने एक बार फिर साबित कर दिया कि जब बात महिलाओं को अधिकार देने की आती है, तो उनका असली चरित्र महिला-विरोधी और सत्ता का लोभी हो जाता है। यह महिलाओं को उनका संवैधानिक अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक अवसर था, लेकिन विपक्ष ने इस अवसर को भी अपनी संकीर्ण राजनीति की भेंट चढ़ा दिया।

**विपक्ष पर बरसे**

**अभी तक कांग्रेस ने महिलाओं को आरक्षण दिलाने के नाम पर केवल दिखावा किया है : सीएम**

**फैसला लागू** — *हिमाचलः आयकर, एनपीएस, यूपीएस और जीपीएफ अंशदान सहित सभी वैधानिक कटौतियां पहले की तरह पूर्ण वेतन राशि पर ही लागू*

## अफसरशाही को इस माह से कम वेतन, 30-20 फीसदी वेतन स्थगित करने की अधिसूचना जारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राज्य की वित्तीय स्थिति को ध्यान में रखते हुए वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों सहित कई श्रेणियों के अफसरों के वेतन के एक हिस्से को छह महीने के लिए अस्थायी रूप से स्थगित करने का फैसला लागू कर दिया है। इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। यह स्थगन अप्रैल 2026 के वेतन से प्रभावी होगा जो मई 2026 में देय होगा। जारी अधिसूचना के अनुसार मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, पुलिस महानिदेशक, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, प्रधान मुख्य अरण्यपाल (एचओएफएफ), प्रधान मुख्य अरण्यपाल और अतिरिक्त प्रधान मुख्य अरण्यपाल स्तर के अधिकारियों के वेतन का 30 प्रतिशत हिस्सा अगले छह महीनों के लिए स्थगित रहेगा। वहीं सचिव, विभागाध्यक्ष, पुलिस महानिरीक्षक, उप महानिरीक्षक, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक स्तर तक के अधिकारी, मुख्य अरण्यपाल, अरण्यपाल और डीएफओ स्तर तक के अन्य वन अधिकारियों के वेतन का 20 प्रतिशत हिस्सा छह महीने के लिए स्थगित किया गया है। सरकार ने अधिसूचना में स्पष्ट किया है कि वेतन के देय और स्थगित हिस्से को ई-सैलरी प्रणाली और वेतन पर्चियों में अलग-अलग दिखाया जाएगा, जिससे प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे और संबंधित अधिकारियों को पूरी जानकारी मिलती रहे।

साथ ही यह भी कहा गया है कि स्थगित वेतन का हिस्सा पेंशन, अवकाश नकदीकरण और अन्य सेवा लाभों की गणना में शामिल माना जाएगा और इस संबंध में लागू नियमों के अनुसार ही इसका लाभ दिया जाएगा। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट किया गया है कि आयकर, एनपीएस, यूपीएस और जीपीएफ अंशदान सहित सभी वैधानिक कटौतियां पहले की तरह पूर्ण वेतन राशि पर ही लागू रहेंगी।



**स्थगित**

**डीएफओ स्तर तक के अन्य वन अधिकारियों के वेतन का 20 प्रतिशत हिस्सा छह महीने के लिए स्थगित किया गया**

### घरेलू सर्राफा बाजार में चमकी चांदी, 27 हजार रुपये तक बढ़ी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर चांदी ने एक बार फिर जबरदस्त छलांग लगाई है। रविवार को कारोबार में इस चमकीली धातु की कीमत में 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम से भी अधिक की तेजी आई है। चांदी के भाव में आए उछाल के कारण देश के अलग-अलग हिस्सों में चांदी आज 2,74,800 रुपये प्रति किलोग्राम से लेकर 2,80,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक के भाव पर बिक रही है। 10,100 रुपये प्रति किलोग्राम उछल गई, जिसके कारण ये चमकीली धातु आज 2,75,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है।



उत्तर भारत

ACTION INDIA

नई दिल्ली, 20 अप्रैल 2026

दैनिक एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com



# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में सिंहस्थ 2028 में दुनिया देखेगी सनातन का वैभवः मोहन

**उज्जैन में सिंहस्थ 2028 की तैयारी के अंतर्गत हुआ प्रथम लोकार्पण, मुख्यमंत्री ने किया हेलीपैड विश्राम गृह का लोकार्पण, सभी श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएँ मिले और पूर्ण सनातन वैभव के साथ सिंहस्थ महापर्व 2028 का सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन होगा**

**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन सिंहस्थ 2028 में दुनिया हमारे सनातन के वैभव को देखेगी। हमारा प्रयास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व स्तरीय इस आयोजन में सभी श्रद्धालुओं को सभी सुविधाएँ मिले और पूर्ण सनातन वैभव के साथ सिंहस्थ महापर्व 2028 का सांस्कृतिक, धार्मिक आयोजन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को परशुराम जयंती, अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर उज्जैन में सिंहस्थ 2028 के पहले कार्य के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उज्जैन शहर में कई विकास कार्य चल रहे हैं, जिनसे शहर की नई छवि उभरेगी और यह समृद्धि का प्रतीक बनेगा। उन्होंने ईश्वर से कामना की कि यहां के हर घर में सुख, शांति और वैभव बना रहे। इस अवसर पर उन्होंने एक करोड़ 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित हेलीपैड विश्राम गृह का फीता काटकर लोकार्पण किया। इस विश्राम गृह में ऑफिस कक्ष, आमजन से भेंट के लिए हॉल और पायलट के लिए भी कक्ष बनाए गए हैं। यह हेलीपैड उज्जैन सिंहस्थ 2028 में अतिथियों और जनप्रतिनिधियों के साथ आम जन को विशिष्ट अतिथियों के आगमन पर भेंट करने के लिए बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि हेलीपैड पर नवनिर्मित विश्रामगृह के लिए नगर निगम अध्यक्ष कलावती यादव द्वारा योजना क्रियान्वयन के लिए निगम मद से 85.00 लाख रुपये की स्वीकृत दी गई, जिससे उक्त भवन का निर्माण करवाया गया एवं आवागमन के लिए रास्ते तथा बाहय सौंदर्यीकरण के लिए 35.00 लाख रुपये की राशि नगर निगम द्वारा स्वीकृत की गई। कुल राशि 1.20 करोड़ लाख रुपये की लागत से भवन तथा बाह्य विकास सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। उक्त हेलीपेड एवं विश्राम गृह का निर्माण हो जाने से मुख्यमंत्री के उज्जैन आगमन पर अतिथि सत्कार के लिए आने वाले बहुविशिष्ट आगन्तुकों को एक वातानुकूलित परिसर मय बैठक व्यवस्था उपलब्ध होगी। साथ ही वरिष्ठ जनप्रतिनिधि तथा शासन, प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों की समीक्षा बैठक आदि का आयोजन भी हो सकेगा।





## पर्यावरण की रक्षा के लिए उपयोगी सिद्ध होगी मशीन

ये मशीनें पूरी तरह बैटरी संचालित हैं और शून्य उत्सर्जन के साथ कार्य करती हैं। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेडा, महापौर मुकेश टटवाल, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, एमआईसी सदस्य शिवेन्द्र तिवारी, कंपनी के वरिष्ठ प्रतिनिधि-निश्चल मेहरोत्रा (सीनियर वाइस प्रेसिडेंट), परेश अग्रवाल (जनरल मैनेजर, फाइनेंस एंड अकाउंट्स), अभिषेक वोहरा (एचआर हेड) तथा कंपनी के डीलर रमीज काजी उपस्थित थे। 820 टीई इलेक्ट्रिक व्हील लोडर पारंपरिक डीजल मशीनों की तुलना में कम शोर करता है, संचालन लागत को घटाता है और पर्यावरण को प्रदूषित नहीं करता।

सिंहस्थ 2028 को हरित एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को उज्जैन प्रवास के दौरान सिंहस्थ 2028 महापर्व को हरित एवं स्वच्छ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए नगर निगम को 2.25 करोड़ रुपये की लागत की इलेक्ट्रिक व्हील लोडर मशीन की चाबी प्रदान की। दरअसल, सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन में करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन होता है, जिससे स्वच्छता एवं प्रदूषण नियंत्रण एक बड़ी चुनौती बन जाती है। इस चुनौती से निपटने के लिए आधुनिक एवं पर्यावरण-अनुकूल तकनीकों को अपनाया जा रहा है। इसी क्रम में लियूगोंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड द्वारा अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल के अंतर्गत उज्जैन नगर निगम को लगभग 2.25 करोड़ रुपये मूल्य की 820 टीई इलेक्ट्रिक व्हील लोडर मशीन (3 इकाइयाँ) स्वीपिंग अटैचमेंट सहित प्रदान की गई है।

## स्वीपिंग अटैचमेंट के माध्यम से सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों की प्रभावी सफाई की जा सकेगीः सीएम मोहन



स्वीपिंग अटैचमेंट के माध्यम से सड़कों एवं सार्वजनिक स्थलों की प्रभावी सफाई की जा सकेगी, जो सिंहस्थ जैसे विशाल आयोजन के दौरान अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। यह पहल न केवल उज्जैन को ग्रीन एवं क्लीन सिटी के रूप में स्थापित करने में सहायक होगी, बल्कि पूरे देश के लिए एक आदर्श भी प्रस्तुत करेगी।

**मुख्यमंत्री ने जैन संत जिनेन्द्र महाराज से लिया आशीर्वाद**

इससे पहले मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन प्रवास के दौरान चिमनगंज कृषि उपज मंडी पहुंचकर जैन संत जिनेन्द्र महाराज से भेंट कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर जैन समाज ने मुख्यमंत्री का स्वागत-अभिननंदन भी किया। संत जिनेन्द्र महाराज धर्मदास गण के वर्तमान प्रवर्तक है। डूंगर, मालवा, राजस्थान इनका विचरण क्षेत्र रहता है। स्थानक वासी परंपरा के निष्ट संत हैं। अभी वर्तमान में अक्षय तृतीया महोत्सव के उपलक्ष्य में संत महाराज का प्रवास के दौरान कृषि उपज मंडी चिमनगंज में वर्षीतप पारणा महोत्सव पर आयोजित किया गया है।

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर विकास की राह पर अग्रसर : डा. मिड्ढा

**टीम एक्शन इंडिया**

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी के नेतृत्व में हरियाणा निरंतर विकास की राह पर अग्रसर है। जींद हरियाणा का दिल है और इसे मजबूत व विकसित बनाने का कार्य लगातार जारी रहेगा। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को भगवान परशुराम जयंती एवं अक्षय तृतीया के पावन अवसर पर जींद-सफीदों रोड के नवीनीकरण का शिलान्यास करने के बाद आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह परियोजना जींद के विकास में एक मील का पत्थर साबित होगी। आज का दिन अत्यंत पवित्र और शुभ है। एक लंबे समय की बहुत ही महत्वपूर्ण परियोजना का कार्य शुरू होना हम सभी के लिए गर्व की बात है। इस परियोजना के तहत जींद से सफीदों तक लगभग 41 किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा। जिसकी चौड़ाई करीब 10 मीटर होगी और इस पर लगभग 56 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि खर्च की जाएगी। यह सड़क क्षेत्र के विकास को नई गति देगी। डा. मिड्ढा ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान कुछ पेड़ों की कटाई होगी, उसके बदले में दोगुने पेड़ लगा कर पर्यावरण को सुरक्षित रखा जाएगा। इसके लिए सरकार द्वारा दूसरी जगह भूमि की व्यवस्था की जा चुकी है लेकिन अब सड़क के नवीनीकरण का कार्य शुरू हो चुका है और इसको समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। इस परियोजना के तहत शहर में सफीदों गेट से भगवान परशुराम चौक तक सीसी सड़क बनाई जाएगी। लाइट की व्यवस्था की जाएगी।



**विकास पर बल**

**जींद हरियाणा का दिल है और इसे मजबूत व विकसित बनाने का कार्य लगातार जारी रहेगाः डा. मिड्ढा**

जबकि आगे ब्लैक टॉप सड़क का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि इस सड़क को बनवाने के लिए लोगों की काफी लंबे समय से मांग थी, जिसको अब पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का कहना है कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है और सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ प्रदेश के विकास में जुटी हुई है। आज जींद जिला को नौ नेशनल हाइवे से जोड़ा जा चुका है।

# सचिन तेंदुलकर 22 अप्रैल को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा दौरे पर

**टीम एक्शन इंडिया**

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के लिए 22 अप्रैल का दिन खास होने जा रहा है। देश के महान क्रिकेटर के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर अपने परिवार के साथ दंतेवाड़ा जिले के दौरे पर पहुंचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी उनके साथ मौजूद रहेंगे। सचिन तेंदुलकर के आगमन को लेकर जिले में उत्साह का माहौल है। वे छिंदनार, पोटाली और जावंगा समेत कई स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान वे ग्रामीण और आश्रम स्कूलों के बच्चों, खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से सीधे संवाद कर उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करेंगे। जिला प्रशासन इस कार्यक्रम को लेकर तैयारियों में जुटा हुआं है। अधिकारियों का मानना है कि सचिन तेंदुलकर का यह दौरा जिले के बच्चों के लिए प्रेरणादायक साबित होगा और उन्हें खेल के क्षेत्र में आगे बढने की नई ऊर्जा देगा। उल्लेखनीय है कि दंतेवाड़ा में सचिन तेंदुलकर की संस्था के माध्यम से खेल गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। जिसके तहत जिले के 25 से अधिक स्कूलों और आश्रमों में खेल मैदान विकसित किए गए हैं और बच्चों को प्रशिक्षण की सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।




फरीदाबाद : इंदिरा-प्रियंका तक सिमटी कांग्रेस की राजनीति, आम महिला उपेक्षित : कृष्णपाल गुर्जर

# विश्व धरोहर दिवस पर रायपुर में सजी विरासत की अनोखी झलक, संरक्षण पर विशेषज्ञों का मंथन

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुरः** संस्कृति विभाग अंतर्गत पुरातत्त्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा शनिवार को विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय में चित्र प्रदर्शनी एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं संचालक पुरातत्व एवं संस्कृति विवेक आचार्य के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के वरिष्ठ इतिहासकार प्रो. रमेंद्रनाथ मिश्र, अतिथि वक्ता डॉ. राम सतीश पुसुपुलेटी तथा पवन जोशी द्वारा किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्वानों, शोधकताओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों की सहभागिता रही। संचालनालय द्वारा प्रतिवर्ष विश्व धरोहर दिवस पर ऐतिहासिक स्मारकों, सांस्कृतिक स्थलों एवं परंपराओं के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी प्रदर्शनी और व्याख्यान के माध्यम से विरासत संरक्षण का संदेश दिया गया।



# उप मुख्यमंत्री अरुण साव नगरीय निकायों के कार्यों की करेंगे समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव राजधानी रायपुर में दो दिनों तक मैराथन बैठक कर राज्य के सभी नगरीय निकायों के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

वे इस दौरान सभी निकायों में विकास कार्यों की प्रगति तथा योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी लेंगे। नगरीय प्रशासन विभाग ने सभी निगम आयुक्तों तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को अपने वरिष्ठ अभियंताओं के साथ बैठक में मौजूद रहने के निर्देश दिए हैं।

उप मुख्यमंत्री साव रायपुर के सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस कन्वेंशन-हॉल में 20 अप्रैल को सवेरे 10 बजे से प्रदेश के सभी नगर निगमों के कार्यों की समीक्षा करेंगे। वे दोपहर ढाई बजे से नगर पालिकाओं के कार्यों की समीक्षा करेंगे। श्री साव अगले दिन 21 अप्रैल को दिनभर संभागवार सभी नगर पंचायतों के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

# ग्रामीणों के प्रयास से उदयपुर की हीरा बावड़ी का हुआ कायाकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**उदयपुर।** उदयपुर के तितरड़ी क्षेत्र में वर्षों से उपेक्षा और कचरे का अंबार बनी हीरा बावड़ी की तस्वीर अब पूरी तरह बदल गई है। सार संवाद मंच और स्थानीय ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से रविवार को चलाए गए विशेष सफाई अभियान में बावड़ी को पूरी तरह साफ कर नया जीवन दिया गया। रविवार सुबह तितरड़ी और फांदा के ग्रामीण सुबह 7 बजे से ही सफाई कार्य में जुट गए। करीब चार घंटे तक चले इस अभियान में बावड़ी के भीतर जमा वर्षों पुराने कचरे को बाहर निकाला गया। इस दौरान प्लास्टिक की थैलियां, कांच की बोतलें और गहरे कीचड़ का बड़ा जमावड़ा मिला, जिसे हटाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। अभियान के दौरान लगभग तीन ट्रैक्टर कचरा बाहर निकाला गया। सफाई के बाद बावड़ी को पानी से अच्छी तरह धोया गया, जिससे उसका पुराना स्वरूप वापस उभरकर सामने आया। अब बावड़ी साफ-सुथरी नजर आने लगी है और वहां से आने वाली बदबू भी पूरी तरह समाप्त हो गई है।



**तस्वीर बदल गई**

**गंदगी के कारण इसका अस्तित्व खतरे में पड़ गया था। आसपास के लोग बदबू और गंदगी से काफी परेशान थे**

सार संवाद मंच के संयोजक अविचल दूबे ने बताया कि यह बावड़ी लंबे समय से उपेक्षित थी और गंदगी के कारण इसका अस्तित्व खतरे में पड़ गया था। आसपास के लोग बदबू और गंदगी से काफी परेशान थे।

# महाकुंभ में वायरल हुई मॉडल हर्षा रिछारिया ने लिया संन्यास



**टीम एक्शन इंडिया**

**उज्जैन।** प्रयागराज महाकुंभ में वायरल हुई सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, कंटेंट क्रिएटर और पूर्व मॉडल हर्षा रिछारिया ने रविवार को अक्षय तृतीया के अवसर पर मध्य प्रदेश के उज्जैन में संन्यास ले लिया। उन्हें उज्जैन के मौनी तीर्थ आश्रम में पंचायती निरंजनी अखाड़ा के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने संन्यास दीक्षा दी। अक्षय तृतीया के अबूझ मुहूर्त में रविवार को उज्जैन में मंगलनाथ स्थित गंगाघाट पर मौन तीर्थ पीठाधीश्वर सुमनाजी महाराज से विधि विधान से दीक्षा लेकर हर्षा रिछारिया को संन्यासी जीवन ग्रहण कराया। संन्यास परंपरा के अनुसार, उन्हें शिखा और दंड त्याग की विधि कराई गई। साथ ही तर्पण, पिंडदान और श्राद्ध कर्म भी कराए गए, जो पूर्व जीवन के त्याग और नए आध्यात्मिक जीवन की शुरूआत का प्रतीक माने जाते हैं। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद हर्षा रिछारिया ने संन्यास ग्रहण किया और उन्हें नया नाम स्वामी हर्षानंद गिरि दिया गया। इस अवसर पर आश्रम में संत, श्रद्धालु और अनुयायी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस मौके पर स्वामी हर्षानंद गिरि ने कहा कि यह उनके जीवन का नया अध्याय है। उन्होंने गुरुदेव के मार्गदर्शन में संन्यास का मार्ग अपनाया है और संकल्प लिया है कि वे अपना जीवन धर्म, संस्कृति और समाज की सेवा में समर्पित करेंगी और संन्यास की मयार्दा का पालन करेंगी। महामंडलेश्वर स्वामी सुमनानंद गिरि महाराज ने कहा कि संन्यास दीक्षा एक गहन और अनुशासित प्रक्रिया है। इसमें व्यक्ति अपने पूर्व जीवन का त्याग कर आध्यात्मिक पथ पर चलता है। मेरा सभी संन्यासियों से यही आग्रह रहता है कि वे संन्यास की गरिमा को कभी कलंकित नहीं होने दें।

**इन्फ्लुएंसर**

**स्वामी हर्षानंद गिरि के नाम से जानी जाएंगी हर्षा रिछारिया, संन्यास के बाद मिला नया नाम**

# महिला आरक्षण बिल को लेकर मोहन यादव ने विपक्ष पर साधा निशाना, प्रदेशभर में आंदोलन का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मप्र की राजधानी भोपाल में भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महिला आरक्षण बिल को लेकर संसद में हुए घटनाक्रम को निंदनीय और कष्टकारी बताया। उन्होंने विपक्ष पर महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाते हुए प्रदेश भर में आंदोलन और नारी शक्ति वंदन पदयात्रा निकालने की घोषणा की है। वे आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार-वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र इस समय एक निर्णायक दौर से गुजर रहा है और संसद में जो घटनाक्रम देखने को मिला, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने भावुक टिप्पणी करते हुए कहा, द्रौपदी का चीरहरण तो हमने 5000 साल पहले सुना था, लेकिन आज संसद में बहनों की इज्जत के साथ जिस तरह का व्यवहार हुआ, वह अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह ने इस बिल को लेकर शुरूआत से ही सभी दलों को सुझाव देने का अवसर दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी दलों को खुला पत्र लिखकर चर्चा के लिए आमंत्रित किया था, ताकि किसी को यह शिकायत न रहे कि उन्हें अपनी बात रखने का मौका नहीं मिला। इसके बावजूद विपक्ष के रवैये को उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना बताया। इस दौरान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रेखा वर्मा, मध्यप्रदेश शासन की कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया, प्रदेश शासन की राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर, पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अर्चना चिटनीस, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया एवं महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे और मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल भी उपस्थित रहे।

**निंदनीय**

**महिला आरक्षण बिल को लेकर संसद में हुए घटनाक्रम को निंदनीय और कष्टकारी बताया**



मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि महिला आरक्षण के मुद्दे पर अब भाजपा सरकार और संगठन जनता के बीच जाएगा। सोमवार से ह्लनारी शक्ति वंदन पदयात्राह्व शुरू की जाएगी, जोकि पूरे प्रदेश में चरणबद्ध तरीके से निकलेगी। इसके तहत सभी जिलों में प्रदर्शन होंगे और स्थानीय निकायों नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायत में निंदा प्रस्ताव पारित किए जाएंगे। इसके साथ ही मुख्यमंत्री का यह भी कहना था कि इस मुद्दे पर विधानसभा का एक दिवसीय विशेष सत्र बुलाने पर भी विचार किया जा रहा है, जिसमें विस्तृत चर्चा और निंदा प्रस्ताव लाया जाएगा। उन्होंने विपक्ष पर आरोप लगाया कि वह महिलाओं के अधिकारों को लेकर गंभीर नहीं है और राजनीतिक स्वार्थ के चलते इस मुद्दे को उलझा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2023 में जिस अधिनियम को सभी दलों ने समर्थन दिया था, अब उसी पर विपक्ष का रुख बदल गया है। ह्लजब चुनाव नजदीक थे, तब समर्थन किया गया और अब जब समय है तो विरोध किया जा रहा है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कांग्रेस पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उसने पहले भी महिलाओं से जुड़े मुद्दों, जैसे तीन तलाक पर गलत रुख अपनाया था। एक तरह से कांग्रेस ने महिलाओं के अधिकारों की लगातार अनदेखी की है। उत्तर-दक्षिण विवाद को लेकर उन्होंने कहा कि इसे बेवजह हवा दी जा रही है।

# भारत की सभ्यतागत शक्ति का आधार नारीः विजेंद्र गुप्ता

**भारत@2047**

विकसित भारत@2047 का लक्ष्य महिलाओं की समान भागीदारी और नेतृत्व के बिना संभव नहीं





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** नारी शक्ति, जिसे हमारी परंपरा में सरस्वती, लक्ष्मी और दुर्गा के रूप में देखा जाता है, भारत की सभ्यतागत शक्ति का आधार है" यह बात दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने किंग्सवे कैंप स्थित ब्रह्मा कुमारी, शांति भवन में आयोजित रन फॉर मदर अर्थ के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विकसित भारत@2047 का लक्ष्य महिलाओं की समान भागीदारी और नेतृत्व के बिना संभव नहीं है। कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागियों से संवाद करते हुए उन्होंने इस पहल को पर्यावरण जागरूकता, नागरिक उत्तरदायित्व और सामाजिक चेतना का एक सशक्त संगम बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के मंच युवाओं को राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के अनुरूप जागरूक, उत्तरदायी और उद्देश्यपूर्ण भूमिका निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवा महिलाओं की भागीदारी को उन्होंने सार्वजनिक जीवन में बढ़ती भागीदारी और नेतृत्व की दिशा में एक सकारात्मक संकेत बताया।

महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में गुप्ता ने संसद में हाल ही में प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक, 2026, जिसे नारी शक्ति वंदन अधिनियम के रूप में जाना जाता है, का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में इस विधेयक की प्रस्तुति महिलाओं के प्रतिनिधित्व को शासन व्यवस्था के केंद्र में लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। हालांकि, लोकसभा में इस विधेयक के पारित न हो पाने को उन्होंने दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए इसे महिलाओं के राजनीतिक प्रतिनिधित्व की दिशा में लोकतांत्रिक प्रगति का एक काला दिन करार दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को विधायी और निर्णय लेने वाली संस्थाओं में पर्याप्त प्रतिनिधित्व न मिलना संस्थागत सुधार की गति पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। गुप्ता ने जोर देते हुए कहा कि जब तक महिलाओं को समान प्रतिनिधित्व और प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित नहीं की जाएगी।

### 'महिला नेतृत्व समानता का विषय नहीं, बल्कि संतुलित और प्रभावी शासन के लिए अनिवार्य'



विजेंद्र गुप्ता ने स्पष्ट किया कि महिला नेतृत्व केवल समानता का विषय नहीं, बल्कि संतुलित और प्रभावी शासन के लिए अनिवार्य आवश्यकता है। युवा सशक्तिकरण पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि रन फॉर मदर अर्थ जैसे आयोजन एक जागरूक और जिम्मेदार पीढ़ी के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। विशेष रूप से युवा महिलाओं को अवसर, पहचान और नेतृत्व प्रदान करना एक सशक्त और भविष्य के लिए तैयार भारत के निर्माण की कुंजी है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए गए। गुप्ता ने आयोजकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और युवा सहभागिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को एक मंच पर लाना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार की पहलें समाज में सकारात्मक सहभागिता को बढ़ावा देंगी और एक समावेशी एवं प्रगतिशील राष्ट्र के निर्माण को सुदृढ़ करेंगी।

# वज्रपात 1.0 ऑपरेशनः 1000 से ज्यादा शराब की बोतलें जब्त

**अभियान**

अवैध शराब, हथियार और असामाजिक तत्वों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** शाहदरा जिला पुलिस ने अपराध पर नकेल कसने के लिए चलाए गए विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन वज्रपात 1.0 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब, हथियार और असामाजिक तत्वों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। 17 और 18 अप्रैल की दरम्यानी रात को विवेक विहार और सीमापुरी सब-डिवीजन में चलाए गए इस ऑपरेशन के दौरान 1000 से अधिक शराब की बोतलें और क्वार्टर जब्त किए गए, जबकि कई आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई की गई। शाहदरा जिले के पुलिस उपायुक्त राजेन्द्र मीणा ने रविवार को बताया कि इस ऑपरेशन का उद्देश्य अवैध शराब तस्करों, हथियार रखने वालों, जुआरियों, नशा तस्करों और अन्य अपराधियों पर सख्त कार्रवाई करना था। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि उनकी निगरानी में यह ऑपरेशन चलाया गया। जिसमें स्थानीय पुलिस के साथ स्पेशल स्टाफ, एंटी-नारकोटिक्स सेल, एएटीएस और तकनीकी सर्विलांस यूनिट्स ने संयुक्त रूप से हिस्सा लिया। कार्रवाई के दौरान आनंद विहार थाना क्षेत्र में एक आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया गया, जिसमें आरोपी अजय उर्फ लल्लू को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस के मुताबिक, आरोपित क्षेत्र का घोषित बदमाश (बीसी) है। इसके अलावा अवैध शराब के खिलाफ चलाए गए अभियान में तीन अलग-अलग एक्साइज एक्ट के तहत मामले दर्ज किए गए। आनंद विहार इलाके से 10 देसी शराब के क्वार्टर के साथ अजीत को पकड़ा गया, जबकि एक अन्य मामले में विकास कुमार के कब्जे से 8 शराब की बोतलें बरामद हुईं।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती बनी खतरा, 13 साल की बच्ची को पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया

**अपील**

अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल के बीच बच्चों की सुरक्षा को लेकर एक अहम मामला सामने आया है। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग (एएचटीयू) यूनिट ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 13 वर्षीय नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर उसके परिवार से मिलवा दिया। पुलिस की इस कार्रवाई ने न सिर्फ एक संभावित गंभीर अपराध को टाल दिया, बल्कि डिजिटल प्लेटफॉर्म्स के खतरों को भी उजागर किया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त पंकज कुमार ने रविवार को बताया कि यह मामला शाहबाद डेयरी थाना क्षेत्र का है, जहां 22 जनवरी को एक 13 वर्षीय बच्ची लापता हो गई थी। परिजनों की शिकायत पर 25 जनवरी को अपहरण का मामला दर्ज किया गया। बच्ची के लापता होने से परिवार और पुलिस दोनों के लिए चिंता बढ़ गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएचटीयू की टीम ने तत्काल जांच शुरू की। इंस्पेक्टर मनोज दहिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल प्रदीप, कांस्टेबल अशोक और महिला कांस्टेबल मिंटू की टीम ने तकनीकी सर्विलांस और फील्ड इंटेलिजेंस के जरिए बच्ची की तलाश शुरू की। जांच के दौरान टीम ने राजस्थान के सीकर इलाके में कई जगह छापेमारी की। आखिरकार पुलिस ने बच्ची को दिल्ली के सराय काले खां आईएसबीटी इलाके से बरामद कर लिया। जांच में सामने आया कि बच्ची की एक युवक से इंस्टाग्राम के जरिए दोस्ती हुई थी। बातचीत के दौरान दोनों के बीच संपर्क बढ़ा और 22 जनवरी को युवक दिल्ली आकर बच्ची को अपने साथ लेकर राजस्थान के सीकर चला गया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि यह मामला सोशल मीडिया के खतरों को लेकर एक बड़ा संकेत है, जहां अनजान लोग बच्चों का भरोसा जीतकर उन्हें गलत दिशा में ले जा सकते हैं। समय रहते पुलिस की सक्रियता से बच्ची को सुरक्षित बचा लिया गया। दिल्ली पुलिस ने इस घटना के बाद अभिभावकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखें और उनसे खुलकर बातचीत करें।

# द्वारका में मुठभेड़ः हत्या की कोशिश के दो आरोपित दबोचे एक

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** द्वारका जिले के छावला इलाके में हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे दो बदमाशों को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान एक आरोपित के पैर में गोली लगी, जबकि दूसरे को दबोच लिया गया। दोनों के पास से हथियार और वारदात में इस्तेमाल की गई बाइक बरामद हुई है। द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह ने रविवार को जानकारी देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को श्याम विहार फेज-2 इलाके में एक व्यक्ति की हत्या की कोशिश की गई थी। इस संबंध में छावला थाने में 18 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया। घटना में बाइक सवार दो बदमाशों ने शिकायतकर्ता पर नजदीक से गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पिस्टल में खराबी के कारण फायर नहीं हो सका। वारदात के बाद दोनों आरोपित फरार हो गए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए द्वारका जिला पुलिस की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड (एएटीएस) ने आरोपितों की तलाश शुरू की। इस बीच हेड कांस्टेबल मनीष को मिली सटीक सूचना के आधार पर 19 अप्रैल की सुबह करीब 5:35 बजे यूईआर के पास दोनों आरोपितों को घेर लिया गया। पुलिस के अनुसार, आरोपितों की पहचान 22 वर्षीय रॉकी और 24 वर्षीय सुमित उर्फ कोकी के रूप में हुई है। पुलिस ने जब उन्हें आत्मसमर्पण के लिए कहा तो रॉकी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। उसने तीन राउंड गोली चलाई, जिसमें एक गोली हेड कांस्टेबल मनीष की बुलेटप्रूफ जैकेट पर लगी।



कांग्रेस ने प्रदर्शन करते हुए महिला आरक्षण बिल को तुरंत 543 सीटों पर लागू करने की मांग की।


# दिल्ली के दिलशाद गार्डेन में 'संघ गंगा के तीन भगीरथ' नाटक का मंचन 21 अप्रैल को

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में दिल्ली के दिलशाद गार्डेन स्थित अवार्चीन इंटरनेशनल स्कूल में 21 अप्रैल को शाम 6 बजे से संघ गंगा के तीन भगीरथ नामक विशेष हिंदी नाटक का मंचन किया जाएगा। नाटक के निर्देशक संजय पेंडसे ने यह जानकारी दी। पेंडसे ने हिन्दुस्थान समाचार को बताया कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर पूरे देश में इस नाटक का मंचन किया जा रहा है। संघ गंगा के तीन भगीरथ नाटक संघ के प्रथम तीन सरसंघचालकों- डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार, माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) और बालासाहेब देवरस के जीवन एवं उनके योगदान पर आधारित है। उन्होंने बताया कि नाटक के माध्यम से संघ की सौ वर्षों की यात्रा को सजीव रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। पेंडसे ने बताया कि दिल्ली में इसके पहले 15 एवं 18 अप्रैल को अलग-अलग स्थानों पर नाटक का मंचन किया गया। उन्होंने बताया कि आज शाम 6 बजे श्यामाप्रसाद मुखर्जी कॉलेज में नाटक का मंचन किया जाएगा। दिल्ली में इसके बाद 21 अप्रैल के अलावा 22, 24, 25, 26 एवं 28 अप्रैल को भिन्न-भिन्न स्थानों पर नाटक के मंचन की योजना है।

**दिल्ली में कब और कहां होगा मंचन-**

- 21 अप्रैलः शाम 6 बजे, अवार्चीन इंटरनेशनल स्कूल

# नजफगढ़ एनडीपीएस मामले में भगोड़ा अपराधी गिरफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** फरार घोषित अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नजफगढ़ थाना क्षेत्र के एनडीपीएस एक्ट मामले में वांछित घोषित अपराधी धर्मेंद्र (37) को मुंडका टोल के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित लंबे समय से फरार चल रहा था और अदालत ने उसे हाल ही में भगोड़ा घोषित किया था। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त हर्ष इंदौरा ने रविवार को बताया कि धर्मेंद्र के खिलाफ नजफगढ़ थाने में वर्ष 2025 में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मामला दर्ज हुआ था। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपित कुंदन के पास से 2 किलो गांजा बरामद हुआ था। पूछताछ में कुंदन ने खुलासा किया था कि बरामद गांजा का सप्लायर धर्मेंद्र ही है। इसके बाद से वह लगातार फरार चल रहा था। मामले में द्वारका कोर्ट की विशेष एनडीपीएस अदालत ने 17 अप्रैल 2026 को धर्मेंद्र को भगोड़ा घोषित कर दिया था। इसके बाद उसकी गिरफ्तारी के लिए क्राइम ब्रांच की टीम ने तकनीकी निगरानी और मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया। पुलिस उपायुक्त के अनुसार इंस्पेक्टर गौतम मलिक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। पुलिस टीम ने 17 अप्रैल को एसआई कुलदीप को सूचना मिली कि धर्मेंद्र मुंडका टोल के पास आने वाला है। इसके बाद टीम ने मौके पर जाल बिछाया और तकनीकी सर्विलांस की मदद से आरोपित की लोकेशन ट्रैक कर उसे दबोच लिया। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित धर्मेंद्र का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है।

**मार्गदर्शन**

पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपित धर्मेंद्र का आपराधिक इतिहास काफी लंबा रहा है।

## सुल्तानपुरी में चाकूबाजी से नाबालिग की हत्या

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया, जहां कुछ नाबालिगों ने एक दूसरे नाबालिग की चाकू मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिग आरोपियों को पकड़ लिया है, जबकि अन्य की तलाश जारी है। बाहरी जिले के पुलिस उपायुक्त विक्रम सिंह ने मंगलवार को बताया कि 13 अप्रैल को थाना सुल्तानपुरी में पीसीआर कॉल प्राप्त हुई थी, जिसमें सूचना दी गई कि ई-2/238, सुल्तानपुरी निवासी एक लड़के को चाकू मार दिया गया है। घायल अवस्था में उसे तुरंत संजय गांधी मेमोरियल अस्पताल ले जाया गया।

# संगम विहार में गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का भंडाफोड़, 68 भारत गैस सिलेंडर बरामद



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** राजधानी में एलपीजी सिलेंडरों की जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए संगम विहार इलाके में अवैध गैस भंडारण और रिफिलिंग रैकेट का पदार्फाश किया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान 68 भारत गैस सिलेंडर बरामद किए हैं और इस मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच के पुलिस उपायुक्त संजीव यादव ने रविवार को बताया कि क्राइम ब्रांच (मध्य रेंज) को संगम विहार इलाके में गैस सिलेंडरों की अवैध जमाखोरी और रिफिलिंग की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर एसीपी सतेंद्र मोहन की निगरानी में इंस्पेक्टर महिपाल सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। टीम ने जी-2 ब्लॉक, संगम विहार स्थित एक मकान पर छापा मारकर दीपक (37) और श्याम (45) को रंगे हाथों पकड़ लिया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने कुल 68 एलपीजी सिलेंडर बरामद किए, जिनमें 36 भरे हुए, 29 खाली और 3 टूटे सील वाले सिलेंडर शामिल हैं। इसके अलावा गैस रिफिलिंग में इस्तेमाल होने वाला मोटर, दो नोजल वाली पाइप और इलेक्ट्रॉनिक तराजू भी जब्त किए गए।

जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपित अधिकृत भारत गैस एजेंसी के डिलीवरी मैन हैं और संगम विहार इलाके में गैस सप्लाई की जिम्मेदारी निभाते थे। आरोप है कि ये लोग एजेंसी से सिलेंडर लेने के बाद उन्हें ग्राहकों तक पहुंचाने के बजाय अपने घर के पास जमा कर लेते थे। पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपित भरे हुए सिलेंडरों से 1-2 किलो गैस निकालकर खाली सिलेंडरों में भरते थे और फिर इन्हें बाजार में अधिक कीमत पर बेचते थे।

# बलबीर पुंज के निधन पर आरएसएस ने जताया शोक, सरकार्यवाह ने दी श्रद्धांजलि



टीम एक्शन इंडिया
नई दिल्ली। प्रख्यात चिंतक, लेखक एवं पूर्व सांसद बलबीर पुंज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। संघ ने कहा कि उनके निधन से देश के सार्वजनिक जीवन को अपूरणीय क्षति पहुंची है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा कि बलबीर पुंज ने अपने लंबे सार्वजनिक जीवन में गंभीर अध्ययन, स्पष्ट विचार और जिम्मेदारीपूर्ण अभिव्यक्ति के माध्यम से समाज को दिशा देने का कार्य किया। समसामयिक विषयों पर उनके लेखन को सदैव गंभीरता और प्रामाणिकता के साथ देखा जाता रहा।

उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों, मित्रों और शुभचिंतकों को इस कठिन समय में धैर्य और शक्ति प्रदान करने की कामना की। उल्लेखनीय है कि बलबीर पुंज भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, प्रख्यात पत्रकार और स्तंभकार थे। भाजपा के दिग्गज नेताओं में शामिल रहे बलबीर पुंज पार्टी के उपाध्यक्ष भी रहे। युवावस्था में वह आरएसएस से जुड़ गए थे। उन्होंने साल 1971 में अपने पत्रकारिता कैरियर की शुरूआत की थी और पत्रकारिता में उनका करियर बेहद प्रभावशाली रहा। पुंज दो बार राज्यसभा के सदस्य रहे। पहली बार (2000 से 2006) उत्तर प्रदेश और दूसरी बार (2008 से 2014) तक ओडिशा से राज्यसभा के सदस्य रहे। इसके अलावा उन्होंने नेशनल यूथ कमिशन फॉर यूथ के अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया, जिसे केंद्र सरकार में राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त होता है।

# सोशल मीडिया पर भ्रामक सामग्री के खिलाफ चुनाव आयोग सख्त, कार्रवाई के निर्देश




**चुनाव प्रचार**

मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले के मौन अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार पर रोक रहेगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 5 राज्यों में विधानसभा चुनाव और 8 सीटों पर हो रहे उपचुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। आयोग ने कहा है कि सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000, आईटी नियम, 2021 तथा आदर्श आचार संहिता के प्रावधानों के तहत सभी संबंधित पक्षों को डिजिटल मंचों का जिम्मेदार और नैतिक उपयोग सुनिश्चित करना होगा।

चुनाव आयोग के अनुसार, किसी भी भ्रामक या कृत्रिम बुद्धिमत्ता द्वारा तैयार अथवा छेड़छाड़ की गई सामग्री पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स को तीन घंटे के भीतर कार्रवाई करनी होगी। साथ ही, राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और प्रचार से जुड़े प्रतिनिधियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि कृत्रिम रूप से तैयार या परिवर्तित सामग्री को स्पष्ट रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता जनित या डिजिटल रूप से परिवर्तित के रूप में चिह्नित किया जाए और उसके स्रोत की जानकारी भी दी जाए। आयोग ने बताया कि असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी और पश्चिम बंगाल में जारी विधानसभा चुनावों के दौरान सोशल मीडिया सामग्री की निगरानी की जा रही है। आचार संहिता का उल्लंघन करने वाली, कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली या मतदान प्रक्रिया को लेकर भ्रामक जानकारी फैलाने वाली सामग्री पर संबंधित प्राधिकारियों द्वारा कार्रवाई की जा रही है। चुनाव आयोग की तरफ से बताया गया है कि 15 मार्च को चुनाव की घोषणा के बाद से अब तक 11 हजार से अधिक आपत्तिजनक सोशल मीडिया पोस्ट और यूआरएल की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है। इनमें सामग्री हटाना, प्राथमिकी दर्ज करना, स्पष्टीकरण मांगना और खंडन शामिल हैं। इसके अलावा, आयोग ने जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के प्रावधानों को दोहराते हुए कहा कि मतदान समाप्त होने से 48 घंटे पहले के मौन अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के चुनाव प्रचार पर रोक रहेगी और सभी माध्यमों को इसका सख्ती से पालन करना होगा। आयोग ने बताया कि नागरिक, राजनीतिक दल और उम्मीदवार सी-विजिल माध्यम के जरिए आचार संहिता उल्लंघन की शिकायत दर्ज कर सकते हैं।

# वर्तमान में अहिंसा परमोधर्मः की भावना पहले से अधिक प्रासंगिकः मुख्यमंत्री

**धर्म सभा**

**अक्षय तृतीया व वर्षी तप पारणा पर्व की दी शुभकामनाएं, पीयूष ब्लाक अस्पताल के प्रथम तल का किया शिलान्यास**

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज जैन धर्म की मूल भावना-अहिंसा परमो धर्मः, पहले से अधिक प्रासंगिक है। यह दुनिया के विभिन्न संघर्षों, युद्धों और हिंसा के बीच शांति और प्रेम का संदेश दे रही है। इस धर्म का वर्षी तप पारणा पर्व आज युवा वर्ग के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायी है। यह आत्म नियंत्रण और धैर्य का महत्व समझाता है। यदि युवा पीढ़ी इन मूल्यों को जीवन में अपनाएं तो उनके व्यक्तिगत विकास के साथ-साथ समाज और राष्ट्र भी प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होंगे।

मुख्यमंत्री रविवार को करनाल में श्री आत्म मनोहर जैन आराधना मंदिर में आयोजित विशेष धर्म सभा में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने पीयूष ब्लॉक अस्पताल के प्रथम तल का शिलान्यास, दो पक्षी मीनारों व जीव सेवा केंद्र का उद्घाटन भी किया। उन्होंने अस्पताल में दाखिल मरीजों का हालचाल जाना व मंदिर में भगवान श्री घण्टाकर्ण महावीर की आराधना कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने समाजसेवियों को सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि आज अक्षय तृतीया है। आज ही भगवान परशुराम जी अवतरित हुए थे। आज वर्षी तप पारणा पर्व भी है। भगवान ऋषभ देव ने 400 दिनों के उपवास का गन्ने के रस से पारणा किया था।

उन्होंने प्रदेशवासियों को इन पावन दिवसों की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज वर्षी तप पारणा पर्व आराधना मंदिर में मनाया जा रहा है। यह हिन्दू, जैन तथा बौद्ध परंपराओं में सम्मानित स्थान प्राप्त महाप्रभावी घण्टाकर्ण महावीर देवता का तीर्थ है। यहां महाप्रभावी ओसिया माता का धर्मस्थल भी है। यहां गुरुदेव मनोहर मुनि का समाधि मंदिर आस्था का केन्द्र है। यहां हर महीने लोगों को जीवन जीने की कला के मार्गदर्शन के लिए आत्म शान्ति शिविरों का आयोजन किया जाता है।

उन्होंने कहा कि वर्षी तप पारणा पर्व महावीर दानवीर कर्ण की नगरी में



मनाया जा रहा है। महावीर कर्ण स्वयं महादानी और दृढ़ व्रती थे। इस नगरी में उनकी आध्यात्मिक तरंगें आज भी फैली हुई हैं। इसका प्रमाण यह है कि उनके सामने आज भी अनेक महादानी और दृढ़ व्रती बैठे हैं। उन्होंने कहा कि करनाल आने पर उन्हें यहां की समाज सेवी संस्थाओं से विशेष प्रेरणा मिलती है।

नायब सिंह सैनी ने कहा है कि प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व में भारत न केवल निरंतर प्रगति कर रहा है, बल्कि प्राचीन संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं को भी पूरी दुनिया में नई पहचान दिला रहा है। पिछले 11 वर्षों में देश में सांस्कृतिक संरक्षण और पुनरुद्धार के ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। उन्होंने भगवान श्री राम के भव्य मंदिर निर्माण, महाकालेश्वर कॉरिडोर, और काशी विश्वनाथ कॉरिडोर के विकास का उल्लेख करते हुए कहा कि यह सब प्रधानमंत्री की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में उस पवित्र स्थल का जीर्णोद्धार किया गया है, जहां भगवान श्री कृष्ण ने गीता का अमर संदेश दिया था। प्रधानमंत्री न केवल आधुनिक भारत के निर्माण में जुटे हैं, बल्कि गुरुओं और मुनियों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलकर भारत को विश्व गुरु बनाने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन धर्म में कठोर तप व त्याग का बड़ा महत्व है। जैन अनुयायी 14 सालों तक कठोर तप



करके मुनि बनता है। वर्षी तप का भी जैन धर्म की महान तप परंपरा में विशेष स्थान है। यह आत्म शुद्धि, संयम और त्याग का व्रत है। जैन धर्म ने सदियों से मानव मात्र को जीवन की सच्ची राह दिखाई है। तीर्थंकरों और मुनियों द्वारा स्थापित मूल्यों व सिद्धांतों को अपनाकर ही मानव सभ्यता फल-फूल रही है।

उन्होंने कहा कि संत गौरव पीयूष मुनि महाराज ने अपनी साधना के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, राष्ट्र निर्माण, जीव दया, प्रकृति संरक्षण आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम किया है।

उन्होंने कहा कि हरियाणा की पावन धरा पर जैन धर्म का बोलबाला रहा है। गुरुग्राम, रोहतक, फरीदाबाद, भिवानी और हिसार के क्षेत्र हजारों वर्ष पूर्व जैन संस्कृति से ओत.प्रोत रहे हैं। इन क्षेत्रों में मिले शिलालेख व तीर्थंकरों की प्रतिमाएं इस बात का प्रमाण हैं। आज भी प्रदेश के हर क्षेत्र में जैन मंदिर तथा स्थानक स्थित है। जैन समाज का प्रदेश के विकास में बड़ा योगदान है। सरकार राज्य में सभी धर्मों के सम्मान और विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं। सरकार का संकल्प है कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बुजुर्ग श्रद्धालु धन के अभाव में तीर्थ यात्रा से वंचित न रहें। इसी उद्देश्य से सरकार ने मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना चलाई हुई है। अब 5 मई को नांदेड़ साहिब के लिए कुरुक्षेत्र से ट्रेन भेजी जाएगी।

पीयूष मुनि जी महाराज ने कहा कि अक्षय तृतीया का दिन भारतीय संस्कृति में केवल एक तिथि नहीं, बल्कि यह त्याग, तपस्या और दान की पराकाष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता का अर्थ केवल भौतिक सुख-सुविधाओं, मनोरंजन या बाहरी दिखावे तक सीमित नहीं है। सच्ची आध्यात्मिकता हमारे भीतर के प्रकाश को जगाने और जनसेवा के मार्ग पर चलने में निहित है।

उन्होंने बताया कि भगवान ऋषभदेव ने 12 महीने तक निरंतर तपस्या की। उस समय लोग मुनि चर्या और भिक्षा की विधि से अनभिज्ञ थे। राजा होने के बावजूद, जब वे भिक्षा के लिए जाते, तो लोग उन्हें चांदी, मोती और कीमती वस्तुएं भेंट करते थे, जिन्हें वे स्वीकार नहीं करते थे, 12 महीने के लंबे अंतराल के बाद, उनके पौत्र श्रेयांश कुमार ने देवी प्रेरणा से उन्हें इक्षु रस (गन्ने का रस) आहार के रूप में प्रदान किया, जिससे उनका पारणा (तपस्या का समापन) हुआ। यह घटना हमें सिखाती है कि सही समय पर किया गया निस्वार्थ दान और सेवा का कितना बड़ा मूल्य होता है।

उन्होंने बताया कि ज्योतिषीय दृष्टि से भी अक्षय तृतीया का महत्व अद्वितीय है। जहां अन्य तिथियां चंद्रमा की गति के साथ घटती-बढ़ती हैं, वहीं अक्षय तृतीया का पुण्य कभी क्षय नहीं होता। इसीलिए इसे सभी मंगल कार्यों के लिए सर्वाधिक शुभ माना गया है।

इस मौके पर इंद्री के विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप, करनाल के विधायक जगमोहन आनंद, असंध के विधायक योगेंद्र राणा, पीयूष मुनि जी महाराज, संयमेश मुनि जी महाराज, नगर निगम की मेयर रेणू बाला गुप्ता, जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा, पूर्व मंत्री कविता जैन, प्रशासन की ओर से उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा, पुलिस अधीक्षक नरेंद्र बिजारणिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## मीडिया क्लब ने यूथ क्रिकेट क्लब से क्रिकेट मैच में जीती 5 जीरो से श्रृंखला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। मीडिया क्लब ने आज फिर यूथ क्रिकेट क्लब को श्री बालाजी क्रिकेट ग्राउंड में खेली गई पांच मैचों की क्रिकेट श्रृंखला के अंतिम पांचवें मैच में 4 विकेट से हराते हुए पांच मैचों की सीरीज में जीत हासिल की। मीडिया क्लब के खिलाड़ी मनोज गुप्ता के नेतृत्व में खेली गई इस पांच मैचों की श्रृंखला में कल्ब के सभी खिलाडि ?ों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए श्रृंखला के सभी पांच मैचों को जीतने में सफलता हासिल की जिसके लिए मीडिया क्लब अध्यक्ष डा. अशोक कुमार ने सभी खिलाडि ?ों को अपने बेहतरीन प्रदर्शन के लिए सभी खिलाडि ?ों को बधाई दी।

आज खेले गए श्रृंखला के पांचवें मैच में मीडिया क्लब ने यूथ क्रिकेट क्लब पर 4



विकेट से जीत हासिल की यूथ क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपने निर्धारित 20 ओवरों में 10 विकेट खोकर कर 158 रन बनाए, जबकि दूसरी और मीडिया क्लब ने 17.4 गेंदों में 6 विकेट खोकर इस आसान मैच में जीत हासिल करने में सफलता हासिल की।

मीडिया क्लब की ओर से खेलते हुए खिलाड़ी संजय बामल ने 17 गेंदों में 35 रन बनाए और वह अंत तक आउट नहीं हुए और मीडिया क्लब की ओर से खेलते हुए क्लब के खिलाड़ी स्वीकार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अपने 4 ओवरों में 30 रन देकर 3 खिलाडि ?ों को आउट करने में सफलता हासिल की, जबकि दूसरी और यूथ क्रिकेट क्लब के खिलाड़ी सावन चौधरी ने बेहतरीन बैटिंग का प्रदर्शन करते हुए 45 रन की शानदार पारी खेली।

यूथ क्रिकेट क्लब के साथ खेली गई पांच मैचों की इस श्रृंखला की जीत पर मीडिया क्लब अध्यक्ष डा.अशोक कुमार ने टीम के सभी खिलाडि ?ों को बधाई देते हुए कहा कि श्रृंखला की इस जीत के लिए सभी खिलाड़ी इसके लिए बधाई के पात्र हैं

## पार्क में मिला ट्रक ड्राइवर का शव, दवा लेने गया था

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। जिले के सेक्टर-4 स्थित एक पार्क में एक व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोच्युरी हाउस भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि मृतक ट्रक ड्राइवर था और परिवार से अलग रहने के कारण ट्रक यूनियन में ही रहकर अपना गुजारा करता था।

पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। बता दे कि मृतक की पहचान 40 वर्षीय सुखविंद्र उर्फ सूखा निवासी अंबाला के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि परिवार द्वारा बेदखल किए जाने के बाद वह करनाल में ट्रक यूनियन में ही रहने लगा था।

मृतक के सहकर्मी रामशरण ने बताया कि सूखा दो साल पहले तक ट्रक चलाता था

## नरवाना अनाज मंडी में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना जारी, 20 अप्रैल को घेराव का ऐलान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 19 अप्रैल राहुल**

नई अनाज मंडी नरवाना में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना रविवार को भी जारी रहा। धरने का नेतृत्व अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के राज्य अध्यक्ष मास्टर बलबीर सिंह कर रहे हैं।

धरने को संबोधित करते हुए मास्टर बलजीत सिंह माण्डी ने कहा कि मौजूदा सरकार की बेरुखी, जनविरोधी नीतियों और वायदा खिलाफी के कारण किसानों को बार-बार सड़कों पर उतरना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों का सीधा असर किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ रहा है, जिससे किसान लगातार कमजोर होता जा रहा है।

वक्ताओं ने कहा कि देश इस



समय गंभीर दौर से गुजर रहा है और सरकार के फैसले अंतरराष्ट्रीय दबाव में लिए जा रहे हैं। उन्होंने सीड बिल, सीजफायर, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते, चाबहार बंदरगाह और कच्चे तेल की खरीद जैसे मुद्दों पर सरकार की नीतियों की आलोचना की।

किसान नेताओं ने ऐलान किया कि संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के निर्णय अनुसार 20 अप्रैल को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक प्रदेशभर में मार्केट कमेटी कार्यालयों का घेराव किया जाएगा।

**न्यूज फ्लैश**

### युवक की हत्या पर करनाल-कैथल हाईवे जाम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल**। जिले में मर्डर केस में जमानत पर आए युवक की हत्या के विरोध में परिवार ने रविवार को कैथल हाईवे पर जाम लगा दिया। ग्रामीण बीचोंबीच ट्रैक्टर खड़े कर शव भी हाईवे पर ही रखकर बैठ गए, जिसके बाद मौके पर लंबा जाम लग गया।

सूरज के पिता कर्मबीर ने कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होगी, बेटे के शव का अंतिम संस्कार नहीं करेंगे। परिजनों ने गांव के 5 लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर पुलिस के अधिकारी परिवार को समझाने में जुटे हैं।

शनिवार देर रात सूरज की बाइक सवार तीन बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। आरोपियों ने सूरज के सिर और माथे पर पॉइंट ब्लैंक से फायर किया, जिसके बाद सूरज ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिजन देर रात ही सूरज का शव गोंदर गांव ले आए थे। रविवार दोपहर को ग्रामीणों के साथ परिजन कई ट्रैक्टरों में निसिंग पहुंचे और उन्होंने कैथल रोड पर गुरुद्वारा चौक पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना मिलने पर निसिंग थाना पुलिस और डीएसपी गोरखपाल राणा परिजनों को समझाने पहुंचे।

सूरज के पिता कर्मबीर ने कहा कि 6 साल पहले जिस युवक की मौत हुई थी, उस मामले में प्रशासन ने सभी बदमाशों को हथियार के लाइसेंस दे रखे हैं। इन बदमाशों ने हमारे समाज के बच्चों का उनकी गली से निकलना मुश्किल कर रखा है। वे गांव में सरेआम बदमाशी करते हैं। जिन्होंने सूरज की हत्या की, उनका एनकाउंटर होना चाहिए।

कर्मबीर ने आगे कहा कि कपिल मर्डर केस में जो युवक जेल में बंद हैं, उन्हें प्रशासन रिहा करे। इन बदमाशों ने हमारे परिवार के जिन 7-8 बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रखी है, उन्हें भी तुरंत गन का लाइसेंस मिलना चाहिए। परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 50 लाख मुआवजा दिया जाए। अगर उनकी ये मांगें पूरी नहीं होती हैं, तो वे सडक से नहीं उठेंगे। गोंदर गांव निवासी शुभम ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मजदूरी करता है। छोटा भाई सूरज 18 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे अपनी मोटरसाइकिल लेकर गांव में किसी काम से गया था। करीब 6.30 बजे उसे सूचना मिली कि गोंदर चौक से गांव की तरफ आने वाली गली में लाला सुमेर चंद की दुकान के पास उसके भाई को गोली मारी गई है। शुभम ने बताया कि वह तुरंत मौके पर पहुंचा, जहां उसके पिता कर्मबीर सिंह और अन्य ग्रामीण मौजूद थे। वहां पता चला कि पुरानी रंजिश के चलते गुरप्रीत, कुलदीप, अनुराग, विक्रम और मोनू ने अपने साथियों के साथ मिलकर साजिश के तहत सूरज पर गोलियां चलाई। ह्य

### युवक से 2.13 लाख रुपए की ठगी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल**। सेक्टर-6 में रहने वाले एक युवक से 2.13 लाख रुपए की साइबर ठगी का मामला सामने आया है। आरोपी ने खुद को परिचित बताकर मदद के बहाने पहले विश्वास जीता, फिर फर्जी बैंक रसीद और हेल्पलाइन कॉल के जरिए झांसे में लेकर अलग-अलग किश्तों में पैसे ट्रांसफर करवा लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सेक्टर-6 निवासी किशोर कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 2 अप्रैल को सुबह करीब 10 बजे उसे एक मोबाइल नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को उसका दोस्त रामपाल बताया और कहा कि वह अमेरिका में है। उसने बताया कि उसकी एक दोस्त की माता मुंबई में बीमार है और तत्काल पैसों की जरूरत है। इसके बाद आरोपी ने व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू कर दी।

आरोपी ने किशोर कुमार से उसका आईसीआईसीआई बैंक खाता और आईएफएससी कोड मांगा। इसके बाद आरोपी ने 16 लाख 30 हजार रुपए की फर्जी बैंक रसीद व्हाट्सएप पर भेज दी और कहा कि यह राशि उसके खाते में 24 घंटे में आ जाएगी।

## नरवाना पुलिस की सतर्क कार्रवाईः 10 लीटर लाहन सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 19 अप्रैल राहुल**

जिला जींद में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नरवाना पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पुलिस अधीक्षक जींद कुलदीप सिंह के कुशल मार्गदर्शन में थाना सदर नरवाना पुलिस ने 10 लीटर लाहन अवैध शराब सहित एक आरोपी को काबू किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना सदर नरवाना के प्रभारी उप निरीक्षक कमल सिंह के नेतृत्व में चौकी दनौदा की पुलिस टीम गांव सैथली क्षेत्र में गश्त एवं अपराध जांच के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नहर पटरी दनौदा कलां व सैथली के बीच पर अवैध शराब लेकर आ रहा है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर नाकाबंदी की। कुछ ही समय बाद एक संदिग्ध व्यक्ति सफेद रंग की प्लास्टिक कैनी लेकर आता दिखाई दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे रोककर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम होशियार निवासी दनौदा कलां बताया। नियमों के तहत तलाशी लेने पर आरोपी के पास से 10 लीटर नाजायज लाहन बरामद हुई। आरोपी इस संबंध में कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने बरामद शराब को सील कर अपने कब्जे में ले लिया। इस मामले में आरोपी के खिलाफ थाना सदर नरवाना में हरियाणा आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस द्वारा आगे की कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में अवैध शराब तस्करी व अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने के लिए अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने गौशालाओं को वितरित की आर्थिक सहायता

**गौसेवा व गौपूजा**

**बेदी ने कहा है कि सनातन में आदिकाल से ही गौपूजा का महत्वपूर्ण स्थान रहा है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 19 अप्रैल राहुंल**

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि सनातन में आदिकाल से ही गौसेवा और गौपूजा का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। इसी मूल आदर्श की पालना करते हुए राज्य सरकार ने गौ संवर्धन तथा गौसेवा आयोग का गठन किया है।

आयोग का उद्देश्य प्रदेश में गौ संवर्धन को बढ़ावा देना और उन्हें सुरक्षित जीवन प्रदान करना है और यह जिम्मेदारी सरकार द्वारा बखूबी निभाई जा रही है।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने शनिवार सायं नरवाना के



पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में गौशाला संचालक समितियौ से मुलाकात करते हुए यह विचार व्यक्त किये। मौके पर कैबिनेट मंत्री ने श्री कृष्णा गौशाला समिति बरटा को 2 लाख 92 हजार 560 रुपए तथा जय बाबा खाकनाथ गौशाला समिति कोयल को 1 लाख 39 हजार 380 रुपए के चेक भी वितरित किये। कैबिनेट मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार गौवंश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। प्रदेश में स्थापित गौशालाओं का सही रूप से संचालन हो, इसके लिए सरकार समय-समय पर संचालन समितिंयौ को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश भर की गौशालाओं को आर्थिक मजबूती और आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से वर्तमान बजट में आयोग के लिए बाकायदा 575 करोड रुपए की धनराशि का प्रावधान किया हुआ है। इसके तहत साल में हर तिमाही के बाद प्रत्येक गौशाला को आवश्यकता अनुसार आर्थिक मदद दी जाती है।

इसके अलावा आयोग द्वारा गौशाला में प्रत्येक नंदी के लिए प्रतिदिन 25 रूपए, गाय के लिए 20 रूपए और बछड़े के लिए 10 रुपए की दर से सहायता राशि निर्धारित की गई है।

कैबिनेट मंत्री ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार गौसेवा को धार्मिक आस्था के साथ-साथ सामाजिक और आर्थिक जिम्मेदारी के रूप में भी देखती है और इसे गौसेवा आयोग और गौशाला संचालक समितियौ के परस्पर समन्वय के साथ निभाया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में गौ हत्या पर भी प्रतिबंध को शक्ति से लागू किया गया है। गौवंश की सुरक्षा, संवर्धन और संरक्षण सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कैबिनेट मंत्री ने गौशाला संचालकों से भी अनुरोध किया कि वे सरकार द्वारा प्रदान की जा रही राशि का ईमानदारी के साथ सदुपयोग करें ताकि सही अर्थों में गौसेवा, गौपूजा और गौसुरक्षा की परिकल्पना साकार हो सके। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसवीर नैन तथा गौशाला समितिंयौ के पदाधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## पिपली में अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**पिपली 19 अप्रैल (विजय कौशिक)** : आज भगवान परशुराम सेवा समिति पिपली द्वारा कस्बा पिपली में अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जयंती का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन यज्ञ से हुई, जिसके पश्चात भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सर्वसमाज के लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

कार्यक्रम में पेहवा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी जयभगवान शर्मा (डीडी) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वे हर वर्ष इस आयोजन में आते हैं और पिपली समिति से उन्हें सदैव स्नेह व




सानिध्य मिलता रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम जैसे महापुरुष केवल एक समाज के नहीं, बल्कि पूरे मानव समाज के प्रेरणास्रोत हैं। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, भाईचारा और प्रेरणा का संदेश मिलता है। इस अवसर पर डॉ. राजीव अत्रे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के प्रधान शशि शर्मा ने कहा कि युवा पीढ़ी को महापुरुषों की जीवनी से अवगत कराना समय की आवश्यकता है।

वहीं समिति के सचिव अशोक शर्मा ने बताया कि इस आयोजन की शुरूआत छोटे स्तर से हुई थी, लेकिन आज यह पूरे पिपली क्षेत्र का सामूहिक उत्सव बन चुका है।

मंच संचालन करते हुए अजय शर्मा ने कहा कि आज देश-विदेश में भगवान परशुराम जयंती बड़े स्तर पर मनाई जा रही है। उन्होंने सामाजिक सौहार्द और आपसी सम्मान बनाए रखने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान कौलापुर गांव की निवासी एवं जवाहर नवोदय विद्यालय की छात्रा सुनिधि शर्मा, जिसने कक्षा 10वीं में 98% अंक प्राप्त किए, को प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया। साथ ही उन्होंने सभी समाज के लोगों से अपील करते हुए कहा कि बेटा-बेटी एक समान है दोनों को ही शिक्षित करना हमारा दायित्व है। सुनिधि ने आगे अपने लक्ष्य के बारे में बताया कि उनकी इच्छा आईएएस बनने की है। जय भगवान शर्मा ने कहा कि बेटा आप अपने लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ो ब्राह्मण समाज आपके साथ है।अगर मेरी कहीं कोई जरूरत पड़े तो मैं आपके साथ खड़ा मिलूंगा।

इस अवसर पर सतपाल शर्मा (उपप्रधान), जयप्रकाश शर्मा (खजांची), किरण शर्मा, विजय शर्मा, सतीश शर्मा, सुधीर शर्मा, मास्टर रामनिवास शर्मा, धन्ना राम शर्मा, डॉ. सुरेश शर्मा, आनंद शर्मा, राकेश शर्मा, राजेश शर्मा, विकास शर्मा, रोहतास शर्मा, विवेक भारद्वाज (डब्बू), हरिकेश जोशी, इंद्र शर्मा, रामपाल शर्मा, अश्वनी शर्मा, भीमराज शर्मा, रविंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा (सिरसमा), वीरेंद्र शर्मा, जी.डी. कौशिक, रोशन लाल, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र शर्मा, प्रेम गौतम, मनीष कौशिक, राजीव शर्मा, अरुण शर्मा, राकेश गौतम, केवल कृष्ण छाबड़ा, पार्षद पंकज खन्ना, पार्षद दुष्यंत हरयाल, श्रीकांत शर्मा, हरमेश सैनी, गुरमीत (पूर्व सरपंच), नसीब सिंह, जाफर अली सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## हाइवे पर 9 वाहन भिड़े, श्रद्धालुओं से भरी 2 बसें भी शामिल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिले के नेशनल हाईवे पर तरावड़ी के पास रविवार को बड़ा सडक हादसा हो गया। दिल्ली से पंजोखरा गुरुद्वारा जा रही श्रद्धालुओं से भरी दो बसों समेत कुल 9 वाहन आपस में टकरा गए। हादसा उस समय हुआ जब सबसे आगे चल रही कार ने अचानक ब्रेक लगा दिए, जिससे पीछे आ रहे वाहनों का संतुलन बिगड़ गया और एक के बाद एक टक्कर होती चली गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने




क्षतिग्रस्त वाहनों को हटवाकर रास्ता बहाल करवाया।

श्रद्धालु कुलविंद्र सिंह ने बताया कि सबसे आगे एक कार ने अचानक ब्रेक लगाए। उसके पीछे चल रही दो कारों ने भी ब्रेक लगाकर खुद को बचाने की कोशिश की और वे आगे टकराने से बच गईं। लेकिन पीछे आ रही बस समय पर नहीं रुक सकी और कार से टकरा गई। इसके पीछे चल रही दूसरी बस भी पहली बस से जा भिड़ी। वहीं, बसों के पीछे आ रही एक टैक्सी भी इस हादसे में टकरा गई।

हादसे के बाद बसों में सवार श्रद्धालुओं में चीख-पुकार मच गई। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। हादसे में 2 से 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जबकि 8 से 10 सवारियां घायल बताई गई हैं। सभी घायलों को तुरंत इलाज के लिए करनाल के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

हादसे की सूचना तुरंत डायल-112 पर दी गई।

## संपादकीय

# स्टार्टअप की दुनिया और आज का नया भारत

**भारत** आज एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहां नवाचार और उद्यमिता राष्ट्र निर्माण की धुरी बन चुकी हैं। देश में स्टार्टअप्स की तेजी से बढ़ती संख्या, उनके द्वारा सृजित रोजगार और वैश्विक स्तर पर उनकी पहचान इस बात का प्रमाण है कि भारत एक नए ह्यआर्थिक युगह्ल में प्रवेश कर चुका है। इस संदर्भ में कहना होगा कि 16 जनवरी 2016 को शुरू की गई स्टार्टअप इंडिया पहल ने इस परिवर्तन को दिशा और गति प्रदान की है। इस पहल का उद्देश्य एक ऐसा मजबूत इकोसिस्टम तैयार करना था, जहां नए विचारों को पंख मिलें, निवेश को प्रोत्साहन मिले और उद्यमियों को हर स्तर पर सहयोग प्राप्त हो सके। केंद्र की मोदी सरकार ने समय को पहचानते हुए नीतियों को सरल बनाया, वित्तीय सहायता, कर में छूट और बाजार तक पहुंच जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया और एक नया क्षितिज अपने देश के युवाओं के लिए खोल दिया, जिनके लिए नवाचार से उद्यमिता में सफलता जैसे कोई स्वप्न था! वस्तुतः आज इस यात्रा का परिणाम हमारे सामने मौजूद है। वित्त वर्ष 2025-26 में 55,200 से अधिक स्टार्टअप्स को राज्यवार मान्यता मिल गई है। कह सकते हैं कि वर्ष 2026 से शुरू हुई स्टार्टअप्स की यात्रा में यह किसी एक वर्ष में अब तक की सर्वाधिक संख्या है। यह पिछले वित्त वर्ष 2024-25 के 36,400+ स्टार्टअप्स की तुलना में 51.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि को दशार्ता है। यह आंकड़ा निश्चित ही उस विश्वास और ऊर्जा का प्रतीक है, जो वर्तमान भारत के युवाओं में दिखाई दे रही है। यही कारण है, रोजगार सृजन के क्षेत्र में भी स्टार्टअप्स ने उल्लेखनीय योगदान दिया है। वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 4,99,400 प्रत्यक्ष नौकरियां सृजित हुईं हैं, आंकड़ा कहता है कि यह पिछले वर्ष की तुलना में 36.1 प्रतिशत अधिक हैं। 31 मार्च 2026 तक कुल 2.23 लाख से अधिक मान्यता प्राप्त स्टार्टअप्स ने 23.36 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। देश के विभिन्न राज्यों में स्टार्टअप्स का विस्तार भारत के संतुलित विकास की कहानी कहता है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और गुजरात जैसे राज्य इस क्षेत्र में अग्रणी बनकर उभरे हैं। इन राज्यों में हजारों स्टार्टअप्स सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से सिर्फ लाखों भारतीयों को ही नहीं, कई विदेशियों को भी रोजगार मिल रहा है। इसमें अच्छी बात यह भी है कि अब छोटे शहरों और दूरदराज के क्षेत्रों से भी स्टार्टअप्स उभर रहे हैं, जो भारत के आर्थिक विकास को व्यापक और समावेशी बना रहे हैं। सरकार की विभिन्न योजनाएं इस विकास को मजबूत आधार प्रदान कर रही हैं। फंड ऑफ फंड्स फॉर स्टार्टअप्स (एफएफएस) के तहत 7,000 करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया जा चुका है, जिससे 1,420 से अधिक स्टार्टअप्स में 26,900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश संभव हुआ है। इस सफलता को देखते हुए 10,000 करोड़ रुपये के कोष के साथ एफएफएस 2.0 की शुरूआत की गई है, जो भविष्य में और अधिक स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करेगा।

# परिसीमन के पेंच में फंसा आधी आबादी का हक

महेन्द्र तिवारी

> घटनाक्रम अपनी चरम सीमा पर तब पहुँचा जब 16 अप्रैल को इस विधेयक पर मतदान की घोषणा हुई। संसद के गलियारों में तनाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता था। उस दिन कुल 528 सांसद सदन में उपस्थित थे। नियम के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का कम से कम दो-तिहाई बहुमत आवश्यक था। जब मतों की गणना हुई, तो परिणाम सरकार के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं थे। विधेयक के पक्ष में 298 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 230 सांसदों ने मतदान किया

**भारतीय** लोकतंत्र के इतिहास में आधी आबादी की आकांक्षाओं को एक बार फिर चर्चा के केंद्र में ला खड़ा किया है। सरकार द्वारा प्रस्तुत संविधान (131वां संशोधन) विधेयक का मुख्य उद्देश्य वर्ष 2023 में पारित कानून को धरातल पर उतारने के लिए एक स्पष्ट रूपरेखा तैयार करना था, परंतु नियति और राजनीतिक मतभेदों को कुछ और ही स्वीकार्य था। यह विधेयक मात्र एक विधायी दस्तावेज नहीं था, बल्कि यह 2029 के आम चुनावों से पूर्व देश की राजनीतिक संरचना को पूरी तरह बदलने वाला एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा था। इस विधेयक के माध्यम से सरकार ने लोकसभा की सीटों की संख्या को वर्तमान 543 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव रखा था, जो सीधे तौर पर परिसीमन की प्रक्रिया से जुड़ा हुआ था।



संसद के इस विशेष सत्र की पृष्ठभूमि अत्यंत नाटकीय रही। सरकार का तर्क था कि महिला आरक्षण को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सीटों में वृद्धि अनिवार्य है ताकि किसी भी वर्तमान प्रतिनिधित्व को क्षति पहुँचाए बिना महिलाओं को 33 प्रतिशत स्थान सुनिश्चित किया जा सके। इस रणनीति के पीछे तर्क यह था कि जब सीटों की कुल संख्या बढ़कर 850 हो जाएगी, तब महिलाओं के लिए आरक्षित सीटों का आंकड़ा स्वाभाविक रूप से बढ़ेगा और पुरुषों के प्रतिनिधित्व वाले क्षेत्रों में भी भारी कटौती की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। सत्ता पक्ष ने इसे एक ऐतिहासिक और साहसिक कदम बताते हुए प्रचारित किया कि यह नारी शक्ति के वास्तविक वंदन का समय है। प्रधानमंत्री ने सदन की कार्यवाही शुरू होने से पूर्व ही यह स्पष्ट कर दिया था कि उनकी सरकार महिलाओं को उनका उचित अधिकार दिलाने के लिए कृतसंकल्प है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र लिखकर इस पवित्र कार्य में सहयोग की अपील की थी। प्रधानमंत्री के उस पत्र में एक अत्यंत महत्वपूर्ण प्रस्ताव था, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि विपक्षी दल इस विधेयक का समर्थन करते हैं, तो सरकार उन्हें इस सफलता का पूरा श्रेय देने के लिए एक कोरे धनादेश जैसा अधिकार देने को तैयार है। उनका आशय स्पष्ट था कि वे राजनीति से ऊपर उठकर इस सामाजिक सुधार को देखना चाहते थे। परंतु विपक्षी खेमे में इस विधेयक को लेकर भारी संशय और विरोध की स्थिति बनी हुई थी। कांग्रेस, समाजवादी दल और विभिन्न क्षेत्रीय दलों के गठबंधन ने सरकार की नीयत पर गंभीर प्रश्न उठाए। विपक्ष का सबसे प्रबल विरोध परिसीमन के आधार को लेकर था। सरकार ने इस संशोधन में सीटों के निर्धारण के लिए 2011 की जनगणना को आधार बनाने का प्रस्ताव रखा था। विपक्षी नेताओं का तर्क था कि वर्ष 2026 में 2011 की जनगणना के आधार पर भविष्य की राजनीति तय करना न केवल अतार्किक है, बल्कि यह उन राज्यों के साथ अन्याय है जिन्होंने जनसंख्या नियंत्रण में सफलता प्राप्त की है। मल्लिकार्जुन खड़गे ने सदन में अपने संबोधन के दौरान अत्यंत तल्ख लहजे में कहा कि सरकार की मंशा महिलाओं को आरक्षण देने की कम और चुनावी लाभ लेने की अधिक प्रतीत होती है। उन्होंने इसे एक छलावा करार देते हुए मांग की कि जब तक नई जाति आधारित जनगणना नहीं हो जाती और अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए इस 33 प्रतिशत के भीतर अलग से कोटा निर्धारित नहीं किया जाता, तब तक यह विधेयक सामाजिक न्याय की कसौटी पर खरा नहीं उतरेगा। विपक्ष की इस मांग ने सदन के भीतर और बाहर एक नई बहस को जन्म दे दिया। अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के लिए तो आरक्षण का प्रावधान पहले से ही प्रस्तावित था, परंतु अन्य पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के लिए अलग श्रेणी की मांग ने सत्ता पक्ष को रक्षात्मक स्थिति में ला दिया। उत्तर भारत के प्रमुख क्षेत्रीय दलों ने इस मुद्दे पर लामबंदी तेज कर दी और यह स्पष्ट कर दिया कि बिना जातिगत डेटा के परिसीमन करना अंधेरे में तीर चलाने जैसा होगा। अमित शाह ने सरकार का पक्ष रखते हुए विपक्ष के इन तर्कों को विकास की राह में रोड़ा अटकाने वाला बताया। उन्होंने सदन में जोर देकर कहा कि सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में किसी भी प्रकार की देरी नहीं चाहती और परिसीमन ही वह एकमात्र वैधानिक मार्ग है जिसके माध्यम से सीटों का न्यायोचित वितरण संभव है। उन्होंने विपक्ष पर महिला विरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा कि इतिहास उन्हें कभी क्षमा नहीं करेगा यदि उन्होंने इस अवसर को केवल राजनीतिक द्वेष के कारण गंवा दिया।

घटनाक्रम अपनी चरम सीमा पर तब पहुँचा जब 16 अप्रैल को इस विधेयक पर मतदान की घोषणा हुई। संसद के गलियारों में तनाव स्पष्ट रूप से महसूस किया जा सकता था। उस दिन कुल 528 सांसद सदन में उपस्थित थे। नियम के अनुसार, संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने के लिए उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों का कम से कम दो-तिहाई बहुमत आवश्यक था। जब मतों की गणना हुई, तो परिणाम सरकार के लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं थे। विधेयक के पक्ष में 298 मत पड़े, जबकि विपक्ष में 230 सांसदों ने मतदान किया। गणितीय दृष्टि से देखें तो दो-तिहाई बहुमत के लिए सरकार को कम से कम 352 मतों की आवश्यकता थी। इस प्रकार, मात्र 54 मतों के अंतर से यह ऐतिहासिक विधेयक गिर गया। यह भारतीय संसदीय इतिहास की एक विरल घटना थी क्योंकि 1990 के दशक के बाद यह पहला अवसर था जब कोई संविधान संशोधन विधेयक सदन में आवश्यक बहुमत न मिल पाने के कारण असफल हुआ हो। इस असफलता ने देश की राजनीतिक दिशा को एक नया मोड़ दे दिया। मतदान के तुरंत बाद सदन के भीतर और बाहर आरोपों-प्रत्यारोपों का दौर शुरू हो गया। विपक्षी नेताओं ने इसे अपनी नैतिक विजय बताया और कहा कि सरकार को अब यह समझ लेना चाहिए कि वे बिना आम सहमति के देश की लोकतांत्रिक संरचना के साथ छेड़छाड़ नहीं कर सकते। दूसरी ओर, सत्ता पक्ष ने इस हार को जनता की अदालत में ले जाने का निर्णय लिया। सरकार के प्रवक्ताओं ने इसे महिलाओं के अधिकारों पर विपक्ष का प्रहार बताया। उन्होंने जनता के बीच यह संदेश प्रसारित करना शुरू किया कि कैसे एक प्रगतिशील कानून को केवल संकीर्ण राजनीतिक लाभ के लिए बलि चढ़ा दिया गया। विशेष रूप से 850 सीटों वाली नई संसद की परिकल्पना पर जो ग्रहण लगा, उसने भविष्य के चुनावों के लिए एक नया विमर्श तैयार कर दिया। इस पूरे विवाद में परिसीमन की तकनीकी जटिलताएं सबसे बड़ी बाधा बनकर उभरीं। 543 से 850 सीटों की छलांग कोई सामान्य प्रशासनिक बदलाव नहीं था। इसके लिए राज्यों के बीच सीटों के पुनर्वितरण की आवश्यकता थी, जिससे दक्षिण भारतीय राज्यों में असंतोष की लहर उठने की संभावना थी। विपक्ष ने इसी बिंदु को अपनी ढाल बनाया और इसे क्षेत्रीय असंतुलन का मुद्दा बना दिया। उनका तर्क था कि यदि 2011 की जनगणना को ही आधार माना गया, तो उत्तर भारत के राज्यों की सीटें अत्यधिक बढ़ जाएंगी और दक्षिण भारत का राजनीतिक प्रभाव कम हो जाएगा। इस क्षेत्रीय अस्मिता और जातिगत आरक्षण के दोहरे पेच ने महिला आरक्षण जैसे सर्वमान्य मुद्दे को भी विवादित बना दिया। सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद भी इसकी गूंज शांत नहीं हुई।


### नई दिल्ली कार्यालय
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

### उत्तरी दिल्ली कार्यालय
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

### चंडीगढ़ कार्यालय
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

### पंजाब कार्यालय
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

### करनाल कार्यालय
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

### सोनीपत कार्यालय
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

### शिमला कार्यालय
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

### ऊना कार्यालय
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

### देहरादून कार्यालय
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# लाड़ली लक्ष्मी के सशक्तिकरण और मानवीय चेतना का महापर्व

**डॉ. राघवेंद्र शर्मा**

भारतीय वाङ्मय में काल के प्रवाह को केवल अंकों या गणनाओं में नहीं बाँधा गया है, बल्कि इसे एक जीवंत इकाई माना गया है, जहाँ प्रत्येक तिथि अपने भीतर एक विशिष्ट ऊर्जा और आध्यात्मिक संदेश समेटे होती है। वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि, जिसे संपूर्ण भारत बड़े श्रद्धाभाव से 'अक्षय तृतीया' या 'आखातीज' के रूप में मनाता है, इसी जीवंत परंपरा का चरमोत्कर्ष है। 'अक्षय' शब्द अपने आप में पूर्णता का बोध कराता है,वह जिसका कभी क्षय न हो, जो समय की सीमाओं से परे सदा बना रहे। यह पर्व केवल एक धार्मिक अनुष्ठान मात्र नहीं है, अपितु यह हमारी सांस्कृतिक विरासत, कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था, सामाजिक उत्तरदायित्व और आधुनिक प्रशासनिक सुधारों का एक अद्भुत संगम है, जो हमें विनाशशील भौतिकता से ऊपर उठकर अविनाशी सत्कर्मों की ओर अग्रसर होने की प्रेरणा देता है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मध्य प्रदेश की सरकार अक्षय तृतीया को 'सामाजिक सशक्तिकरण' के एक नए मॉडल के रूप में प्रस्तुत कर रही है। वर्ष 2026 की अक्षय तृतीया पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सामूहिक विवाह और जनकल्याणकारी योजनाओं का समन्वय किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह और निकाह योजना के माध्यम से न केवल बेटियों के हाथ पीले किए जा रहे हैं, बल्कि सहायता राशि का सीधा हस्तांतरण और घरेलू सामग्री का वितरण उन्हें एक सुरक्षित और सुदृढ़ भविष्य की नींव प्रदान कर रहा है। इसके साथ ही, बाल विवाह के विरुद्ध 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाकर सरकार ने स्पष्ट कर दिया है कि किसी भी सूरत में मासूमों का भविष्य दांव पर नहीं लगने दिया जाएगा। इस दिन को लाड़ली लक्ष्मी और लाड़ली बहना जैसी योजनाओं से जोड़कर महिलाओं के स्वावलंबन और उच्च शिक्षा के संकल्प के साथ मनाया जा रहा है। अक्षय तृतीया की महत्ता को समझने के लिए इसके पौराणिक और आध्यात्मिक धरातल को देखना आवश्यक है, जहाँ यह तिथि सत युग और त्रेता युग जैसे महान कालखंडों के आरंभ बिंदु के रूप में प्रतिष्ठित है। यह वह पावन दिन है जब भगवान विष्णु ने अपने छठे अवतार परशुराम के रूप में पृथ्वी पर अधर्म का नाश करने के लिए अवतार लिया था। इसी दिन पतित-पावनी गंगा का स्वर्ग से धरा पर आगमन हुआ, जिससे मानवता को शुचिता और जीवन का आधार प्राप्त हुआ। माता अन्नपूर्णा का प्राकट्य भी इसी तिथि को माना जाता है, जो हमें यह स्मरण कराता है कि संसार का पोषण केवल अन्न से नहीं, बल्कि सेवा और करुणा के भाव से होता है।

आध्यात्मिक दृष्टि से यह दिन स्वयं के भीतर के उस प्रकाश को जगाने का है जो कभी मंद नहीं पड़ता।

## विचार

# राजनीति की मर्यादा पर उठते सवाल

**प्रो. आरके जैन**

**तपता हु**आ आसमान अब सिर्फ मौसम का मिजाज नहीं, बल्कि एक सुलगता संकट है जो हमारी सांसों, श्रम और अस्तित्व को चुपचाप निगल रहा है। आसमान की तीखी तपिश एक अदृश्य आपदा बन चुकी है, जिसने भारत में जीवन के संतुलन को डगमगा दिया है। जलवायु परिवर्तन के इस दौर में गर्मी अब सहनशीलता की सीमा नहीं, बल्कि सीधे स्वास्थ्य पर प्रहार करने वाली ताकत बन गई है। बढ़ती हीटवेव की आवृत्ति और तीव्रता साफ दिखाती है कि यह अस्थायी नहीं, बल्कि स्थायी और गहराता संकट है। ऐसे में इसे केवल पर्यावरण का मुद्दा मानना भूल होगी; इसे सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल के रूप में स्वीकार करना अब न केवल आवश्यक, बल्कि अपरिहार्य हो गया है। इस उभरते संकट की सबसे निर्मम मार उसी विशाल अनौपचारिक श्रमबल पर पड़ रही है, जो देश की अर्थव्यवस्था की धुरी है, फिर भी नीतिगत प्राथमिकताओं में हाशिये पर रहता है। भारत में अनौपचारिक क्षेत्र के करीब 12.8 करोड़ कार्यकर्ता—निर्माण स्थलों की धूल, सड़कों की तपिश, बाजारों की भीड़ और डिलीवरी के चक्र में जुटे मजदूर—खुले आसमान के नीचे बिना सुरक्षा के काम करने को विवश हैं। उन्हें न पर्याप्त छाया मिलती है, न स्वच्छ व ठंडे पानी की नियमित उपलब्धता, और न ही स्वास्थ्य सुरक्षा का भरोसेमंद तंत्र। यह विडंबना है कि जो हाथ देश की प्रगति को गति देते हैं, वही जलवायु संकट के सामने सबसे अधिक असहाय और असुरक्षित हैं। स्वास्थ्य के मोर्चे पर बढ़ती गर्मी के दुष्प्रभाव अब गहरे, व्यापक और चिंताजनक रूप ले चुके हैं। ऊंचा तापमान हृदय संबंधी बीमारियों से होने वाली मौतों के खतरे को बढ़ा रहा है, वहीं गर्भवती महिलाओं में समय से पहले प्रसव का जोखिम 15-16 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। निर्जलीकरण, अत्यधिक थकावट, गुर्दे की खराबी और मांसपेशियों में ऐंठन जैसे लक्षण अब अपवाद नहीं, बल्कि रोजमर्रा की सच्चाई बनते जा रहे हैं। जो आंकड़े सामने आते हैं, वे इस संकट की केवल ऊपरी परत दिखाते हैं; असल तस्वीर कहीं अधिक भयावह है, जहां अनगिनत पीड़ाएं और मामले बिना दर्ज हुए चुपचाप दब जाते हैं।

गर्मी का प्रभाव अब केवल शरीर की सहनशक्ति तक सीमित नहीं रहा; यह बीमारियों की प्रकृति, उनकी गति और उनके फैलाव की दिशा तक को बदल रहा है। तापमान में निरंतर वृद्धि और वर्षा के अस्थिर पैटर्न ने मच्छरों के जीवनचक्र को इस तरह परिवर्तित किया है कि डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियां तेजी से नए भूभागों, यहां तक कि हिमालयी क्षेत्रों में भी पैर पसार रही हैं। जो संक्रमण कभी सीमित भौगोलिक दायरों में बंधे थे, वे अब उन क्षेत्रों में भी उभर रहे हैं जहां पहले उनका नामोनिशान तक नहीं था। इस बदलाव ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर असामान्य दबाव डाल दिया है, जबकि पहले से ही वंचित और कमजोर समुदाय और अधिक खतरे में आ गए हैं। आर्थिक मोर्चे पर भी यह संकट अदृश्य चोट की तरह गहरा असर डाल रहा है। लैंसेट काउंटडाउन 2025 के अनुसार 2024 में गर्मी ने भारत से करीब 247 बिलियन श्रम घंटे छीन लिए, जिससे लगभग 194 बिलियन डॉलर की आय हानि हुई। 2030 तक गर्मी से 34 मिलियन पूर्णकालिक नौकरियां प्रभावित होने का अनुमान है। बढ़ती गर्मी ने श्रम उत्पादकता को इस हद तक प्रभावित किया है कि काम की रफ्तार धीमी पड़ रही है, जिससे मजदूरों की कमाई घट रही है और देश की आर्थिक प्रगति भी बाधित हो रही है।

अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है, जहां बीमारी के दौरान विश्राम या आय-सुरक्षा जैसी कोई व्यवस्था नहीं होती, इसलिए वे मजबूरी में काम जारी रखते हैं और अपनी सेहत को और गहरे संकट में धकेलते जाते हैं। इसके बावजूद, नीति स्तर पर यह संकट अब भी अपेक्षित प्राथमिकता हासिल नहीं कर पाया है। हीटवेव को अभी राष्ट्रीय आपदा का दर्जा नहीं मिला है, जिसके कारण राहत, पुनर्वास और मुआवजे की व्यवस्था सीमित और धीमी बनी हुई है। नतीजतन, सबसे अधिक प्रभावित वर्ग ही सबसे कम संरक्षित रह जाता है। यदि जलवायु परिवर्तन को सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया जाए, तो संसाधनों का अधिक प्रभावी और त्वरित आवंटन संभव होगा, निर्णय प्रक्रिया में तेजी आएगी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए संपादक, मुद्रक, प्रकाशक एवं रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन बालाजी हाउस, 244, ब्लॉक- बी, लेन- 3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली - 110033 से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

मेट्रो संपादक : दीपचंद्र कांडपाल (8447314925)

'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## आलेख

# ब्रांडिंग की चकाचौंध में दम तोड़ती आंकड़ों का सच्चाई

**ओंकारेश्वर पांडेय -**

**नारी** शक्ति वंदन अधिनियम लाने के लिए मोदी सरकार का अभिनंदन करना चाहिए। इस अधिनियम को एकजुट इंडिया गठबंधन ने सदन में पारित नहीं होने दिया। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि इसके पीछे मोदी सरकार की नीयत संविधान बदलने की थी। दरअसल देश के नारी पुरुष इसके पक्ष में तो हैं लेकिन झूठ और ढकोसले के पक्ष में अब नहीं हैं।

प्रधानमंत्री मोदी के अंतरात्मा की आवाज पर वोट देने की अपील के बावजूद इस बिल का गिरना एक बड़ा संकेत है। मोदी सरकार ने यह मुद्दा संसद में लाकर देश को इसकी हकीकत जानने का अवसर भी दे दिया और विपक्ष की एकजुटता ने सरकार को सतर्क रहने का सबक भी सिखाया।

जब देश के 21 राज्यों की पंचायतों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण मिल चुका है, तो मात्र 33% फीसदी आरक्षण वाले नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नारा देने वालों की नीयत को समझना जरूरी है और उत्तर प्रदेश जैसे बड़े भाजपा शासित राज्य की पंचायतों में महिला आरक्षण अभी तक 33 फीसदी ही क्यों महिलाओं को अधिकार देने और नारी नीत विकास का दावा सुनने में तो बड़ा अच्छा लगता है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के इस (हाँ में हाँ मिलाने वाले) दौर के आंकड़ों की तुलना डॉ. मनमोहन सिंह के हङ्ग-टंल्ल (हङ्गील्ल ाङ्क४रीा) दशक से करते हैं, तो एक भयावह सत्य उभरता है।

क्या यह वास्तव में नारी का वंदन है, या 2029 और 2034 के चुनावों के लिए किया गया एक चतुर 'चुनाव प्रबंधन' विपक्ष को नारी विरोधी बताने से पहले आंकड़ों की सच्चाई भी देखना होगा। अति मुखर मोदी सरकार के विज्ञापनों में 5 लाख करोड़ रुपये के जेंडर बजट का डंका जोर शोर से पीटा जाता है। लेकिन जब आप वित्त मंत्रालय द्वारा संसद में दिए गए लिखित जवाबों और बजट डिमांड नंबर 101 (महिला एवं बाल विकास मंत्रालय - का विश्लेषण करते हैं, तो यह डंका फट जाता है।

# वो बंद अलमारी

**डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

**शहर** के उस सबसे पुराने मोहल्ले की आखिरी गली में, जहाँ सूरज की रोशनी भी पड़ोसियों से इजाजत लेकर दाखिल होती थी, दीनदयाल जी का पुश्तैनी मकान खड़ा था। घर के भीतर एक गूँजती हुई खामोशी थी, जिसे मोहल्ले के लोग 'मयार्दा' कहते थे। दीनदयाल जी ने अपने पैंसठ सालों में कभी पलकें गीली नहीं कीं। उनके लिए पत्थर होना ही पुरुषार्थ का पर्याय था। उनके घर में भावनाओं का प्रवेश वैसे ही वर्जित था जैसे किसी मंदिर में चप्पल-जूतों का। उनका बेटा, जो अब खुद एक पिता बन चुका था, बचपन में जब घुटने छिलने पर सिसकता, तो दीनदयाल जी की कड़कती आवाज गूँजती, भीतर ले जाओ इसे, मर्द की आँख का पानी खानदान की साख बहा देता है। वह घर एक ऐसा अजायबघर बन गया था जहाँ संवेदनाएं कांच के बक्सों में बंद थीं, जिन पर धूल जमी थी और चाबी कहीं खो गई थी। रिश्तों की उस सूखी जमीन पर तंज का नमक छिड़कना दीनदयाल जी की पुरानी आदत थी।

मोहल्ले में जब कोई नौजवान अपनी प्रेमिका के विरह में या किसी शोक सभा में सुबकता, तो दीनदयाल जी अपनी लाठी ठोकते हुए कहते, आजकल की नस्ल के नल की टोटी ढीली हो गई है, जरा सा दबाव पड़ा नहीं कि रिसने लगती है। घर की दीवारों पर लगी पूर्वजों की तस्वीरें भी शायद अपनी कठोरता पर गर्व करती होंगी कि उन्होंने सदियों से इस वंश की सूखी आँखों की परंपरा को सहेज कर रखा है। एक शाम अचानक घर के आंगन में चीख-पुकार मच गई। दीनदयाल जी के इकलौते पोते की देह ठंडी पड़ चुकी थी। पूरा मोहल्ला उमड़ पड़ा। स्त्रियाँ छाती पीट रही थीं, बेटा बदहवास फर्श पर गिर गया था। हर आँख से सावन बरस रहा था, पर दीनदयाल जी पत्थर की मूर्ति बने बरामदे में बैठे थे। उनकी आँखों में वही चिर-परिचित सूखापन था। लोग कानाफूसी करने लगे कि क्या यह आदमी वाकई इंसान है या मिट्टी का ढेला? क्या इसकी धमनियों में खून नहीं, पानी दौड़ता है? श्मशान की ओर बढ़ते कदमों के बीच भी उनके चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वे उस दुखद नाटक के सबसे तटस्थ दर्शक थे।

## न्यूज फ्लैश

### बरसाती नाला बंद होने से दर्जनों गांव में बना बाढ़ का खतरा



**शाहाबाद, (प्रदीप कुमार)।** जिला अंबाला व कुरुक्षेत्र की सीमा के साथ लगते गांवों के नागरिकों को गांव में बाढ़ आने के खतरे का डर सता रहा है। बाबा नौगजा पीर के पास बरसाती नाला बंद होने से दर्जनों गांव के लोगों को समस्या बने हुए हैं। इस समस्या को लेकर विधायक रामकरण काला भी मांग उठा चुके हैं, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों बरकरार है। दर्जनों गांव के लोगों ने उपायुक्त को लिखित में शिकायत देकर समाधान किए जाने की गुहार लगाई है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि समय रहते प्रशासन ने उनकी समस्या का हल नहीं किया तो वो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलेंगे और अन्य कठोर कदम उठाने पर मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव लंडी की जमीन पर जीटी रोड पर बाबा नौगजा पीर के साथ लगती जगह पर बरसाती नाला शुरू से चल रहा है। जिससे बरसात के समय में पानी आसानी से आगे निकल जाता था। ये नाला बरसात के ओवरफ्लो पानी व गांव के गंदा पानी की निकासी का एकमात्र साधन है। कुछ लोगों ने जीटी रोड के साथ लगती जमीन खरीद ली और इस नाला का बंद कर दिया।
ग्रामीणों ने कहा कि इससे गांव लंडी, लंडा, केसरी सहित अंबाला जिला के दर्जनों गांव की भूमि के बरसाती पानी की निकासी रुक जाएगी। पानी खड़ा रहने से फसल भी खराब होगी। इसके साथ ही गांवों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाएगी और घरों तक में पानी घुसने का भय बना रहेगा। नागरिकों को नाला बंद होने से जान माल के नुकसान होने का डर बना हुआ है। उन्होंने इस समस्या से विधायक रामकरण काला को भी अवगत करवाया, लेकिन समस्या का कोई समाधान नहीं हो पाया है।
उन्होंने कहा कि नाला को बंद करने वाले व्यक्ति बहुत ही पावरफुल व्यक्ति हैं। जो आमजन, जन प्रतिनिधि की भी सुनवाई नहीं कर रहे हैं। ऐसा करने से उनके निजी हित तो सही जा रहे हैं, लेकिन दर्जनों गांवों के लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। इस मामले में प्रशासन को हस्तक्षेप करते हुए समस्या से निजात दिवाने के लिए कठोर कदम उठाए जाने चाहिए।
ग्रामीणों ने इस समस्या से निजात पाने के लिए उपायुक्त को लिखित में शिकायत दी है। समाधान न होने पर वो मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को भी मिलेंगे। इसके वाबजूद भी यदि समस्या का हल नहीं हो पाया तो वो वो समस्या का समाधान ना होने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

### भगवान परशुराम के नाम से ही पराक्रम झलकता है: राजीव जैन



**सोनीपत 19, अप्रैल।** अक्षय तृतीया के अवसर पर सत्यनारायण मंदिर में विधि विधान के साथ भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। पंडित अमित शौनक ने मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के मित्रों का उच्चारण किया।
मूर्ति स्थापना से पूर्व हवन यज्ञ किया गया और 5 दिनों तक भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गये। ब्राह्मण उत्थान समिति के सौजन्य से आयोजित कार्यक्रम में मुख्य यज्ञमान मुकेश शर्मा एवं नगर निगम के निवर्तमान मेयर राजीव जैन ने समाज के सैकड़ो अनुयायियों के साथ मिलकर भगवान परशुराम की मूर्ति स्थापित की। धर्म प्रेमियों ने भगवान परशुराम की जयकारे लगे।
जैन ने परशुराम जयंती की बधाई देते हुए कहा कि भगवान परशुराम के नाम से ही पराक्रम झलकता है क्योंकि परशु शब्द पराक्रम और राम शब्द सनातन संस्कृति का प्रतीक है उन्होंने कहा कि अक्षय तृतीया के दिन जन्मे भगवान परशुराम शक्ति और संतुलन का असीमित भंडार थे।
ब्राह्मण उत्थान समिति के अध्यक्ष विनोद शर्मा, मास्टर भगवान सिंह, दीपक गौतम, ईश्वर कौशिक, चोबा, देवेंदर गौड, प्रदीप मिर्ची, पं रघुवरदयाल गौड, प्रशांत शर्मा, सोनू वर्मा, दिनेश पंडित जी, लीलू पंडित राठधना और सभी सदस्य गण उपस्थित रहे।

# मुरथल अनाज मंडी का विधायक कृष्णा गहलावत ने किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह गंभीर है : कृष्णा गहलावत



**टीम एक्शन इंडिया**
**राई ।** मुरथल अनाज मंडी में रविवार को विधायक कृष्णा गहलावत ने औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। विधायक ने मंडी में चल रही खरीद प्रक्रिया, साफ-सफाई, उठान और किसानों को मिल रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विधायक ने मंडी में मौजूद आढ़तियों और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। आढ़तियों ने उन्हें खरीद में देरी, फसलों के उठान जैसी समस्याओं से अवगत कराया।
इस पर विधायक ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी किसान या आढ़ती को परेशानी न हो। विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह गंभीर है और मंडियों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीद प्रक्रिया को सुचारु रूप से चलाया जाए। मंडी निरीक्षक ने विधायक को जानकारी देते हुए बताया कि मंडी में गेहूं की खरीद सुचारु रूप से जारी है और प्रतिदिन बड़ी मात्रा में फसल की आवक हो रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि उठान और भंडारण की व्यवस्था को भी बेहतर बनाया जा रहा है, ताकि किसी प्रकार की दिक्कत न आए। मंडी निरीक्षक ने कहा कि आढ़तियों और किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लिया जा रहा है और उन्हें जल्द से जल्द दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान इस अवसर पर जितेंद्र सचिव मार्किट कमेटी सोनीपत, पूर्व चेयरमैन कुलदीप नागल , अमरजीत,दीपक आंतिल शिलु आंतिल,नरेंद्र आढ़ती,नरेश, रामफूल दहिया के अलावा संबंधित विभाग के अधिकारी और मंडी से जुड़े अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### अंबेडकर के पौत्र अमन राज आनंद अंबेडकर का अभिनंदन 21 को



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** संविधान निमार्ता डा. भीमराव राम जी अंबेदकर के पौत्र अमन राज आनंद अंबेदकर का 21 अप्रैल को इंटरनैशनल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी समाना में दोपहर साढ़े 11 बजे नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। उनका प्रदेशभर से तीस से अधिक रविदास मंदिर सभाओं के साथ अंबेदकर सभाओं द्वारा उनका अभिनंदन किया जाएगा।
कार्यक्रम का आयोजन इंटरनैशनल इंस्टीट्यूट आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलोजी तथा डा. अंबेदकर शिक्षा प्रसार समिति द्वारा किया जा रहा है।
कार्यक्रम का न्यौता देने के लिए संमिति तथा संसथान के प्रधान तथा हरियाण राज्य कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य रामशरण भोला आज रविदास मंदिर सभा सदर बाजार करनाल पहुंचे।
उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में संविधान के समक्ष खतरा तथा दलित समुदाय की दिशा और दिशा विषय पर चर्चा की जाएगी। पहली बार डा. अंबेदकर के पौत्र अमन राज आनंद अंबेदकर हरियाणा आ रहे हैं।
इस अवसर पर दया प्रकाश, भारत भूषण, विशन दास, राजपाल, दीपक बोहरा, तेजिंदर, बृजमोहन आनंद, इंद्रराज, दीनदयाल, बजीदा जटान के सरपंच राजसिंह, असंध से आए सतपाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए।

### पीपली बाजार में श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अम्बाला जिला ब्राह्मण सभा (रजि. 14) द्वारा पीपली बाजार स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव का त्रिदिवसीय कार्यक्रम बड़े श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के पहले दिन भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के दूसरे दिन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ श्री रामचरितमानस के अखंड पाठ का शुभारंभ किया गया।

## ब्राह्मण धर्मशाला में धूमधाम से मनाई गई भगवान परशुराम जयंती

**जयंती**

भगवान परशुराम किसी एक समाज के न होकर सर्व समाज के भगवान हैं : सोम शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाडवा 19 अप्रैल (विजय कौशिक ) :** लाडवा की ब्राह्मण धर्मशाला में आज भगवान परशुराम के अवतरण दिवस पर समाज के लोगों ने भगवान परशुराम जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई। मंचों उच्चारण के साथ भगवान परशुराम जी की वंदना की गई उसके पश्चात सभी ने भगवान परशुराम जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। सभी समाज के लोगों ने एक दूसरे को भगवान परशुराम जयंती की बधाई दी व लडडू का प्रसाद बांटा गया। ब्राह्मण धर्मशाला के प्रधान सोम शर्मा ने बताया कि जल्द ही ब्राह्मण धर्मशाला में जानकी रसोई के नाम से गरीब व असहाय लोगों के लिए निशुल्क रसोई की शुरूआत होने जा रही है उन्होंने यह भी बताया कि अभी पिछले सप्ताह भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में पाँच दिवसीय श्री राम कथा का भी आयोजन किया गया था। पार्षद ललितेस शर्मा ने भगवान परशुराम जी के जीवन के बारे में प्रकाश डालते हुए कहा कि भगवान परशुराम विष्णु भगवान के छठे अवतार थे जिनका अवतरण धर्म की रक्षा और अन्याय के खिलाफ असहाय लोगों की सहायता के लिए हुआ था। उनके द्वारा दी गई शिक्षा हमें अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने की क्षमता प्रदान करती है। इस अवसर विनोद शर्मा, प्रमोद शर्मा, विपिन शर्मा, सचिन शर्मा, नरेश शर्मा, सुधीर शर्मा, भारत शर्मा, सात्विक शर्मा, वरुण शर्मा, प्रवीन शर्मा, गौरव शर्मा, हिमांशु शर्मा, विजय कौशिक, सतीश शर्मा, महेंद्र शर्मा, उदय शर्मा, रोहित शर्मा सहित अन्य ब्राह्मण समाज के लोगों उपस्थित रहे

### अक्षय तृतीया के पर्व पर गौमाताओं को चारा, गुड़, दलिया खिलाया: दिलबाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत**
कामी रोड पर स्थित गौशाला में अक्षय तृतीया के पर्व पर पहुंचकर परिवार के साथ गौमाताओं को हरा चारा,गुड ,दलिया खिलाया व गौमाताओं की कमर पर खुर्रा फेरा।
गीता हिंदी अध्यापिका ने बताया कि अक्षय तृतीय दिवस अत्यंत शुभ दिवस है जो वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है ।अक्षय का अर्थ है जो कभी नष्ट न हो । इसलिए इस दिन गौमाताओं की पूजा, दान और सत्कर्मों का फल अनंत काल तक मिलता है इस दिन विशेष कर निवेश और खरीददारी ( विशेष कर सोना) के लिए बहुत शुभ माना जाता है।
दिलबाग सिंह गौसेवक ने इस पर्व पर बताया कि आपके जीवन में खुशहाली सुख समृद्धि और अपार सफलता आए। मां लक्ष्मी की कृपा से धन-धान्य के भंडार भर रहे और सभी मनोकामनाएं पूरी हो।
आप सभी को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं।
क्षितिज आयकर निरीक्षक व अर्पित सिंह आयकर अधीक्षक ने सभी से अनुरोध किया कि मूक प्राणियों की सेवा करनी चाहिए । हमारा युवाओं से निवेदन है कि अपनी संस्कृति व संस्कार बनाए रखें और गौमाताओं की ज्यादा से ज्यादा सेवा करें।

## स्व. लाला धर्मपाल सिंगला की स्मृति में 53वीं निःशुल्क बस यात्रा रवाना




**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 19 अप्रैल राहुल**
सामाजिक व धार्मिक सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय सिंगला परिवार द्वारा स्वर्गीय लाला धर्मपाल सिंगला की पावन स्मृति में बनभौरी धाम के लिए 53वीं निःशुल्क बस यात्रा रविवार को श्रद्धा और उत्साह के साथ रवाना की गई। अग्रवाल जन जागरण मंच नरवाना के तत्वाधान में आयोजित इस यात्रा को त्रिवेणी चौक, हुड्डा मार्केट से प्राचीन शिव मंदिर के पुजारी पंडित मेहर चंद द्वारा विधिवत हरी झंडी दिखाकर प्रस्थान कराया गया। इस अवसर पर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान पंडित मेहर चंद पुजारी, जो स्व. लाला धर्मपाल सिंगला के घनिष्ठ व मिलनसार सहयोगी रहे हैं, का संस्था की ओर से सम्मान किया गया। उन्हें महेशी प्रधान द्वारा पटका पहनाकर सम्मानित किया गया तथा माता रानी की प्रतिमा भेंट स्वरूप प्रदान की गई।
कार्यक्रम में स्व. लाला धर्मपाल सिंगला के बड़े पुत्र रोहतास सिंगला ने जानकारी देते हुए बताया कि यह निःशुल्क बस यात्रा प्रत्येक माह अमावस्या के बाद पहले रविवार को आयोजित की जाती है, जिसमें शामिल होने के लिए श्रद्धालु पूर्व पंजीकरण कराते हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को माता रानी के दर्शन का अवसर प्रदान करना है।
प्रसिद्ध समाजसेवी एवं जयराम अस्पताल के प्रधान कैलाश सिंगला ने इस अवसर पर कहा कि माता रानी के दर्शन करवाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य है और बनभौरी धाम उनके परिवार का पैतृक स्थल है। उन्होंने सभी क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करते हुए माता रानी से आशीर्वाद बनाए रखने की प्रार्थना की।
शहरभर में सिंगला परिवार द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की व्यापक सराहना हो रही है। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने कहा कि इस प्रकार की धार्मिक व सामाजिक पहल से समाज के हर वर्ग को लाभ मिल रहा है, विशेषकर बुजुर्गों को धाम के दर्शन का अवसर सहजता से प्राप्त हो रहा है।

## परशुराम का जीवन हमें साहस, त्याग और संघर्ष करने की सीख देता है : विकास शर्मा



**टीम एक्शन इंडिया**
**बाबैन, 19 अप्रैल (विजय कौशिक) :** बाबैन खंड के गांव जालखेड़ी में भगवान परशुराम जयंती श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाई गई।
इस अवसर पर खंड बाबैन के अनेक गांवों में भी विभिन्न सामाजिक व धार्मिक संगठनों द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। जालखेड़ी में कार्यक्रम की शुरूआत हवन-यज्ञ व पूजा-अर्चना से हुई, जहां भक्तों ने भगवान परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया।
इसके बाद भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्तिमय वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान परशुराम के आदर्शों और उनके द्वारा समाज में स्थापित धर्म व न्याय की भावना को अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल बाबैन के प्रधान विकास शर्मा जालखेड़ी ने कहा कि भगवान परशुराम को भगवान विष्णु का छठा अवतार माना जाता है। उन्होंने अधर्म और अन्याय के खिलाफ संघर्ष कर समाज को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनका जीवन हमें साहस, त्याग और सत्य के लिए संघर्ष करने की सीख देता है।

### राइट ऑफ वे पर कब्जे व स्टिल्ट फ्लोर के अवैध उपयोग पर होगी कानूनी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत, 19 अप्रैल।** जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) अजमेर सिंह ने बताया कि माननीय पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा संबंधित पीआईएल पर सुनवाई करते हुए 02 अप्रैल को दिए गए आदेशों के तहत रिहायशी प्लॉट्स में स्टिल्ट.प्लस 4 मंजिल नीति पर रोक लगाई गई है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा 16 अप्रैल को जारी निर्देशों के अनुसार सड़कों के राइट ऑफ वे पर किए गए सभी प्रकार के अतिक्रमण जैसे ग्रीन एरिया, लॉन, लैंडस्केपिंग, बाउंड्री वॉल आदि को तुरंत प्रभाव से हटाने के निर्देश दिए गए हैं।

## संगोही गांव में 90 महिलाओं को मिला आत्मनिर्भरता का प्रशिक्षण



**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिले के गांव संगोही में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत नाबार्ड के सौजन्य से जन कल्याण समिति द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह और जेएलजी की 90 महिलाओं को एलईडी बल्ब और सजावटी लडियां बनाने का प्रशिक्षण दिया गया।
20 दिनों तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन तीन गांवों में किया गया, जिसमें महिलाओं को एलईडी बल्ब तैयार करने, उनकी मरम्मत करने तथा सजावटी लाइट्स बनाने की तकनीकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के निरीक्षण के दौरान नाबार्ड के डीडीएम हिमांशु खत्री ने महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का अवलोकन किया और उनके प्रयासों की सराहना की।
उन्होंने कहा कि महिलाएं घर बैठे इस कार्य के माध्यम से आय अर्जित कर सकती हैं और आत्मनिर्भर बन सकती हैं। उन्होंने यह भी बताया कि महिलाओं को सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए एक वर्ष तक दुकान उपलब्ध कराई जाएगी, जहां वे उत्पादन और बिक्री कर सकेंगी।
जन कल्याण समिति की सीईओ आयुषी मान ने कहा कि संस्था महिलाओं को रोजगार से जोड? के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए एक्सपोजर विजिट और रिफ्रेशर प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएंगे, जिससे वे अपने कार्य को और बेहतर तरीके से आगे बढ़ा सकें। कार्यक्रम के दौरान विनय मान ने बताया कि नाबार्ड के सहयोग से दी हरियाणा अतुल्य नारी शक्ति नामक एफपीओ का गठन किया गया है, जिसमें 500 महिलाएं जुड़ी हुई हैं और यह संगठन डेयरी फार्मिंग के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ, जिसमें महिलाओं को स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया।

## डीबीके पब्लिक स्कूल ने वी प्लस यू के साथ किया ऐतिहासिक शैक्षणिक सहयोग




**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 19 अप्रैल राहुल**
शहर के अग्रणी शिक्षण संस्थान डीबीके पब्लिक स्कूल ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम बढ़ाते हुए वी प्लस यू जैसे प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थान के साथ शैक्षणिक सहयोग स्थापित किया है। इस सहयोग के तहत विद्यालय परिसर में ही प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए इंटीग्रेटेड कम्पटीटिव एग्जाम प्रिपरेशन विंग की शुरूआत की जा रही है। इस अवसर पर कक्षा 8वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए एक विशेष ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नई व्यवस्था और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी गई। अब नरवाना और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए यह गर्व और खुशी का विषय है कि उन्हें जेईई, नीट और एन दी ए जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी के लिए बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। यह सुविधा अब स्कूल परिसर में ही उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वी प्लस यू के संस्थापक रमेश चाहल ने कहा कि विद्यालय में उच्च स्तरीय शिक्षण प्रणाली लागू की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को प्रारंभिक स्तर से ही प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा सके। उन्होंने जोर देकर कहा कि सही मार्गदर्शन और समय पर तैयारी ही सफलता की कुंजी है। विद्यालय के निदेशक राजेश शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि डीबीके पब्लिक स्कूल हमेशा शहर में बेहतरीन शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहा है। उन्होंने बताया कि यह एंट्रेंस एग्जाम प्रिपरेशन विंग नरवाना को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का प्रमुख केंद्र बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि अब बच्चों को बेहतर तैयारी के लिए अपने परिवार से दूर जाने की आवश्यकता नहीं होगी।
अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास और नई साझेदारी का हार्दिक स्वागत किया और प्रसन्नता व्यक्त करते हुए स्कूल प्रबंधन एवं वी प्लस यू टीम का धन्यवाद किया।
इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या रीता वालिया, हेड मिस्ट्रेस रीता शर्मा, हेड एडमिन अमनदीप सिंह सहित सभी कोऑर्डिनेटर्स, शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## श्री बाला जी महाराज का विशाल जागरण हुआ सम्पन्न



**लाडवा, 19 अप्रैल (विजय कौशिक) :** गत सांय शनिवार को लाडवा के शिवाला राम कुंडी में "लाडले मेहंदीपुर वाले दे" सेवा मंडल द्वारा श्री बालाजी का भव्य जागरण करवाया गया। जिसमें प्राचीन हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी जगदंबा प्रसाद द्वारा पूजन करवा कर बालाजी महाराज की ज्योत प्रज्वलित की गई। ज्योत पंचमुखी हनुमान मंदिर बिलासपुर से लाई गई थी। भजन सम्राट नरेंद्र कौशिक ने बालाजी महाराज के भजनों के माध्यम से सारा माहौल भक्तिमय कर दिया तथा सभी उपस्थित हजारों श्रद्धालु भाव विभोर होकर उनके भजनों पर थिरक उठे। हजारों श्रद्धालुओं ने भंडारे तथा ज्योत का प्रसाद ग्रहण किया।अंजनी पुत्र सेवा मंडल ने संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान चप्पल व जूतों की सेवा प्रदान करके प्रशंसनीय कार्य किया। इस अवसर पर प्रसिद्ध समाजसेवी सचिन गर्ग, समाजसेवी जोगध्यान, राहुल अरोड़ा, रामू सैनी, राजन कक्कड़, सुमित रोहिल्ला, सतीश धवन, अजय डबास,अंकित गुप्ता, मोहन लाल गर्ग, कशिश सचदेवा, रमन बजाज, कबीर सचदेवा, राजेश अरोड़ा, विजय तनेजा, मुकेश शर्मा, जरनैल सिंह इत्यादि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# भाजपा ने 2014 के बाद देश और प्रदेश को दिया खास रंगः आजाद

## हर घर गली-मोहल्ला पर विशेष फोकस

वोकल फॉर लोकल

हर गांव-गली में लोगों के बीच पहुंच रही हैं। भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता दिन रात जुटा हैः आजाद सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** इन दिनों भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के हर गांव-गली में लोगों के बीच पहुंच रही हैं। इसके लिए भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता दिन रात जुटा है। कहीं कोई गांव देहात गली-मुहल्ला छूट न जाए, इस पर विशेष फोकस है। इन दिनों लगभग 40 डिग्री सेंटीग्रेड तापमान की कड़ी धूप और गर्मी की परवाह किए बिना भाजपा कार्यकर्ता अपना लक्ष्य हासिल करने में लगा है। हरियाणा राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के वाइस चेयरपर्सन आजाद सिंह ने विधानसभा नीलोखेड़ी क्षेत्र के गांव प्योंत और गांव गुल्लरपुर में गांव चलो बस्ती चलो अभियान के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करने के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा गांव चलो बस्ती चलो अभियान में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन 2014 से पहले और बाद के भारत के साथ-साथ इस अवधि में हरियाणा के दौर की पूरी जानकारी की तस्वीर लोगों के समक्ष रखी जा रही है। वर्ष 2014 से पूर्व देश और प्रदेश की दुर्गति और बाद में निरंतर और तेज गति से हुए विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से बताया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वह जिला करनाल का जिक्र करें तो भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर, प्रभारी भारत भूषण जुआल, महामंत्री सुभाष कश्यप और मानव पुरी के नेतृत्व में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय उर्जा एवं आवास मंत्री मनोहर लाल, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा किए जा रहे देश, प्रदेश और जनहित के कामों भाजपा की नींव को और मजबूत एवं गहरी बनाने का काम किया जा रहा है।

जिलाभर के कार्यकर्ता दिन-रात पूरी मेहनत से जुटे है।

आजाद सिंह ने कहा वह स्वयं अभी तक हलका इंद्री के गांव डेरा हलवाना, गांव सिकंदरपुर, हलका घरौंडा के गांव फूसगढ़, हलका नीलोखेड़ी के गांव सीतापुर, प्योंत और गुल्लरपुर सहित काफी गांव व बस्ती में लोगों के बीच मुख्य वक्ता के तौर पर पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में मंत्रियों, सांसदों व विधायकों द्वारा भाजपा शासन में कराए गए विकास कार्यों और उपलब्धियों की लोग सराहना कर रहे हैं।

# परिचय कैंप का किया गया आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 19 अप्रैल( बिजेंद्र सिंह )**ः अग्रवाल संगठन पानीपत द्वारा अग्रवाल समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों के लिए एक परिचय कैंप का जाटल रोड स्थित पीपल वाली गली के सामने शिव मंदिर में शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों अग्रवाल समाज के बंधुओ ने अपने बच्चों का पंजीकरण कराया। सुप्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी नीरज सिंगला कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने महाराजा अग्रसेन की प्रतिमा के आगे ज्योति प्रज्वलित की।

नीरज सिंगला ने कहा की वर्तमान में अग्रवाल संगठन की टीम सारे अग्रवाल समाज को साथ लेकर समाज के कल्याण के लिए आगे बढ़ रहे हैं। इसी श्रृंखला में विवाह पंजीकरण कैंप पानीपत के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहे हैं। अग्रवाल संगठन के अध्यक्ष विकास गोयल ने कहा अग्रवाल संगठन द्वारा आयोजित अग्रवाल विवाह रिश्ते पंजीकरण शिविर समाज में वैवाहिक संबंधों को सुदृढ़ और सुव्यवस्थित बनाने की एक सराहनीय पहल है। शिविर में अग्रवाल समाज के विभिन्न क्षेत्रों से आए परिवार एक ही स्थान पर एकत्रित होते हैं, जिससे आपसी परिचय और संवाद का अवसर मिलता है। मुकेश गर्ग व मनीष गोयल ने कहा शिविर में अनुभवी सदस्यों और समाज के वरिष्ठ लोगों का मार्गदर्शन भी प्राप्त है। इस अवसर पर रमेश गर्ग, अजय गुप्ता, पुरुषोत्तम अग्रवाल, मुकेश गर्ग, लोकेश सिंगला, वीरेंद्र गुप्ता, नरेंद्र गोयल, मनीष गोयल व मुकेश गर्ग आदि मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### राजीव सरोहा ने रॉबर्ट वाड्रा को जन्मदिवस पर दी शुभकामनाएं




**सोनीपत।** नगर निगम सोनीपत के पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजीव सरोहा राठधना ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव व सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और प्रसिद्ध व्यवसायी रॉबर्ट वाड्रा को उनके जन्मदिवस पर हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राजीव सरोहा ने कहा कि रॉबर्ट वाड्रा जी का व्यक्तित्व सादगी और शालीनता का प्रतीक है। उन्होंने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु जीवन और भविष्य में निरंतर सफलता की प्रार्थना की। सरोहा ने कहा कि वाड्रा जी हमेशा सामाजिक कार्यों और जनसेवा के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं। राजीव सरोहा ने सोशल मीडिया के माध्यम से भी अपना शुभकामना संदेश प्रेषित किया, जिसमें उन्होंने उनके स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। इस दौरान उनके साथ नरेंद्र भारद्वाज, अनूप रोहिल्ला, सुशील पहलवान, रोहताश पहलवान व क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे, जिन्होंने रॉबर्ट वाड्रा को जन्मदिन की बधाई दी।

### पंचकूला नगर निकाय चुनाव में मेयर पद का उम्मीदवार बनाए जाने पर पार्टी नेतृत्व का हृदय से धन्यवाद एवं आभार – सुधा भारद्वाज



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूलाः** नगर निकाय चुनाव को लेकर कांग्रेस पार्टी ने अपने मेयर पद के उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इसी क्रम में पंचकूला से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की वरिष्ठ सदस्या एवं महिला कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा सुधा भारद्वाज को मेयर पद का प्रत्याशी घोषित किया गया है।

उम्मीदवार घोषित किए जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सुधा भारद्वाज ने कहा कि भगवान परशुराम जयंती के पावन अवसर पर टिकट की घोषणा होना उनके लिए अत्यंत सौभाग्य और सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी केवल एक पद नहीं, बल्कि पंचकूला की जनता की सेवा करने का अवसर है। सुधा भारद्वाज ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व का दिल से आभार व्यक्त करती हूँ—हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, हरियाणा प्रभारी बी.के. हरिप्रसाद, प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह, नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद कुमारी शैलजा , सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला , सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा , राष्ट्रीय महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, सांसद वरुण मौलाना, हमारे विधायक चंद्र मोहन, पूर्व विधायक प्रदीप चौधरी और जिला अध्यक्ष संजय चौहान जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। उन्होंने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास और जिम्मेदारी मुझे सौंपी है, उस पर मैं पूरी निष्ठा, समर्पण, जोश और ऊर्जा के साथ खरा उतरने का प्रयास करूंगी।

# चोरी की वारदात का खुलासाः एवीटी स्टाफ ने 2 आरोपी गिरफ्तार कर चोरीशुदा एक्टिवा बरामद की

**पंचकुलाः** पंचकूला पुलिस के एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ टीम ने वाहन चोरी के मामले में कार्यवाही करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा एक्टिवा स्कूटी बरामद करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार, थाना सैक्टर-14 पंचकूला में दिनांक 17.03.2026 को द्वारिका प्रसाद निवासी इन्द्रा कॉलोनी, सेक्टर-17 पंचकूला की शिकायत पर एक्टिवा स्कूटी चोरी का मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि 15 मार्च को उसकी स्कूटी को मार्केट से अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। मामले की जांच ए.वी.टी स्टाफ पंचकूला को सौंपी गई।जांच के दौरान पुलिस टीम को पता चला कि दोनों आरोपी एक अन्य वारदात में अंबाला जेल में बंद है , पुलिस टीम ने आरोपियों जतिन उर्फ हनी निवासी मनीमाजरा( चंडीगढ़ ) व सचिन उर्फ बिल्ला निवासी मनीमाजरा( चंडीगढ़ ) को प्रोडक्शन वारंट पर माननीय न्यायालय में पेश कर विधि अनुसार गिरफ्तार किया। गहन पूछताछ के दौरान आरोपियों ने चोरी की वारदात कबूल करते हुए अपनी निशानदेही पर रेलवे स्टेशन चण्डीमन्दिर क्षेत्र से चोरीशुदा एक्टिवा स्कूटी बरामद करवाई।

# बापौली मंडी व सनौली केंद्र पर 3.07 लाख क्विंटल की आवक

## बापौली अनाज मंडी के आढतियों व किसानों ने की गेहूं के उठान में तेजी लाने की मांग की



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 19 अप्रैल।** पानीपत जिला की अन्य मंडियों की तरह ही बापौली अनाज मंडी में भी गेहूं की आवक कम होनी शुरू हो गई है लेकिन बापौली मंडी में अभी भी रोजाना 10-11 हजार क्विंटल गेहूं आ रही है। दूसरी मंडियों की तरह ही बापौली मंडी भी खरीद एजेंसी हैफेड व एचडब्ल्यूसी द्वारा खरीदे गये गेहूं के बैगों से भरी हुई है और किसानों के कुछ गेहूं की ढेरियों की अभी खरीद नहीं हो पाई है। वहीं आढतियों व किसानों ने रविवार को बापौली मंडी से उठान में तेजी लाने की मांग की गई है। बता दे कि जब तक मंडी से गेहूं का उठान होकर एजेंसी के गोदाम में नहीं लगेगा तब तक किसान को गेहूं की पेमेंट नहीं मिलेगी। बापौली मार्केट कमेटी के सचिव नरेश मान ने बताया कि बापौली अनाज मंडी व सनौली खुर्द खरीद केंद्र पर शनिवार तक 3 लाख 7 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हुई है और उसमें से हैफेड व वेयर हाउस ने 2 लाख 53 हजार क्विंटल गेहूं की एमएसपी पर खरीद की है। सचिव मान ने बताया कि गेहूं का उठान कार्य भी सही चल रहा है और बापौली मंडी व सनौली खुर्द केंद्र से शनिवार तक 91236 क्विंटल यानि खरीदे गये करीब 36 प्रतिशत गेहूं का उठान हो चुका है। उन्होने बताया कि खरीद एजेंसियों को उठान में तेजी लाने के अधिकारियों द्वारा आदेश दिये गये है। बता दे कि रविवार को भी मंडी में करीब 10 हजार क्विंटल की आवक हुई है।

वहीं बापौली अनाज मंडी के प्रधान दलीप रावल, आढती मौहक्कम छौक्कर, मास्टर ब्रहमपाल, भूपेंद्र बेनिवाल, सुरेश व बृजपाल आदि ने कहा कि गेहूं की आवक तो कम होना शुरू हो गई है पर बापौली मंडी में अभी भी मंडी में खरीदे गये गेहूं के करीब तीन लाख बैग पडे हुए है और उठान में तेजी लाई जाये।

# भगवान परशुराम के आदर्श आज के समय में भी उतने ही है प्रासंगिक- नवीन

जन्मोत्सव

परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, (बिजेंद्र सिंह)**ः पानीपत के सनौली रोड स्थित भगवान परशुराम मंदिर में भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं सामाजिक कार्यकताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनका मंदिर समिति के प्रधान पंडित ईश्वर लाल शर्मा एवं महासचिव पंडित सत नारायण शर्मा द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने भगवान परशुराम जी के आदर्शों एवं उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान करते हुए कहा कि भगवान परशुराम त्याग, पराक्रम और धर्म के प्रतीक हैं, उनके आदर्श आज के समय में भी उतने ही प्रासंगिक हैं।

इस अवसर पर ब्रह्म ऋषि महंत नाथ जी महाराज का विशेष आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने आशीर्वचन में उपस्थित श्रद्धालुओं को धर्म, सत्य और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी तथा समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान भजन-कीर्तन, धार्मिक प्रवचन एवं प्रसाद वितरण का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा, विजय सहगल, प्रमोद शर्मा, रिकी शर्मा,डॉ महेंद्र शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# राक्षसों का संहार करने वाले भगवान परशुराम का ये देश हमेशा ऋणी रहेगाः राजवीर



**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 19 अप्रैल।** पानीपत के विकास नगर एनएफएल में रविवार को भगवान परशुराम धर्मशाला भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजवीर शर्मा ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व सैनिक कल्याण संगठन हरियाणा जिला पानीपत के अध्यक्ष राजवीर शर्मा ने कहा कि यह देश सभी ज्ञात अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों और त्रेता युग में राक्षसी प्रवृत्तियों के राक्षसों का संहार करने वाले भगवान परशुराम जी का हमेशा ऋणी रहेगा। इस देश को आजाद करवाने में अपना सब कुछ न्यौछावर कर देने वाले महान स्वतंत्रता सेनानी तात्या टोपे की देशभक्ति और साहस को विश्व मानव युगों-युगों तक याद रखेगा। अध्यक्ष राजवीर शर्मा, विंग कमांडर सुरेंद्र गोड, जीसी गुप्ता अस्पताल के संचालक एवं समाजसेवी वीरेंद्र देशवाल व फ्लाइंग ऑफिसर वेद प्रकाश शर्मा ने बताया की तात्या टोपे का असली नाम रामचंद्र पांडुरंग यावलकर था। इनका जन्म महाराष्ट्र के नासिक जिला में हुआ था। तात्या उनका बचपन का उपनाम था, जिसका मतलब जनरल होता है और टोपे उपाधि बाद में मिली।

## जिला में 7 लाख 10 हजार मीट्रिक टन गेहूं की हुई आवक

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला की मंडियों में गेहूं की आवक लगातार जारी है। इसके दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा सभी जरूरी प्रबंध पहले से ही पूरे कर लिए गए थे, जिनका समय-समय पर निरीक्षण किया जा रहा है।

उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि अब तक जिला में करीब 7 लाख 10 हजार मीट्रिक टन की आवक विभिन्न खरीद केंद्रों व मंडियों में हुई। विभिन्न खरीद एजेंसियों द्वारा 601148 मीट्रिक टन गेहूं खरीदा गया, जिसमें से खाद्य आपूर्ति विभाग द्वारा 240680 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 273073

# विराट संत सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन



आध्यात्मिक

आध्यात्मिक चेतना ही विश्व शांति की सच्ची आधारशिला है। निराकार पिता परमात्मा एक शिव है

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 19 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)**ः ब्रह्माकुमारीज, ज्ञान मानसरोवर (आसन-थिराना) में सामाजिक उत्थान में साधु-संतों की भूमिका विषय पर आयोजित विराट संत सम्मेलन रविवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संत-महात्माओं एवं विशिष्ट अतिथियों ने समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना और आध्यात्मिक जागृति की आवश्यकता पर अपने प्रेरणादायक विचार रखे। प्रयागराज से पधारे राजयोगिनी मनोरमा दीदी, अध्यक्षा धार्मिक प्रभाग ने कहा कि आध्यात्मिक चेतना ही विश्व शांति की सच्ची आधारशिला है। सर्व मनुष्य आत्माओं के निराकार पिता परमात्मा एक शिव है। उनके सत्य स्वरूप को पहचान कर जो उनकी याद में रहते हैं उन्हें असीम शांति व सुख की प्राप्ति होती है। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे जगतगुरु स्वामी सतीश आचार्य ने कहा कि संत समाज सदैव मानवता को धर्म, सेवा और सदाचार का मार्ग दिखाता आया है। माउंट आबू से पधारे राजयोगी मोहन सिंगल ने बताया कि आध्यात्मिक जागरूकता ही मानव जीवन को श्रेष्ठ दिशा प्रदान करती है और समाज में नैतिकता का संचार करती है। आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर ने संतों की भूमिका को समाज में सद्भाव और नैतिकता के संवर्धन हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। महामंडलेश्वर गोस्वामी सुशील महाराज ने कहा कि चरित्र निर्माण ही राष्ट्र निर्माण का आधार है। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजयोगिनी सरला दीदी ने की।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मानव जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों का समावेश ही स्थायी शांति और सामाजिक समरसता का आधार बन सकता है। मुख्य वक्ता राजयोगी भारत भूषण ने कहा कि राजयोग ध्यान के माध्यम से व्यक्ति अपने भीतर सकारात्मक परिवर्तन लाकर परिवार और समाज के उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

# गुहला के गांव सैर के पूर्व सैनिक दफेदार दिलेर सिंह हुए पंचतत्व में विलीनः जगजीत फौजी



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** गुहला के गांव डेरा हरी ङ्कूषसह वाला गांव सैर के रहने वाले पूर्व सैनिक दफेदार दिलेर सिंह हुए पंचतत्व में विलीन हो गए हैं। उक्त जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल के प्रधान जगजीत ङ्कूषसह ने बताया कि दिलेर ङ्कूषसह भारतीय सेना की 7 केवलरी आर्मड कोर में कलर सर्विस करने के बाद सेवानिवृत हुए और अपने पैतृक गांव डेरा हरि सिंह वाला (सैर) तहसील गहुला में रहे और विदेशों में भी आते जाते रहे। उन्होंने बताया कि अभी बीमारी के कारण पूर्व सैनिक दफेदार दलेर सिंह का कल 18 अप्रैल को स्वर्गवास हो गया था परंतु कल संस्कार नहीं हो सका था क्योंकि उनके पुत्र और पुत्री आज 19 अप्रैल को विदेश से पहुंचे, जिसके चलते उनके पहुंचने पर अंतिम संस्कार की कार्रवाई शुरू की गई। उन्होंने बताया कि जैसे ही इसकी सूचना पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन कैथल को मिली, तो वे एसोसिएशन के सदस्यों के उनके पैतृक स्थल डेरा हरी सिंह वाला गांव सैर पहुंचे। जगजीत ङ्कूषसह ने बताया कि उनकी टीम ने दिवंगत सैनिक साथी के पार्थिक शरीर पर तिरंगा ओढ़ाया और उनकी अंतिम यात्रा में भी शामिल हुए।

उन्होंने बताया कि श्रद्धांजलि के बाद उनके पुत्र जंजीर सिंह को ऐसोसिएशन की तरफ से तिरंगा भी भेंट किया गया। इस अवसर पर सूबेदार अवतार सिंह, सूबेदार पंजाब सिंह, इंस्पेक्टर सुरेश कुमार, हवलदार कुलवंत सिंह, हवलदार गज्जन सिंह, कैप्टन गुरमेल सिंह, हवलदार सुरजीत सिंह, नायक सुरजीत सिंह, कैप्टन मुख्तार सिंह, लेफ्टिनेंट निरंजन सिंह, दफेदार बलविंदर सिंह, रिसालदार रघुबीर सिंह, रिशालदार करम चंद, रिसालदार कर्मवीर, दफेदार राजाराम कसान, दफेदार राजवीर सिंह, सूबेदार बलबीर सिंह कैप्टन मुख्तार सिंह, राजबीर व पेटी ऑफिसर राजबीर भाना आदि पूर्व सैनिक भी मौजूद रहे।

# सुधा भारद्वाज कांग्रेस की मेयर उम्मीदवार



**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकुलाः** नगर निगम चुनाव के लिए कांग्रेस की मेयर पद की टिकट सुधा भारद्वाज को मिलने पर उन्होंने विधायक चंद्रमोहन के निवास पर पहुंचकर उनका आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुधा भारद्वाज ने चंद्रमोहन को फूलों का बुके भेंट कर उनका सम्मान किया और पार्टी नेतृत्व द्वारा उन पर जताए गए विश्वास के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह जिम्मेदारी उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है और वे पूरी निष्ठा के साथ जनता की सेवा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।सुधा भारद्वाज ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि पंचकूला की जनता मुझे अपना आशीर्वाद देगी व मेयर बनने के बाद नगर निगम में हुए भ्रष्टाचार की जाँच करेगी ताकि लोगों के पैसों की वसूली की जा सके। उन्होंने कहा कि पंचकूला को पेरिस बनाने की हरसंभव कोशिश करेंगी। इस मौके पर उनके साथ संजीव भारद्वाज, नवीन बंसल , राम प्रशाद, भूपेंद्र भुप्पी , अरुण मादरा भी उपस्थित रहे। चन्द्रमोहन ने कहा कि मुझे विश्वास है कि सुधा भारद्वाज जनता के आशीर्वाद से मेयर का चुनाव जीतेगी व पंचकूला के विकास, स्वच्छता, बेहतर आधारभूत सुविधाओं और जनहित के मुद्दों को प्राथमिकता देते हुए कार्य करेंगी।

# गांव कामी से कुराड और भिगान जाने वाली सड़क बनी मुसीबत, पत्थर बिछाकर लेयर लगाना भूला ठेकेदार

**मांग**

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराया जाए

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गन्नौर क्षेत्र के गांव कामी से कुराड और भिगान को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण अधूरा छोड़ दिए जाने से ग्रामीणों में रोष है। सड़क पर ठेकेदार द्वारा केवल पत्थर बिछाकर छोड़ दिया गया है, जबकि उस पर डामर/लेयर डालने का कार्य अब तक शुरू



नहीं किया गया है। ग्रामीणों रणबीर, विकास, सूरज ने बताया कि फरवरी माह में ठेकेदार ने पत्थर बिछाने का कार्य पूरा कर लिया था। इसके बाद सड़क पर लेयर बिछाई जानी थी, लेकिन लंबे समय से काम बंद पड़ा है। सड़क पर बिखरे पत्थरों के कारण वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह सड़क खतरे से खाली नहीं है और फिसलने की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। लोगों का आरोप है कि इस समस्या को लेकर कई बार संबंधित विभाग को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। विभाग की अनदेखी से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य पूरा कराया जाए और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके और संभावित हादसों को रोका जा सके।

**टेंडर अनुसार निर्माण सामग्री के रेट बढ़ने से आई दिक्कत : एसडीओ**

-- सड़क एवं भवन निर्माण विभाग के एसडीओ अनिल चहल ने बताया कि टेंडर के समय ठेकेदार दोबारा जो निर्माण सामग्री के रेट दिए गए थे वह बढ़ाने के कारण दिक्कत आई है लेकिन इसके बावजूद भी दो-तीन दिन में काम शुरू करवा दिया जाएगा। दूसरा बिट्यूमंस की भी आपूर्ति नहीं हो रही है। सबसे ज्यादा दिक्कत यह आई है।

# टेहा गांव में भगवान परशुराम जयंती पर भव्य कार्यक्रम, सरपंच आशीष त्यागी ने की शिरकत

**परशुराम जयंती**

भगवान परशुराम न्याय, साहस और धर्म के प्रतीक हैं : आशीष त्यागी



**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** गांव टेहा में भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में श्रद्धा व उत्साह के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के सरपंच आशीष त्यागी ने शिरकत की। शुरूआत में भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना और भगवान परशुराम के जीवन और उनके आदर्शों को याद किया। सरपंच आशीष ने कहा कि भगवान परशुराम न्याय, साहस और धर्म के प्रतीक हैं, जिनके आदर्श आज भी समाज को सही दिशा दिखाते हैं।। सरपंच आशीष त्यागी ने कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज में भाईचारा और आपसी सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने युवाओं से भगवान परशुराम के आदर्शों को अपनाने और समाजहित में कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें सभी ने श्रद्धा पूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में गांव के गणमान्य लोगों और युवाओं का विशेष योगदान रहा।

## न्यूज फ्लैश

### एच के सीनियर सेकेंडरी स्कूल में टेबल टेनिस को बढ़ावा, छात्रों को मिली नई टेबल



**गन्नौर** । कुराड स्थित एचके सीनियर सेकेंडरी स्कूल में खेलों को प्रोत्साहित करने की दिशा में स्कूल के निदेशक कुलदीप आंतिल ने विद्यार्थियों के लिए टेबल टेनिस की टेबल उपलब्ध करवाई, जिससे छात्रों में खेल के प्रति उत्साह बढ़ा है। निदेशक कुलदीप आंतिल ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों का भी जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि मानसिक विकास और अनुशासन भी सिखाते हैं। उन्होंने कहा कि टेबल टेनिस जैसे खेल विद्यार्थियों की एकाग्रता और निर्णय क्षमता को बढ़ाने में सहायक होते हैं।

स्कूल प्रबंधन का उद्देश्य है कि बच्चों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कर उन्हें हर क्षेत्र में आगे बढ़ने के अवसर दिए जाएं। विद्यालय के शिक्षकों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे छात्रों को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलेगी। छात्रों ने भी नई टेबल मिलने पर खुशी जाहिर की और नियमित अभ्यास करने का संकल्प लिया।

### 17 वर्षीय किशोर लापता, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की तलाश

**गन्नौर** । गन्नौर क्षेत्र में एक 17 वर्षीय किशोर के संदिग्ध हालात में लापता होने का मामला सामने आया है। गांव बितौनी जिला शाहजहांपुर (यूपी) निवासी पप्पू, जो वर्तमान में बीबीसी भट्टा अगवानपुर में परिवार सहित रह रहा था। परिजनों मिलने थाना गन्नौर में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि उसका बेटा आकाश (17) 15 अप्रैल की रात करीब 8 बजे बिना बताए घर से चला गया और वापस नहीं लौटा। परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### दुर्घटना स्थल पर उपस्थित व्यक्ति के विवेक व दक्षता से घायल एवं पीड़ित का बच सकता है जीवन: डा. भाटला


**प्रमोद भार्गव,**

**गुहला** चीका। मानव जीवन सुरक्षा में फर्स्ट एड प्रशिक्षण का महत्वपूर्ण स्थान है क्योंकि दुर्घटना स्थल पर उपस्थित व्यक्ति अपने विवेक एवं दक्षता के साथ घायल व पीड़ित के जीवन को बचा सकता है। यह विचार उपमंडल के जाने-माने अरनौली अस्पताल के एमबीबीएस डाक्टर अनिमेष भाटला ने युवाओं को जीवन रक्षक पद्धतियों की जानकारी देते हुए कहे। डाक्टर भाटला व डा. शीना भाटला ने सेंट जान एम्बुलेंस इंटरनेशनल एसोसिएशन इंडिया शाखा कैथल द्वारा प्रशिक्षित 50 युवा लड़के और लड़कियों के फर्स्ट एड रोड सेफ्टी कंडक्टर लाइसेंस प्रशिक्षण का प्रैक्टिकल मूल्यांकन किया। उन्होंने कहा कि आज के वैज्ञानिक युग में हमें स्वयं के जीवन के बारे में जानकार और समझदार बनने की आवश्यकता है क्योंकि आए दिन अनेक आकस्मिक दुर्घटनाएं एवं प्राकृतिक आपदाएं मानव जीवन में गंभीर संकट बनती जा रही हैं। डाक्टर अनिमेष भाटला ने मानव डमी पर सीपीआर प्रशिक्षण को बड़ी गहनता के साथ जांचते हुए कहा कि हमारी प्राथमिक चिकित्सा में थोड़ी सी चूक घायल एवं पीड़ित के जीवन को खतरे में डाल सकती है। डाक्टर शीना भाटला ने कहा कि फर्स्ट एड एवं सीपीआर प्रशिक्षण से स्वयं के जीवन को सुरक्षा मिलती है, वहीं युवाओं के लिए रोजगार के क्षेत्र में अवसर प्रदान करता है। यह कैंप उपमंडल के गांव बलबेहड़ा में ग्राम पंचायत द्वारा लगाया गया था, जिसमें गांव के अनेक युवाओं के साथ-साथ जिले के अनेक गांवों से युवाओं ने भाग लिया। सरपंच प्रतिनिधि अजमेर सिंह फौजी ने प्रशिक्षण की सराहना करते हुए कहा कि यह जिला प्रशासन और राज्य सरकार का सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रयास है, जो ग्रामीण स्तर पर बेरोजगार युवाओं को रोजगार के भी अवसर देता है।

# गोल्डन हैरियर स्कूल का शानदार परिणाम, अंशिका ने किया टॉप

**टीम एक्शन इंडिया**

**राई ।** राई क्षेत्र के झुंडपुर रोड स्थित गोल्डन हैरियर स्कूल ने सीबीएसई कक्षा 10वीं के परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र में अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। विद्यालय का समग्र परिणाम शानदार रहा, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त किए।




स्कूल के निदेशक अमित ने बताया कि दसवीं कक्षा के परिणाम के अनुसार अंशिका ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं रितिका और देव चौहान ने 98.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया। रिया ने 98.4 प्रतिशत, अंश ने 97.6 प्रतिशत और मोक्श ने 97.4 प्रतिशत अंक लेकर बेहतरीन प्रदर्शन किया। इसके अलावा भूमिका तोमर ने 95.6 प्रतिशत अंक हासिल कर मेरिट सूची में स्थान बनाया।

विद्यालय के परिणाम पर नजर डालें तो 8 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 31 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए। वहीं 58 छात्रों ने 85 प्रतिशत से अधिक और 79 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा कई विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि पर सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# पूर्व उपमुख्यमंत्री के काफिले को रोकना ओछी मानसिकता का प्रतीक: अभिषेक कुरहावटा

**टीम एक्शन इंडिया**
**दिनेश नौताना**
**महेंद्रगढ़।**

इनसो के पूर्व जिलाध्यक्ष व युवा जननायक जनता पार्टी प्रदेश संगठन सचिव अभिषेक कुरहावटा के हिसार में प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के काफिले को पुलिस द्वारा जबरन रोकने, हथियार दिखाने और धमकी देने की घटना पर कड़ा रोष प्रकट किया है। अभिषेक कुरहावटा ने इसे प्रदेश के लोकतंत्र के लिए एक काला दिन बताते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन की इस कार्रवाई की घोर निंदा की है। युवा जेजेपी नेता ने कहा कि हिसार में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ जो व्यवहार किया गया, वह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजेपी सरकार अब सरेआम गुंडागर्दी पर उतर आई है। जब भी जननायक जनता पार्टी और हमारे नेता दुष्यंत चौटाला व दिग्विजय चौटाला आमजन या प्रदेश के लाखों छात्र-छात्राओं की जायज मांगों को लोकतांत्रिक तरीके से उठाते हैं, तो सरकार पुलिस के दम पर उन्हें दबाने का प्रयास करती है।

# अजय जोहर घोषित अपराधी, अदालत के आदेश पर एफआईआर दर्ज व संपत्ति कुर्की की प्रक्रिया शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर ।** गन्नौर की उपमंडल न्यायिक मजिस्ट्रेट ( एसडीजेएम ) मानसी गौर की अदालत ने राजबीर सिंह बनाम अजय जोहर मामले में अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी अजय जोहर को घोषित अपराधी (प्रोक्लेम्ड ऑफेंडर) करार दिया है। अदालत ने यह कदम तब उठाया जब आरोपी को कई बार पेश होने के लिए बुलाया गया, लेकिन वह निर्धारित समयावधि के भीतर उपस्थित नहीं हुआ।

अदालत ने अपने आदेश में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 (बीएनएसएस) के ने आरोपी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने के निर्देश थाना गन्नौर प्रभारी को दिए। इसके अतिरिक्त अदालत ने आरोपी की संपत्ति कुर्क करने के लिए धारा 83 के तहत प्रक्रिया शुरू करने के आदेश भी जारी किए हैं। इसके अलावा शिकायतकर्ता को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह आरोपी की चल-अचल संपत्ति का विवरण प्रस्तुत करे।

# रोडवेज बसों में जल्द शुरू होगी डिजिटल भुगतान सुविधा, सुझाव पर सरकार की पहल का स्वागत: मोर

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** हरियाणा रोडवेज की बसों में सफर करने वाले यात्रियों को जल्द ही टिकट भुगतान के लिए डिजिटल सुविधा मिलने जा रही है। सरकार ने बसों में यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) आधारित भुगतान प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है, जिससे यात्रियों को नकद भुगतान की झंझट से राहत मिलेगी। जागरूक नागरिक कर्नल अशोक मोर ने बताया कि सरकार ने इस सुझाव को सकारात्मक रूप से लेते हुए इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इस पहल का सुझाव 26 दिसंबर 2024 को सरकार



को सुझाव दिया था कि रोडवेज बसों में स्कैनर और यूपीआई जैसी आधुनिक तकनीक का उपयोग किया जाए, ताकि यात्रियों को प्रीपेड कार्ड रखने की अनिवार्यता से छुटकारा मिल सके और वे मोबाइल के माध्यम से सीधे भुगतान कर सकें। सरकार ने इस सुझाव को सकारात्मक रूप से लेते हुए इसे लागू करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग के अनुसार, इस सुविधा की शुरूआत पहले एक जिले में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में की जाएगी। इसके सफल रहने पर इसे चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश में लागू किया जाएगा। नई व्यवस्था लागू होने से यात्रियों को कई तरह की सुविधाएं मिलेंगी। नकद भुगतान पर निर्भरता कम होगी, छुट्टे पैसे की समस्या खत्म होगी और टिकट लेने की प्रक्रिया तेज व आसान हो जाएगी। इससे यात्रियों का समय भी बचेगा और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

# महिला संदिग्ध हालात में लापता, पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की तलाश

**गन्नौर।** गन्नौर के विश्वकर्मा नगर वार्ड-5 निवासी मन्नू ने थाना बड़ी में अपनी पत्नी सोनिया (38) के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार सोनिया शनिवार दोपहर करीब 12 बजे बिना किसी को बताए घर से निकल गई और देर शाम तक वापस नहीं लौटी, जिसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। परिजनों ने बताया कि सोनिया के दाहिने हाथ पर ह्यॐह्ण का निशान बना हुआ है । पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर महिला की तलाश शुरू कर दी।

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर गन्नौर में निकली भव्य सनातनी यात्रा

**सनातनी यात्रा**

– मुख्यातिथि कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा ने 5 लाख रुपये देने की घोषणा की

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर।** भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को गन्नौर में भव्य सनातनी यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन भगवान परशुराम आश्रम बड़ी रोड पर युवा परशुराम परिवार गन्नौर द्वारा किया गया, कार्यक्रम की शुरूआत हवन-यज्ञ से हुई, जिसके बाद शहर के



प्रमुख मार्गों से शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने शिरकत की। जबकि वीरेंद्र बडौली, नवीन जयहिंद, ऋषभ कौशिक, मोनू राठधाना, टोल मैनेजर सूरज , अंकित मुरथल सहित कई गणमान्य लोगों ने भी शिरकत की। डा. अरविंद शर्मा ने कहा कि भगवान परशुराम का जीवन हमें धर्म की रक्षा और अन्याय के खिलाफ डटकर खड़े होने का संदेश देता है। उन्होंने युवा परशुराम परिवार गन्नौर संस्था को 5 लाख रुपये देने की घोषणा की। कार्यक्रम की व्यवस्था में जस्सा पंडित, सतबीर शर्मा, सहित युवा सदस्यों ने सहयोग दिया।

# युवाओं को नशे से दूर रहकर खेलों की ओर बढ़ना चाहिए: सुनील सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**रादौर, 19 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :**

गांव धौलरा स्थित भगवान बलभद्र मेले में आयोजित कुश्ती दंगल का शुभारंभ समाजसेवी सुनील सैनी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने पहलवानों की हथ जोड़ी कराकर कुश्ती की शुरूआत करवाई और दंगल में पहुंचे खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। दंगल के उद्घाटन मौके पर सुनील सैनी ने कहा कि कुश्ती हरियाणा की पहचान और गौरवशाली परंपरा है, जिसे संजोकर रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

उन्होंने कहा कि आज के समय में युवाओं को नशे जैसी कुरीतियों से दूर रहकर खेलों की ओर रुख करना चाहिए, ताकि वे अपने स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हुए समाज और देश का नाम रोशन कर सकें।

उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाते हैं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना भी विकसित करते हैं।

कुश्ती जैसे पारंपरिक खेल युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ते हैं और उन्हें सही दिशा प्रदान करते हैं। इस दौरान सुनील सैनी ने अभिभावकों से भी अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को खेलों के लिए प्रेरित करें और उन्हें सकारात्मक माहौल प्रदान करें।

# संजय गाँधी पब्लिक स्कूल में भव्य यूरोलॉजी मेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**

**लाडवा, 19 अप्रैल (विजय कौशिक) :** नगर में स्वास्थ्य जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा में एक भव्य यूरोलॉजी मेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। संजय गांधी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा व अनेक शिक्षण संस्थाओं के प्रधान पवन गर्ग ने इस अवसर पर कहा कि वर्तमान समय की भागदौड़ भरी जीवनशैली में लोग अपने स्वास्थ्य को अक्सर नजरअंदाज कर देते हैं, जो आगे चलकर गंभीर बीमारियों का कारण बन



सकता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर ही जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है और नियमित स्वास्थ्य जांच से न केवल बीमारियों की समय रहते पहचान संभव है, बल्कि उनका प्रभावी उपचार भी किया जा सकता है। गर्ग ने बताया कि यह शिविर गुरु नानक गीता कैलाश मेमोरियल फाउंडेशन और संजय गांधी मेमोरियल सीनियर पब्लिक स्कूल, धनौरा-लाडवा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीजीआई चंडीगढ़ के यूरोलॉजी विभाग के प्रोफेसर एवं यूनिट-2 के प्रमुख विभाग अध्यक्ष डॉ. संतोष कुमार ने मुख्य अतिथि एवं विशेषज्ञ चिकित्सक के रूप में रहे। शिविर का शुभारंभ पारंपरिक तरीके से किया गया। जिसके बाद पवन गर्ग, रविंद्र बंसल, हरिंदर सिंघल, सरदार मनदीप सिंह तूर, रेखा गर्ग, एडवोकेट योधराज बंसल, सुनील गर्ग एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने डॉ. संतोष कुमार का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्रधान ने पदाधिकारी व प्रबंधन समिति के अन्य सदस्यों सहित डॉक्टर आशुतोष और डॉक्टर विक्रांत का भी हार्दिक स्वागत किया। गर्ग ने विशेष रूप से लाडवा में सेवाएं दे रहे डॉ अमृत गर्ग, राधा कृष्ण अस्पताल, लाडवा का भी हार्दिक स्वागत एवं धन्यवाद किया। डॉक्टर संतोष कुमार ने स्कूल यज्ञशाला में चल रहे हवन में पूर्णाहुति डाली। विक्रम शास्त्री द्वारा यज्ञ में आहुतियां डलवाई गई। डॉ संतोष कुमार ने अपनी टीम व पवन गर्ग, हरिंदर सिंघल, रविंद्र बंसल, सरदार मनदीप सिंह तूर, एडवोकेट योधराज बंसल, रेखा गर्ग, सुनील गर्ग और शहर के गणमान्य व्यक्तियों सहित श्री श्री 108 तुलसी नंद जी महाराज और शिक्षा प्रेमी, एम एल सी और तीन बार विधायक रहे तथा संजय गांधी मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के संस्थापक स्वर्गीय ओमप्रकाश गर्ग की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। अपने संबोधन में डॉ. संतोष कुमार ने कहा कि यूरोलॉजी से संबंधित समस्याएं आज के समय में तेजी से बढ़ रही हैं, लेकिन जागरूकता की कमी के कारण लोग समय पर इलाज नहीं करवा पाते।

# धार्मिक यात्रा पर जा रही श्रद्धालुओं की बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**गन्नौर।** श्री राधा कीर्तन मंडल द्वारा एक विशेष धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा के अंतर्गत श्रद्धालुओं को दिल्ली के विभिन्न प्रमुख धार्मिक स्थलों के दर्शन करवाने के लिए एक बस को भाजपा नेता अंकित मल्होत्रा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अंकित मल्होत्रा ने यात्रा पर निकल रहे श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और कहा कि धार्मिक यात्राएं व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे, सद्भाव और सांस्कृतिक



मूल्यों को मजबूत करते हैं। अंकित मल्होत्रा ने श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए अपनी ओर से यात्रा के दौरान भोजन एवं जलपान की व्यवस्था भी करवाई। श्रद्धालुओं ने इस व्यवस्था के लिए मल्होत्रा का आभार व्यक्त किया। अंकित मल्होत्रा ने श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिल्ली के विभिन्न धार्मिक स्थलों के दर्शन करने से उन्हें आध्यात्मिक शांति और मानसिक सुकून प्राप्त होगा। बस के रवाना होते समय श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# दरियापुर में लगभग 5.73 करोड़ की फिरनी रोड बनी, विकास की नई रफ्तार शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली सरकार में समाज कल्याण, एससी/एसटी/ओबीसी कल्याण मंत्री एवं बवाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह द्वारा आज दरियापुर कलां में लगभग 5.73 करोड़ की लागत से निर्मित महत्वपूर्ण फिरनी रोड का लोकार्पण किया गया। यह सड़क दादा मालदेव तालाब साइड से नांगल मोड़ रोड, बवाना तक बनाई गई है, जिससे क्षेत्र की कनेक्टिविटी को नई मजबूती मिली है।






यह परियोजना कैबिनेट मंत्री एवं बवाना विधानसभा क्षेत्र के विधायक रविन्द्र इन्द्राज सिंह के अथक प्रयासों से दिल्ली ग्राम विकास बोर्ड फंड के माध्यम से पूर्ण हुई, जिसमें सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, दिल्ली सरकार का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।
लगभग 20 वर्षों से लंबित यह परियोजना आज पूर्ण होकर क्षेत्रवासियों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बन गई है। लंबे समय से इस सड़क की मांग की जा रही थी, लेकिन पूर्व में इस दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हो सकी। अब इस निर्माण के साथ दरियापुर एवं आसपास के क्षेत्रों में विकास को नई गति मिली है। इस फिरनी रोड के बनने से अब हजारों लोगों को सुगम, सुरक्षित एवं तेज आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी। इससे यात्रा का समय कम होगा और यातायात व्यवस्था अधिक व्यवस्थित बनेगी। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्रों के बुनियादी ढांचे को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।
स्थानीय नागरिकों ने बताया कि दरियापुर और सुलतानपुर डबास जैसे गांव-देहात क्षेत्र लंबे समय से विकास की मुख्यधारा से पीछे थे। अब क्षेत्र में हो रहे कार्यों से लोगों को वास्तविक परिवर्तन दिखाई दे रहा है और जीवन स्तर में सुधार आ रहा है। ग्रामीणों ने मंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से गांव-देहात में विकास की नई उम्मीद जगी है और लोगों को पहली बार बुनियादी सुविधाओं का वास्तविक लाभ मिल रहा है।
इस अवसर पर रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने कहा कि गांव-देहात के विकास को लेकर उन्हें विशेष चिंता है और उनकी प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रों को हर आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराई जाए।
उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गांव-देहात के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है और भविष्य में भी इन क्षेत्रों के लिए और अधिक विकास कार्य किए जाएंगे।

# बेटियों की हार में लोकतंत्र की जीत कैसे हो सकती हैः रेखा गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रविवार को महिला आरक्षण विधेयक और संविधान संशोधन विधेयक को लेकर लोकसभा में हुए घटनाक्रम पर कड़ा असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों में संसद में जो देखने को मिला, वह बेहद अफसोसजनक है और यह देश की महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है।
आजादी के 78 वर्षों बाद भी देश की बेटियां अपने अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही हैं।
मुख्यमंत्री ने उन दलों पर निशाना साधा 'जो लड़की हूं, लड़ सकती हूं' का नारा देते रहे, लेकिन अब महिलाओं की इस लड़ाई से पीछे




हट गए और इसे लोकतंत्र की जीत बता रहे हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि बेटियों की हार में लोकतंत्र की जीत कैसे हो सकती है?
दीन दयाल उपाध्याय मार्ग स्थित दिल्ली भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पिछले 30 वर्षों से बार-बार संसद में आता रहा है, लेकिन हर बार किसी न किसी बहाने से उसे रोका गया।
कभी फाड़ा गया, कभी दबाया गया, कभी जलाया गया। इस बार भी विपक्ष ने जानबूझकर विभिन्न तर्क गढ़कर इसे पास नहीं होने दिया।
मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि 2023 में पारित विधेयक में साफ तौर पर लिखा है कि महिलाओं के लिए आरक्षण डिलिमिटेशन (परिसीमन) के बाद लागू होगा। ऐसे में आज उसी प्रावधान को लेकर विरोध करना विरोधाभासी है। जब 2023 में यही शर्त स्वीकार की गई थी तो आज विरोध किस बात का है?
विपक्ष द्वारा 543 सीटों के भीतर 33 प्रतिशत आरक्षण देने के तर्क पर प्रतिक्रिया देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि ऐसा किया जाए तो पहले यह स्पष्ट किया जाए कि कौन से पुरुष जनप्रतिनिधि अपनी सीट छोड़ने को तैयार हैं। केंद्र सरकार का प्रस्ताव एक 'विन-विन' समाधान था।
जिसमें सीटों की संख्या बढ़ाकर महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया जाता। साथ ही, किसी भी मौजूदा प्रतिनिधि का नुकसान नहीं होता।

# एनडीएमसीः'एक पेड़ माँ के नाम' के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली**। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत रविवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने लोधी रोड स्थित 'पालिका निवास' हाउसिंग कॉम्प्लेक्स में वृक्षारोपण अभियान का नेतृत्व किया।
इस कार्यक्रम की विशेष 'मातृ शक्ति' की व्यापक और उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। अभियान का आगाज चहल ने पालिका निवास स्थित बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ किया। मंदिर के



मुख्य पुजारी से आशीर्वाद लेने के बाद, उन्होंने स्थानीय निवासियों और आरडब्ल्यूए सदस्यों के साथ मिलकर परिसर में पौधे लगाए।
उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने कहा, "एक पेड़ माँ के नाम' केवल सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक भावनात्मक संकल्प है। यह हमें अपनी माता के सम्मान और धरती माता की रक्षा, दोनों के प्रति सजग बनाता है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने आज इस अभियान को और अधिक प्रेरणादायक बना दिया है।

# भक्ति के रंग में रंगा जहांगीरपुरी, भव्य राम कथा में उमड़ा जनसैलाब

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** राजधानी दिल्ली के जहांगीरपुरी इलाके का आई ब्लॉक इन दिनों पूरी तरह राममय हो गया है। क्षेत्र में आयोजित की जा रही 'श्रीराम कथा' न केवल स्थानीय निवासियों के लिए आकर्षण का केंद्र बनी हुई है, बल्कि इसकी भव्यता देखते ही बन रही है। कथा का आयोजन सेवा समर्पण चेरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान में किया जा रहा है।

**महाराज श्री के भजनों पर झूमे भक्त**

कथा के मुख्य वाचक शिवानंद राधे जी महाराज अपनी मधुर वाणी से प्रभु श्री राम की दिव्य लीलाओं का सजीव चित्रण कर







रहे हैं। कथा के दौरान उन्होंने राम जन्म, ताड़का वध के प्रसंगों को सुनाकर पाण्डाल में मौजूद भक्तों को भाव-विभोर कर दिया।
महाराज जी ने बताया कि राम का चरित्र केवल एक कथा नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक श्रेष्ठ कला है। पंडाल को फूलों और बिजली की झालरों से अत्यंत भव्य रूप में सजाया गया है। कार्यक्रम स्थल पर श्रद्धालुओं के बैठने और प्रसाद वितरण की सुचारू व्यवस्था की गई है।

**भक्तों की भारी उपस्थिति** कार्यक्रम के दौरान जहांगीरपुरी और आस-पास के इलाकों से भारी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण करने पहुँच रहे हैं। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा वातावरण गुंजायमान है। महिलाओं और बुजुर्गों में इस धार्मिक आयोजन को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आपको बतादें कि प्रभु श्री राम की कथा सुनने से मन को शांति मिलती है। यहाँ का अनुशासन और महाराज जी के बताने का ढंग बहुत ही सरल और प्रभावशाली है।

# नरेलाः निगम की सुस्ती और मिलीभगत से सड़कों पर 'कब्जा', जाम से जनता बेहाल

## लामपुर मोड़ पर फुटपाथ गायब, आधी सड़क तक दुकानदारों का सामान, एम्बुलेंस और स्कूली बसें भी फंस रहीं

**महेन्द्र सिंह/एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** नरेला विधानसभा क्षेत्र में नगर निगम और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्र का कोई भी वार्ड हो, हर जगह अतिक्रमण इस कदर फल-फूल रहा है कि पैदल चलने वालों के लिए फुटपाथ तो दूर, सड़कों पर गाड़ियों के निकलने की जगह भी नहीं बची है।
स्थानीय निवासियों का आरोप है कि यह सब निगम की कथित मिलीभगत और 'खानापूर्ति' वाली कार्रवाई के कारण हो रहा है।

**लामपुर मोड़ बना मुसीबत का केंद्र**

लामपुर मोड़ की स्थिति सबसे अधिक दयनीय है। यहाँ मुख्य सड़क पर दुकानदारों ने अपनी दुकानों का सामान फुटपाथ से आगे बढ़ाकर आधी सड़क तक फैला दिया है।
रही-सही कसर अवैध रेहड़ी-पटरी और बेतरतीब पार्किंग पूरी कर देते हैं।

**पीक आवर्स में बुरा हालः** सुबह 8 से 11 और शाम 5 से 9 बजे तक यहाँ स्थिति अनियंत्रित हो



जाती है।

**सफर का समयः** मात्र 3 किलोमीटर की दूरी तय करने में वाहन चालकों को 45 मिनट से एक घंटे तक का समय लग रहा है।

**आपातकालीन सेवाएं प्रभावितः** जाम के कारण स्कूली बसें रोजाना देरी से पहुँच रही हैं और कई बार जीवनदायिनी एम्बुलेंस भी घंटों फंसी रहती है।

**कार्रवाई के नाम पर सिर्फ 'खानापूर्ति'**

निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन केवल दिखावे के लिए अभियान चलाता है। इंद्रा कॉलोनी निवासी विजय पासी ने बताया कि निगम की टीम महीने में एक-दो बार आती है, 10-15 ठेले हटाकर चली जाती है। लेकिन अगले ही दिन फिर वही कब्जा हो जाता है। इस 'लुका-छिपी' के खेल में हम आम लोग पिस रहे हैं। हमारे बच्चों का स्कूल और ऑफिस सब लेट हो जाता है।"

**दुकानदारों में भी रोष**

हैरानी की बात यह है कि इस अतिक्रमण से ईमानदार दुकानदार भी परेशान हैं। कुछ व्यापारियों का कहना है कि मुट्ठी भर लोगों के लालच की वजह से पूरी मार्केट बदनाम हो रही है।

# जन्मदिन पर 'केक' नहीं, 'पेड़' लगाने की नई मिसाल, नरेला के युवा समाजसेवी का अनूठा संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** आज के आधुनिक दौर में जहाँ युवा अपने जन्मदिन पर महंगी पार्टियों और केक काटने में विश्वास रखते हैं, वहीं नरेला के एक युवा समाजसेवी हर्ष भारद्वाज ने समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है। हर्ष ने अपने 18वें जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए 'केक काटने' की परंपरा को छोड़कर 'पौधारोपण' का मार्ग चुना।

**जितनी उम्र, उतने पौधेः एक अनोखी पहल**

हर्ष भारद्वाज ने संकल्प लिया है कि वे अपनी आयु के प्रत्येक वर्ष के बराबर पौधे लगाएंगे। इस वर्ष18 वर्ष की आयु पूरी होने पर उन्होंने 18 पौधे लगाकर इस







अभियान की नींव रखी। हर्ष के इस विचार से प्रेरित होकर उनके संगठन 'भारत युवा एकता' के सदस्यों ने भी इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। संगठन के अन्य युवाओं ने भी प्रति सदस्य 30-30 पौधे लगाने का संकल्प लिया है।

**'केक हटाओ, पेड़ लगाओ' अभियान**

नरेला के बांकनेर स्थित दादा माई मंदिर से इस अभियान का विधिवत शुभारंभ किया गया। हर्ष भारद्वाज ने इसे 'केक हटाओ, पेड़ लगाओ' नाम दिया है। मेरा उद्देश्य केवल एक दिन पेड़ लगाना नहीं है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण के इस संदेश को हर युवा तक पहुँचाना है। हम इस अभियान को दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों में विस्तारित करेंगे।

**500 से अधिक पौधों का हुआ रोपण**

यह छोटा सा प्रयास अब एक बड़े अभियान का रूप ले चुका है। संगठन के माध्यम से अब तक 500 से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं और यह कार्य निरंतर जारी है। गौरतलब है कि हर्ष मात्र 16 वर्ष की आयु से ही समाज सेवा में सक्रिय हैं और राजनीति के माध्यम से देश सेवा का लक्ष्य रखते हैं।

**इन युवाओं का रहा विशेष सहयोग**

इस अभियान की सफलता में 'भारत युवा एकता' की नरेला और न्यू शिवपुरी इकाई के सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

**कार्यक्रम के दौरानः** अंकित खत्री (जनरल सेक्रेटरी), सागर (नरेला एरिया कोऑर्डिनेटर), राहुल बजाज (सदस्य), रोहित प्रजापति (समाजसेवी) सहित कई अन्य युवाओं ने पर्यावरण सुरक्षा की शपथ ली।

# गर्दन पर वसा का जमाव और कालापन है तो लिवर की जांच कराएं: डॉ.ममगाईं

**जागरूकता**

**अगर स्थिति ऐसी ही रही, तो साल 2050 तक विश्व में प्रभावित लोगों की संख्या 180 करोड़ हो सकती है**

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्रः** शराब या धूम्रपान ही नहीं,सुस्त जीवनशैली और खान-पान की बदलती आदतों से बढ़ते मोटापे के कारण दुनियाभर में जिगर (यकृत अथवा लिवर )की बीमारियों का खतरा तेजी से बढ़ रहा है। अगर स्थिति ऐसी ही रही, तो साल 2050 तक विश्व में प्रभावित लोगों की संख्या 180 करोड़ हो सकती है। यह जानकारी पूर्व सिविल सर्जन एवं लोकनायक जयप्रकाश जिला नागरिक अस्पताल के परामर्शक-फिजिशियन डॉ.शैलेंद्र ममगाईं शैली ने आज विश्व जिगर दिवस के अवसर पर अस्पताल परिसर में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में दी।

उन्होंने प्रसिद्ध 'द लेंसेट गैस्ट्रोएंटरोलॉजी एंड हेपेटोलॉजी जर्नल' में प्रकाशित एक अध्ययन के हवाले से बताया कि साल 2023 में दुनियाभर में लगभग 130 करोड़ लोग मेटाबॉलिक डिसफंक्शन-एसोसिएटेड स्टीयोटिक लिवर डिजीज (एमएएसएलडी) से पीड़ित थे। ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) 2023 के आंकड़ों पर आधारित इस अध्ययन के मुताबिक 1990 में 50 करोड़ लोग एमएएसएलडी से पीड़ित थे। इनमें 2023 तक 143 फीसदी की वृद्धि



देखी गई है। एमएएसएलडी को पहले नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) के नाम से जाना जाता था। यह ऐसी स्थिति है, जिसमें लिवर में जरूरत से ज्यादा चर्बी जमा हो जाती है,

**उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व सबसे अधिक प्रभावित**

अध्ययन के मुताबिक उत्तरी अफ्रीका और मध्य पूर्व जैसे क्षेत्रों में एमएसएलडी की दर अन्य क्षेत्रों की तुलना में काफी अधिक है।प्रभावित आबादी का बड़ा हिस्सा होने के कारण इन देशों में भविष्य में लिवर सिरोसिस और कैंसर जैसी बीमारियों के तेजी से बढ़ने की आशंका है। लेकिन इसका कारण शराब नहीं बल्कि शरीर के मेटाबॉलिज्म यानी चय-अपचय की गड़बड़ी होती है। यह बीमारी खासतौर पर मोटापा, डायबिटीज और असंतुलित जीवन-शैली से जुड़ी होती है।समस्या यह है कि यह लंबे समय तक बिना किसी स्पष्ट लक्षण के शरीर में विकसित होती रहती है, जिससे समय पर पहचान मुश्किल हो जाती है।

डॉ. शैली ने बताया कि महिलाओं की तुलना में पुरुष जिगर की बीमारियों की चपेट में ज्यादा आ रहे हैं। उम्र के लिहाज से बुजुर्गों, खासकर 80 से 84 वर्ष के लोगों में इसका जोखिम सबसे ज्यादा है। हालांकि, कुल मामलों की संख्या पर नजर डालें तो यह बीमारी अब केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं रही। पुरुषों में 35 से 39 वर्ष और महिलाओं में 55 से 59 वर्ष की उम्र के बीच इसके सबसे अधिक मामले सामने आ रहे हैं, जो इस बात का संकेत है कि यह बीमारी अब कामकाजी उम्र के लोगों को भी तेजी से प्रभावित कर रही है। जिगर की बीमारियों के उपचार की चर्चा करते हुए डॉ. ममगाईं ने बताया कि बचाव ही इसका सबसे प्रभावी उपाय है। खाना पूरी तरह चबाकर खाएं, ओवर-इटिंग न करें, माइंडफुल इटिंग करें, खाना खाने के 3 घंटे बाद ही किसी तरह की कसरत करें। उच्च फाइबर युक्त भोजन,फलियों, फल,सब्जियों, नट्स और सीड्स का सेवन करें।

इसके अलावा पेस्ट्री,केक, सफेद ब्रेड,पास्ता, सोडा, एनर्जी ड्रिंक और पैकेट वाले जूस आदि से परहेज करें, क्योंकि इसे पेट में सूजन हो सकती है। शुगर, मोटापा और गर्दन पर वसा का जमाव और कालापन है,तो लीवर की जरूर जांच कराएं।इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका स्वस्थ जीवन-शैली अपनाना है।

## चीका गवर्नमेंट स्कूल के विद्यार्थियों ने ली दहेज प्रथा के खिलाफ शपथ



**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** प्रातःकालीन सभा के दौरान गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल चीका के विद्यार्थियों और शिक्षकों ने सामूहिक रूप से दहेज प्रथा के विरुद्ध शपथ ली। यह कार्यक्रम विद्यालय के प्राचार्य मेधाव्रत के निर्देशन में आयोजित किया गया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में दहेज के कानूनी और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे अपने परिवार व समाज में बदलाव के दूत बनें। कक्षा छह से बारह तक के करीब तीन सौ विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों ने शपथ ग्रहण की। सभी ने न दहेज लेने और न देने का संकल्प लिया तथा किसी भी रूप में इसका विरोध करने का वायदा किया। शिक्षकगण भी विद्यार्थियों के साथ शपथ में शामिल हुए। प्रातःकालीन सभा का समापन दहेज निषेध अधिनियम 1961 पर जागरूकता वार्ता के साथ हुआ।

**न्यूज फ्लैश**

## एक गांव में विवाहिता को ससुरालियों ने दो दिन बंधक बनाकर रखा, न खाना दिया, न पानी, जबरन गर्भपात भी करवाया

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** यहां गुहला हलका के अन्तर्गत पडने वाले एक गांव में करीब 27 वर्षीय विवाहिता को दहेज की मांग करते हुए बुरी तरह पीटा गया। पति सहित ससुराल पक्ष के पांच लोगों ने उससे दहेज में 2 लाख रुपए लाने की मांग की। दो दिन तक कमरे में भूखा प्यासा बंद रखा। न खाना दिया और न ही पानी दिया। गर्भवती होने पर उसका गर्भपात करवा दिया। इस संबंध में पीड़िता ने सीवन थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर ससुराल पक्ष के पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। विवाहिता ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि फरवरी 2022 में उसकी शादी नसीब नामक युवक के साथ हुई थी। शादी में परिवार ने 20-25 लाख रुपए खर्च किए थे। शादी के कुछ समय बाद तक तो ससुराल के पक्ष के लोगों ने उसे ठीक-ठाक रखा, लेकिन बाद में उसे दहेज की लिए परेशान करना शुरू कर दिया। उसका पति उसे ताने मारने लगा कि वह कुछ नहीं लेकर आई है। आरोपी पति ने अपने भांजे को विदेश भेजने के लिए उस पर घर से 2 लाख रुपए लाने का दबाव बनाया। शिकायतकर्ता विवाहिता ने यह भी आरोप लगाया कि उसके पति के गांव की ही एक महिला के साथ अवैध संबंध हैं, जिस कारण उसका पति बार-बार उसे मारपीट करता था। शादी के बाद वह दो बार गर्भवती हुई, लेकिन ससुरालियों ने सलाह करके दोनों बार उसका गर्भपात करवा दिया। अब आरोपियों ने उसे डंडे व लाठियां से बुरी तरह पीटा और दो दिनों तक कमरे में बंद करके भूखा प्यासा रखा। बाद में उसे बेइज्जत करके घर से निकाल दिया। उसने पास की झुग्गियों में जाकर अपनी जान बचाई। शिकायतकर्ता ने आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस सम्बन्ध में थाने की जांच अधिकारी धनपति ने बताया कि पुलिस के पास शिकायत आई है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी।

## जिले में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्यः नरेश कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**



**कुरुक्षेत्र, :** जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक नरेश कुमार ने जिले वासियों से अपील की है कि घबराहट में ईंधन की अनावश्यक खरीदारी न करें। पर्याप्त भंडार उपलब्ध होने के कारण केवल आवश्यकता अनुसार ही खरीदारी करें, ताकि व्यवस्था सुचारू बनी रहे। जिला में एलपीजी गैस, पेट्रोल व डीजल आदि सभी पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति पूरी तरह से सामान्य है।
उन्होंने कहा कि ईंधन की कमी को लेकर अफवाह फैलाने, जमाखोरी या ब्लैक मार्केटिंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन द्वारा लगातार पेट्रोल पंपों व गैस एजेंसियों का निरीक्षण किया जा रहा है और सप्लाई चेन की निगरानी की जा रही है। घरेलू गैस सिलेंडर का व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर भी कार्रवाई होगी। गैस के मामले में आवश्यक सेवाओं को प्राथमिकता दी जा रही है।
उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए जिला में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। किसी भी समस्या के लिए 01744-294418 पर संपर्क कर सकते हैं।
उन्होंने बताया कि जिला में 3 कंपनियों की 27 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं। जिला में ईंधन की कोई कमी नहीं है और स्थिति पूरी तरह सामान्य है। उन्होंने कहा कि जिले में उपमंडल स्तर पर टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों ने 153 स्थानों पर छापेमारी की है।

## नशा रोकने के लिए मानस हेल्पलाइन नंबर 1933 पर दें जानकारी: विश्राम

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि ह्यनशा मुक्त भारत 2047ह्न अभियान के तहत केंद्र सरकार द्वारा नशीली दवाओं के दुरुपयोग और नार्कोटिक्स तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए अहम कदम उठाया गया है। इस दिशा में गृह मंत्रालय द्वारा नेशनल नारकोटिक्स हेल्पलाइन - 1933 संचालित किया जा रहा है। यह हेल्पलाइन नंबर 24 घंटे प्रतिदिन सक्रिय रहता है और नागरिकों को किसी भी समय नशीली दवाओं से संबंधित अपराधों की जानकारी साझा करने की सुविधा दे रहा है।
उन्होंने कहा कि नशे से संबंधित सूचना देने वाले व्यक्तियों की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी, जिससे लोग बिना किसी डर या संकोच के नशीली दवाओं के अवैध व्यापार से जुड़ी जानकारी साझा कर सकें। उन्होंने बताया कि यह पहल न केवल समाज में व्याप्त नशे की प्रवृत्ति को नियंत्रित करने में सहायक सिद्ध होगी, बल्कि इससे युवाओं को भी इस बुराई से बचाने में बल मिलेगा।
केंद्र सरकार का उद्देश्य वर्ष 2047 तक भारत को पूरी तरह से नशा मुक्त बनाना है और इस दिशा में जन-सहयोग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

## 1 किलो 900 ग्राम गांजा फूल पत्ती तथा 5 हजार ड्रगमनी बरामद

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** जिला पुलिस द्वारा एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के कुशल नेतृत्व में नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चौकी रामथली पुलिस द्वारा 2 नशा तस्करों को काबू किया गया, जिनके कब्जे से 1 किलो 900 ग्राम गांजा फूल पत्ती व 5 हजार ड्रगमनी बरामद की गई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एसआई राजबीर सिंह की टीम गश्त के दौरान गांव उरलाना क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई की खरकां निवासी अमरजीत राम गांजा फूल पत्ती बेचने का काम करता है, जिसको जिला जींद के गांव रेवर



निवासी टिंकू गांजा सप्लाई करता है। जो आज टिंकू अपनी गाड़ी में उरलाना घग्घर पुल के पास नशीला पदार्थ की डिलीवरी अमरजीत को देने आएगा। जिन्हे मौके पर दबिश देकर काबू किया जा सकता है। सूचना विश्वसनीय होने कारण पुलिस टीम द्वारा उक्त जगह दबिश दी गई। मौके पर एक लाल रंग की कार और एक मोटरसाइकिल के पास खड़े दो संदिग्ध व्यक्तियों को काबू किया गया। पूछताछ में उनकी पहचान अमरजीत राम व टिंकू उपरोक्त के रूप में हुई। पुलिस सूचना उपरांत मौके पर पहुंचे डीएसपी कुलदीप बेनीवाल के समक्ष ली गई तलाशी के दौरान अमरजीत राम के कब्जे से एक कट्टा प्लास्टिक में रखा 1 किलो 900 ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुआ। इसके अलावा आरोपी टिंकू के पास से 5000 रुपए की ड्रग मनी भी बरामद की गई। जो यह गांजा उपलब्ध करवाने पर अमरजीत द्वारा टिंकू को दी गई थी।
प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले भी आपस में नशीले पदार्थ की खरीद-फरोख्त कर चुके हैं और क्षेत्र में सप्लाई करते थे। इस बारे थाना गुहला में मामला दर्ज करके एएसआई महेंद्र द्वारा आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया तथा नशा तस्करी में प्रयुक्त गाड़ी व बाइक को भी जब्त कर लिया गया। आरोपियों से व्यापक पूछताछ की जा रही है।

## मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लोगों से वृक्ष बचाने व पौधे लगाने की अपील की

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** मदर्स प्राइड पब्लिक स्कूल चीका के छोटे-छोटे बच्चों ने लोगों को मोनो एक्टिंग के माध्यम से वृक्ष बचाने व पौधे लगाने की भावुक अपील की। बच्चों ने संकल्प लिया कि वह अपने जन्म दिवस पर पौधे लगाएंगे और उनकी रक्षा भी करेंगे। इस अवसर पर राजेश, सोनू, दलबीर, मान सिंह, सुमन, रेखा व सुनीता आदि बच्चों ने बताया कि हमें स्कूल में सिखाया जाता है कि पौधे लगाने से पर्यावरण संतुलित रहता है, जिसके चलते समय पर बारिश होती है। सामान्य गर्मी व ठंड



पड़ती है। फसलें अच्छी होती है और सबसे जरूरी यह है कि कोई बीमारी भी नहीं आती तथा मनुष्य व हर प्रकार के जीव जंतु तंदरुस्त रहते हैं। उन्होंने बताया कि यही बात हम आम जन तक पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पर्यावरण शुद्ध व संतुलित होना सभी के लिए महत्वपूर्ण है। इसके साथ-साथ सभी अध्यापकों प्रधानाचार्य व मैनेजमेंट ने भी अपने जन्म दिवस पर पौधारोपण करने और वृक्षों को संरक्षित करने का संकल्प लिया।

## 12 बोतल अवैध देसी शराब सहित युवक काबू

**रादौर, 19 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** जठलाना पुलिस ने एमटी करहेड़ा चौक के पास नाकाबंदी के दौरान एक युवक को 12 बोतल अवैध देसी शराब सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में एएसआई विक्रम सिंह ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति अवैध शराब बेचने का काम करता है और लाल छप्पर की ओर से पैदल शराब लेकर आ रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने करहेड़ा चौक पर नाकाबंदी की।

## यदि सरकार ने हड़ताल तोडने की कोशिश की तो इसके घातक परिणाम होंगेः अमर



**अग्निशमन**

**मकल केंद्र कार्यालय में अग्निशमन विभाग यूनियन के प्रधान अमर सिंह की अध्यक्षता में धरना दिया**

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर चल रही हड़ताल के 12वें दिन दमकल केंद्र कार्यालय में अग्निशमन विभाग यूनियन के प्रधान अमर सिंह की अध्यक्षता में धरना दिया व सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। हड़ताल में मंच का संचालन यूनियन सदस्य मलकियत सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रधान अमर सिंह ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की हड़ताल आज 12वें दिन में प्रवेश कर गई है, लेकिन हरियाणा सरकार के कान में जू तक नहीं रेंग रही। उन्होंने कहा कि गेहूं का सीजन है और कर्मचारियों की हड़ताल के कारण किसानों को भारी नुकसान हो रहा है क्योंकि आग लगने पर सरकार द्वारा अन ट्रेंड कर्मचारियों से आग बुझवाई जा रही है। उक्त कर्मचारी न केवल अन ट्रेंड हैं बल्कि लापरवाह भी है नतीजतन मौके पर जब तक वे पहुंचते हैं, तब तक काफी नुकसान हो चुका होता है।
उन्होंने कहा कि सरकार जितने मर्जी हथकंडे अपना ले परंतु जब तक फायर कर्मियों के 22 सूत्रीय मांग पत्र का समाधान नहीं होता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार हड़ताल को तोडने का प्रयास करेगी, तो हड़ताल को ओर तेज किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज अग्निशमन विभाग की राज्य कमेटी द्वारा प्रदेश व्यापी हड़ताल को आगामी तीन दिन 20/21/22 अप्रैल तक बढ़ा दिया गया है।

## पंजाब के चुनाव में 'आप' का हो जाएगा सफायाः रखड़ा

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** शिरोमणि अकाली दल (सद) के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री सुरजीत सिंह रखड़ा ने कहा है कि पंजाब में आने वाले समय में होने वाले विधानसभा चुनाव आम आदमी पार्टी का पूरी तरह से न केवल सफाया हो जाएगा अलबत्ता पार्टी के उम्मीदवारों की जमानतें भी जब्त होंगी। रखड़ा यहां एक निजी कार्यक्रम में भाग लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पंजाब में आज कोई विकास नहीं हो रहा है और लोग मान सरकार से बेहद नाराज



हैं। उन्होंने कहा कि लोग अब शिरोमणि अकाली दल में एक बार फिर दिलचस्पी ले रहे हैं और उनके द्वारा करवाए जा रहे जलसों में भीड़ उमडने लगी है, जबकि आप की सभाओं में कुर्सियां खाली पड़ी रहती हैं। उन्होंने कहा कि अकाली दल में सुधार लहर चल रही है और बड़ी संख्या में लोग उनकी पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि अकाली दल के नेता घर घर गांव गांव जा रहे हैं और लोगों को अपने साथ जोडने के लिए अपना पसीना बहा रहे हैं। रखड़ा ने कहा कि कार्यकताओं का संघर्ष रंग लाएगा और उनकी पार्टी पंजाब की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरेगी और जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरकर पंजाब में सरकार बनाएगी। इस अवसर पर उनके साथ राज कुमार जखोली व राजेश पिंटू भी मौजूद रहे।

## गाँव जलालपुर-1 के परशुराम मन्दिर में मनाया परशुराम जन्मोत्सव

**समालखा (संजय नरवाल)**
गाँव जलालपुर-1 के परशुराम मन्दिर में ग्रामवासियों ने लड्डू बाँटकर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया।सर्वप्रथम भगवान परशुराम जी की प्रतिमा को गंगा जल से स्नान करवाया गया।तत्पश्चात उपस्थित ब्राह्मणों ने मंत्रोच्चारण एवं पूजा अर्चना करके भगवान परशुराम को नव वस्त्र धारण करवाये।प्रमुख समाजसेवी एवं मुख्य जीवन बीमा सलाहकार आनन्द कुमार कौशिक ने भगवान परशुराम के चरणों में वन्दन किया। भगवान परशुराम सर्व समाज के आराध्य देव हैं।वे भगवान विष्णु के छठे अवतार हैं। उपस्थित युवाओं ने भगवान परशुराम के जयकारों का उद्घोष किया। पूर्व



सरपंच भाने राम शर्मा, पूर्व सरपंच रमेश शर्मा, नव नियुक्त प्रधान जयभगवान शर्मा, प्रवीन शर्मा, राकेश शर्मा पंच,भगत राम शास्त्री,रामबीर शास्त्री, पुजारी सत्यवान,धारा राम,एडवोकेट सतीश शर्मा, रोहित शर्मा,कार्तिक,राघव कौशिक,माधव कौशिक,मुकेश शर्मा, नरेश शर्मा,अजय शर्मा, पूर्व सैनिक भीम सिंह, सोमदत्त शर्मा,सुभाष धीमान, सौरभ, दीपक, संजय,सोनू शर्मा, रमेश आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## फर्जी दस्तावेजों से पैतृक जमीन हड़पने का आरोप, 20 लोगों पर केस दर्ज

**रादौर, 19 अप्रैल (कुलदीप सैनी) :** पैतृक जमीन को कथित रूप से फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपने नाम कराने के मामले में पुलिस ने अदालत के आदेश पर 20 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया है। इनमें कुलदीप, आशू रानी, कर्मप्रकाश, सुमन लता, प्रदीप सहित कुछ सरकारी अधिकारी, कर्मचारी व गवाह भी शामिल बताए गए हैं।
शिकायतकर्ता रादौर निवासी जोगिंद्र पाल गुप्ता, जो वर्तमान में सेक्टर-17 जगाधरी में रह रहे हैं, ने आरोप लगाया कि उनकी पैतृक संपत्ति, जो वर्ष 1996 में पारिवारिक समझौते के तहत विभाजित हुई थी, को आरोपितों ने आपसी मिलीभगत से हड़पने का प्रयास किया। उनके अनुसार, आरोपितों ने फर्जी ट्रांसफर डीड, प्रॉपर्टी आईडी व अन्य दस्तावेज तैयार कर जमीन को कई बार अलग-अलग नामों पर ट्रांसफर किया और बाद में टुकड़ों में बेच दिया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपितों ने फर्जी पहचान पत्र बनवाकर रजिस्ट्री करवाई तथा जेसीबी मशीनों के जरिए कब्जा करने की कोशिश की, जिसे समय रहते पुलिस को सूचना देने पर रोका गया। पुलिस ने अदालत के निर्देश पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के ठिकानों पर की गई सघन जांच

**प्रमोद भार्गव,**
**गुहला चीका।** नशा व शराब तस्करों की धरपकड़ व अन्य अपराधीक गतिविधियों पर अंकुश लगाने तथा अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के निदेर्शानुसार पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रविवार की सुबह एसएचओ गुहला पीएसआई शनेष, एसएचओ चीका एसआई प्रवीण कुमार, एसएचओ सीवन इंस्पेक्टर रमेश कुमार की अगुवाई में पुलिस टीम द्वारा गुहला, चीका व सीवन क्षेत्र में विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया। जिसके दौरान 10 पुलिस टीमों में शामिल



करीब 100 पुलिस कर्मचारियों द्वारा संदिग्ध नशा व शराब तस्करों के करीब 50 घर व अन्य ठिकानों पर सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान घरों की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छिपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो।
एसपी मनप्रीत सिंह सूदन ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों एवं नशा तस्करों में भय उत्पन्न करना है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने किया अखंड परमधाम गंगा घाट का लोकार्पण

**लोकार्पण**

**मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे योजना के अंतर्गत निर्मित अखंड परमधाम गंगा घाट का लोकार्पण भी किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** अक्षय तृतीया के अवसर पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार में आयोजित स्वामी परमानन्द गिरि महाराज की 71वीं संन्यास जयंती समारोह में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नमामि गंगे योजना के अंतर्गत निर्मित अखंड परमधाम गंगा घाट का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने देशभर से पधारे संत-महात्माओं और श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि यह आयोजन केवल एक घाट के उद्घाटन का नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, आस्था और आध्यात्मिक चेतना के निरंतर प्रवाह का प्रतीक है। उन्होंने स्वामी परमानन्द गिरि जी के जीवन को तप, त्याग और साधना का अद्वितीय उदाहरण बताते हुए कहा कि उनके विचार समाज को सेवा, करुणा और मानव कल्याण की दिशा में प्रेरित करते हैं। इस अवसर पर उन्होंने साध्वी ऋतंभरा के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र और सनातन संस्कृति के प्रति समर्पण का प्रेरणास्रोत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संतों का सानिध्य समाज को सही दिशा प्रदान करता है और आध्यात्मिक मूल्यों को सुदृढ़ करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की सनातन संस्कृति को वैश्विक स्तर पर नई पहचान मिली है। उन्होंने श्रीराम मंदिर निर्माण, केदारनाथ-बद्रीनाथ धाम पुनर्निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक जैसे कार्यों का उल्लेख करते हुए सांस्कृतिक धरोहरों के संरक्षण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके तहत केदारखंड एवं मानसखंड मंदिर क्षेत्रों का विकास, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर तथा यमुनातीर्थ स्थलों के पुनरुद्धार जैसे कार्य किए जा रहे हैं। साथ ही दून विश्वविद्यालय में ह्यसेंटर फॉर हिन्दू स्टडीजह्न की स्थापना भी की गई है। मुख्यमंत्री ने समान नागरिक संहिता लागू करने, धर्मांतरण विरोधी कानून तथा अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और जनसंख्या संतुलन की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध है।

उन्होंने चारधाम यात्रा के शुभारंभ का उल्लेख करते हुए बताया कि अक्षय तृतीया के दिन मां गंगा और मां यमुना के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। सरकार की प्राथमिकता यात्रा को सुरक्षित, सुगम और सुव्यवस्थित बनाना है, जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## महिला आरक्षण विधेयक पर सम्राट का विपक्ष पर हमला, बोले—नारी शक्ति के साथ हुआ धोखा

**आरक्षण**

**नारी शक्ति के आरक्षण का अपमान किया गया है और यह महिलाओं के साथ धोखा है: सीएम सम्राट**



**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने महिला आरक्षण विधेयक को लेकर विपक्षी दलों पर तीखा हमला बोला है। रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि नारी शक्ति के आरक्षण का अपमान किया गया है और यह महिलाओं के साथ धोखा है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और समाजवादी पार्टी (सपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि ये पार्टियां इस मुद्दे पर खुशी मनाती दिखीं, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने राहुल गांधी पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी बहन सांसद बन सकती हैं, लेकिन अन्य महिलाओं को अवसर देने में कांग्रेस की मंशा स्पष्ट नहीं है।
सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार विधानसभा में वर्तमान में केवल 29 महिला विधायक हैं, जबकि महिला आरक्षण पूरी तरह लागू होने पर यह संख्या बढ़कर 122 तक पहुंच सकती थी। उन्होंने इसे महिलाओं के अधिकारों और उनकी राजनीतिक भागीदारी से जुड़ा अहम मुद्दा बताया। उन्होंने पंचायत स्तर पर लागू 50 प्रतिशत आरक्षण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसके बावजूद करीब 59 प्रतिशत महिलाएं चुनाव जीत रही हैं, जो नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी और क्षमता को दर्शाता है।
उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी देशभर की महिलाओं के हित में काम कर रही है, जबकि कुछ दल परिवारवाद तक सीमित हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने अपने शासनकाल में कभी महिलाओं को आरक्षण नहीं दिया और अब जब इस दिशा में पहल हो रही है, तो वह इसका विरोध कर रही है। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर दलित और आदिवासी हितों की अनदेखी का भी आरोप लगाया।

## सरकार की बदनीयत की हार हुई है, परिसीमन बिल पास नहीं हो पाया: अखिलेश



**साधा निशाना**

**संसद में हार का सीधा मतलब होता है कि सरकार जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** सरकार की बदनीयत की हार हुई है, परिसीमन बिल पास नहीं हो पाया है। संसद में हार का सीधा मतलब होता है कि सरकार जनता की इच्छा का प्रतिनिधित्व नहीं कर रही है। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने संसद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास न होने को लेकर कही। अखिलेश यादव ने रविवार को राजधानी लखनऊ में पार्टी मुख्यालय पर पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपाई का सीएमएफ फॉमूर्ला (क्रिएट मिस्ट्रेस ऑफ फियर) अब पिट चुका है। भाजपाइयों का सामाज के बीच भय और अविश्वास पैदा करने का सामाजिक षडयंत्र अब और नहीं चलेगा। भाजपाई सोचते हैं कि समाज में जो महिलाएं पुरानी सोच की हैं उन्हें कम से कम अपने तरफ कर लें, क्योंकि जागरूक सोच वाली कोई नारी भाजपा को वोट देने वाली नहीं है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा इस बिल के माध्यम से महिलाओं की एकता में दरार डालकर उनको ठगना चाहती थी। भाजपा नारी को नारा बनाने की कोशिश कर रही थी। लेकिन विपक्ष ने उनके इस मंसूबे को धूल चटा दी। हम महिला बिल के विरोध में नहीं थे, बस भाजपा के शोषणकारी तरीके के खिलाफ थे, जिसकी मंशा खराब थी। उन्होंने कहा कि जब गिनती (जनगणना) ही गलत होगी तो आरक्षण कैसे सही होगा? उन्होंने कहा कि जब भाजपा जनगणना नहीं करा सकती, तो महिलाओं को आरक्षण कैसे देंगे? जब स्टूडेंड यूनियन तक के चुनाव नहीं होंगे तो राजनीत की नर्सरी ही खत्म हो जाएगी। हमारे पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं को राजनीत में आने से रोकने के लिए तरह-तरह के षडयंत्र किए जाते हैं।

## इंडी गठबंधन के पाप को नारी शक्ति कभी नहीं करेगी माफ: योगी आदित्यनाथ



**अक्षम्य पाप**

**इंडी गठबंधन द्वारा किया गया यह कृत्य न केवल नारी सम्मान के खिलाफ है, बल्कि अक्षम्य पाप है: सीएम**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संसद में नारी शक्ति वंदन अधिनियम संशोधन विधेयक पारित नहीं होने देने पर विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन द्वारा किया गया यह कृत्य न केवल नारी सम्मान के खिलाफ है, बल्कि अक्षम्य पाप है, जिसके लिए देश की नारी शक्ति उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। विधेयक गिरने के बाद विपक्षी दलों द्वारा जिस प्रकार जश्न मनाया गया और गैर-जिम्मेदाराना टिप्पणियां की गईं, उसने भारतीय इतिहास के उस पीड़ादायक प्रसंग की याद दिला दी, जब भरी सभा में द्रौपदी का चीरहरण हुआ था। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कांग्रेस और इंडी गठबंधन के कृत्यों के प्रति उत्तर प्रदेश की नारी शक्ति के मन में जो आक्रोश है, उस आक्रोश में पूरा एनडीए एकजुट होकर आधी आबादी के साथ खड़ा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सदन में वोटिंग के दौरान कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके का जो दृश्य रहा, वह दृश्य पूरी तरह से भरी सभा में 'द्रौपदी के चीरहरण' जैसा था। मुख्यमंत्री ने स्टेट गेस्ट हाउस कांड की याद दिलाते हुए कहा कि देख सपाई बिटिया घबराई। इंडी गठबंधन प्रोगेसिव सोच के खिलाफ है। ट्रिपल तलाक के खिलाफ बनाए गए कानून का भी कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, टीएमसी, डीएमके और इंडी गठबंधन के जितने भी अन्य सहयोगी हैं, इन सबने विरोध किया था। इंडी गठबंधन को आधी आबादी से माफी मांगनी चाहिए। योगी ने कहा कि समाजवादी पार्टी संविधान की दुहाई देती है लेकिन इनका आचरण बाबा साहेब की भावनाओं के प्रतिकूल है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी महिलाओं को अधिकार देना चाह रहे हैं लेकिन दुर्भाग्य है कि ये लोग बैरियर बने रहे। यह इनके दोहरे आचरण को प्रदर्शित करता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि संसद में विपक्ष के नारी-विरोधी आचरण के प्रति आधी आबादी के मन में भारी आक्रोश है। यह आक्रोश कांग्रेस और इंडी गठबंधन के सहयोगी दलों, समाजवादी पार्टी, आरजेडी, टीएमसी, डीएमके और अन्य उन दलों के प्रति है, जो इस पाप में भागीदार थे।

## बिहार में सड़क दुर्घटना पीड़ितों को मिलेगा 1.5 लाख तक का मुफ्त इलाज

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** बिहार को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से राज्य के उप-मुख्यमंत्री सह परिवहन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने रविवार को परिवहन विभाग की अहम समीक्षा बैठक की। बैठक में विभागीय कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनहितकारी बनाने पर विशेष जोर दिया गया। समीक्षा के दौरान उप-मुख्यमंत्री ने सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और घायलों को ह्यगोल्डन आवरह्न में त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बड़ा फैसला लिया। इस मौके पर परिवहन विभाग के अधिकारियों की ओर से बताया गया कि अब आपातकालीन ट्रॉमा सेंटरों में सड़क हादसा पीड़ितों को 1,50,000 रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान किया जाएगा। बैठक में विजय चौधरी ने कहा कि राजधानी पटना समेत राज्य के प्रमुख शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था को स्मार्ट और सुगम बनाने के लिए पीपीपी मॉडल पर इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा। इससे जहां ट्रैफिक जाम की समस्या कम होगी, वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों पर तकनीकी निगरानी भी रखी जा सकेगी।

## बंगाल के लोग इस बार ममता को सबक सिखाएंगे: नितिन

**रोड शो**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में एक रोड शो किया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**दक्षिण दिनाजपुर।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने दक्षिण दिनाजपुर जिले के बालुरघाट में एक रोड शो किया। वह बालुरघाट विधानसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार विद्युत कुमार रॉय के समर्थन में मंगलपुर चौराहे से थाना चौराहे तक रोड शो किया।
भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रदेश की सत्तारुढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में एक गठबंधन सक्रीय है, हम इसे 'एंटी-वुमन अलायंस' कहते हैं। जिससे महिलाओं को उनके अधिकार मिलते उस बिल को तृणमूल, कांग्रेस, डीएमके और समाजवादी पार्टी ने रोक दिया है। उन्होंने महिलाओं को उनके अधिकारों से दूर रखा है। पश्चिम बंगाल का हर इंसान महिलाओं के इस अपमान का बदला लेगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष सीमाओं के सीमांकन का बहाना दे रहे हैं, लेकिन वह सीमांकन उनके राज में हुआ था। उन्हें अपने ही कानूनों पर भरोसा नहीं है। एक महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद ममता दीदी ने महिला आरक्षण का विरोध किया है। पश्चिम बंगाल की महिलाएं उन्हें सबक सिखाएंगी। भविष्य में नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित होकर रहेगा।

## बापू टावर गांधी के स्थायी विरासत और प्रदर्शों का प्रमाण है: सम्राट



**व्यवस्था**

**दीर्घाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं आदि के संबंध में जानकारी ली**

**टीम एक्शन इंडिया**

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आज गर्दनीबाग में बापू टावर का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के भूतल, प्रथम, द्वितीय, तीसरा तल, चौथा एवं पांचवें तल पर जाकर विभिन्न दीर्घाओं में प्रदर्शों का अवलोकन किया और वहां की व्यवस्थाओं आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बापू टावर पहुँचकर वहां स्थापित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। भ्रमण के दौरान मुख्यमंत्री ने भूतल पर ही बनाये गये ओरियेंटेशन हॉल में टर्न टेबल थियेटर शो (रोटेटिंग पर्दे) का जायजा लिया। बापू टावर के विभिन्न तलों एवं निर्मित 5 रैम्पों के निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने मुख्यमंत्री को गांधी जी के जीवन से संबंधित सभी जानकारियां, म्यूरल, कटआउट, स्क्रीन प्रोजेक्टर आदि के माध्यम से प्रदर्शों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। भवन निर्माण विभाग के सचिव ने बताया कि बापू टावर में भ्रमण हेतु स्कूली बच्चे और ग्रुप में आनेवाले लोगों को निःशुल्क प्रवेश की अनुमति है। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान प्रेक्षागृह, प्रतीक्षा कक्ष, लाउंज, बापू के आदर्शों को आमजन में स्थापित करने हेतु कार्यों के प्रदर्शन के लिये दीर्घा, अनुसंधान केन्द्र, आगंतुक सुविधायें एवं अन्य संरचनाओं की जानकारी ली।
मुख्यमंत्री ने विभिन्न डिजिटलाइज्ड प्रदर्शों का भी अवलोकन किया। शिक्षा विभाग के द्वारा सभी विद्यालयों में वाचन हेतु तैयार किताब 'बापू की पाती' एवं 'मोहन से महात्मा' को भी डिजीटल रूप में बच्चों की सुलभ जानकारी हेतु प्रदर्शित किया गया है जिसका मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। मुख्यमंत्री ने बापू टावर के प्रदर्शों का अवलोकन करते हुये कहा कि गर्दनीबाग में बनाये गये बापू टावर महात्मा गांधी के स्थायी विरासत और प्रदर्शों का प्रमाण है। बापू टावर बहुत ही अच्छा बना है, यह लोगों के लिये दर्शनीय और उपयोगी है। बापू की जीवनी, उनके विचारों और उनके आदर्शों को नई पीढ़ी एवं देश के अन्य हिस्सों से आए लोग यहां आकर बेहतर ढंग से चीजों को जान सकेंगे। यहां बापू के जीवन से जुड़ी ऐतिहासिक घटनायें, गांधी जी के विचार, स्वतंत्रता संग्राम में उनकी भूमिका, बिहार से उनके लगाव तथा बापू के आदर्शों को बेहतर ढंग से रेखांकित कर प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया बापू

## रायगढ़ एसएसपी ने लौटाई 128 गुम मोबाइल

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायगढ़ ।** साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण और आम नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा को लेकर रायगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। आज रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ शशि मोहन सिंह ने रिकवर किए गए 128 मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों को सौंपे। बरामद मोबाइलों की कुल कीमत 25 लाख 60 हजार रुपये से अधिक है। रायगढ़ के साइबर पुलिस थाना ने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए इन मोबाइलों को न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि बिहार, कोलकाता और पड़ोसी जिलों जैसे कोरबा व



जांजगीर से भी ट्रैक कर वापस मंगाया है। इसके अतिरिक्त धरमजयगढ़, घरघोड़ा, पूंजीपथरा, तमनार, छाल और खरसिया क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में मोबाइल बरामद किए गए। बरामद फोन में वीवो, ओप्पो, वनप्लस, सैमसंग और मोटोरोला जैसे महंगे ब्रांड शामिल हैं। साइबर डीएसपी उन्नति ठाकुर ने बताया कि गुम मोबाइल की शिकायतों के निराकरण के लिए भारत सरकार के दूरसंचार विभाग द्वारा विकसित सीईआइआर पोर्टल का प्रभावी उपयोग किया जा रहा है।

## ओरछा के लिए पीएमश्री हेली सेवा के रूप में शुरू की गई है पुष्पक विमान सुविधा : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि ओरछा में राजा के रूप में विराजमान भगवान श्रीराम के दर्शन के लिए पीएमश्री हेली सेवा के रूप में पुष्पक विमान की सुविधा शुरू की है।
मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को राजधानी भोपाल के के स्टेट हैंगर से "पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा" के अंतर्गत नए सेक्टर 'भोपाल-चंदेरी-ओरछा' का शुभारंभ कर कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि परशुराम जयंती के मंगल अवसर पर पर्यटन की दिशा में आज मध्य प्रदेश ऐतिहासिक कदम बढ़ा रहा है। आज भोपाल-ओरछा और चंदेरी सेक्टर के लिए पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा का शुभारंभ हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज जिन दो शहरों के लिए सेवा की शुरूआत की गई है, दोनों ही प्रदेश के विरासत स्थल हैं। चंदेरी का संबंध भी श्रीराम और श्रीकृष्ण से ही है। चंदेरी, पौराणिक, आध्यात्मिक, ऐतिहासिक और पर्यटन नगरी के रूप में विख्यात है। मध्य प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे




एविएशन सेक्टर से महाराष्ट्र सहित कई राज्य प्रेरणा ले रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रियों को बोर्डिंग पास प्रदान किए और हेलीकॉप्टर को झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश में पर्यटन और धार्मिक यात्राओं को सुगम, सुरक्षित और आनंददायक बनाना हेली पर्यटन सेवा का उद्देश्य है। कार्यक्रम में नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला, भोपाल महापौर मालती राय तथा फ्लाई ओला के एस.राम ओला उपस्थित थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रद्धा, साहस, पुरुषार्थ, पराक्रम, ज्ञानशीलता, दानशीलता और उद्दात चरित्र के धनी भगवान परशुराम ने सदैव अन्याय के विरुद्ध संघर्ष किया। अपने साहस-पराक्रम और पुरुषार्थ के नए-नए कीर्तिमान स्थापित करने वाले भगवान परशुराम हर युग में हम सबको प्रेरणा देते रहेंगे। ऐसे दिव्य व्यक्तित्व की जयंती पर प्रदेश को पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा समर्पित की जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सभी वर्गों की सेवा के लिए समान रूप से कार्य कर रही है। इलाज के लिए जरूरतमंद लोगों को पीएमश्री एयर एंबुलेंस की सुविधा उपलब्ध कराने की पहल देश में सबसे पहले मध्य प्रदेश द्वारा ही आरंभ की गई है। मध्य प्रदेश का भौगोलिक क्षेत्र बहुत विस्तृत है, प्रदेश में धार्मिक, सांस्कृतिक, वाइल्ड लाइफ, पर्यटन की पर्याप्त संभावनाएं विद्यमान हैं।
प्रदेश में आवागमन की दृष्टि से हेली पर्यटन सेवा, पर्यटकों का समय बचाने और यात्रा की रोचकता को बढ़ाने में सहायक होगी। इससे प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों का विस्तार होगा, इन गतिविधियों के प्रोत्साहन से प्रदेश में आर्थिक गतिविधियों का भी स्वतः संचालन होता है और रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं।